नई दिल्ली
नई दिल्ली, बुधवार 11 सितंबर 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 23, अंक : 175
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 38.6
न्यून. 26.3

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 बृजेश यादव जीते, भारत की अच्छी शुरुआत



विचार पेज
08 विवेकानन्द का आह्वान




## खबर संक्षेप

### उर्मिला व कृपाशंकर ने छोड़ी कांग्रेस



**मुंबई।** फिल्मों से राजनीति में आई उर्मिला मातोंडकर ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। करीब छह माह पहले कांग्रेस में शामिल हुई उर्मिला ने 'पार्टी के भीतर की तुच्छ राजनीति' को कांग्रेस छोड़ने की वजह बताई। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर उत्तर मुंबई सीट से चुनाव भी लड़ा था, जिसमें उनकी हार हुई। वह इस साल मार्च में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। वहीं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कहा कि वह अनुच्छेद 370 को हटाये जाने का विरोध करने संबंधी पार्टी के रुख से सहमत नहीं है।

### शेहला को पांच नवंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने राजद्रोह मामले में जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट की नेता शेहला राशिद को पांच नवंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी है। शेहला के खिलाफ कश्मीर पर विवादास्पद ट्वीट को लेकर मामला दर्ज किया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार जैन ने शेहला को पांच नवम्बर तक राहत दी और उन्हें दिल्ली पुलिस द्वारा की जा रही जांच में शामिल होने के निर्देश दिये। न्यायाधीश ने शेहला को निर्देश दिये कि वह जांच अधिकारी द्वारा बुलाये जाने पर जांच में शामिल हों।

### सोपोर में लश्कर के आठ आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के बरामूला जिले के सोपोर से लश्कर-ए-तैयबा के आठ आतंकवादियों को पोस्टर चिपका कर स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने के लिए गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने सोपोर और आसपास के इलाकों में स्थानीय लोगों को डराने धमकाने वाले पोस्टर लगाने के लिए आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये पोस्टर कश्मीर के कुछ हिस्सों में लगाए गए हैं जिसमें 'नागरिक कर्फ्यू' की बात कही गई है और लोगों से 'सविनय अवज्ञा' करने को कहा है।

### गोल्डमैन सैक्स के वाइस प्रेजिडेंट अरेस्ट



**बेंगलुरु।** प्रतिष्ठित इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स के वाइस प्रेजिडेंट पर 38 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप लगा है। आरोपों के मुताबिक, कंपनी के इस अधिकारी ने किसी जूनियर की आईडी से लॉगिन करके ये पैसे उड़ा दिए। कर्नाटक के मराठाहल्ली की पुलिस ने 8 सितंबर को आरोपी अशवानी झुनझुनवाला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कस्टडी में ले लिया है। शुरुआती जांच में पचा चला है कि झुनझुनवाला ने ऑनलाइन पोकर में पैसा हारने के बाद यह फ्रॉड किया।

## यूएनएचआरसी में भारत ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

# कश्मीर हमारा आंतरिक मामला झूठ की फैक्ट्री चला रहा पाक

एजेंसी ⏭ जिनेवा

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के झूठे आरोपों का भारत ने करारा जवाब दिया। अपने पुराने रुख को दोहराते हुए भारत ने कहा कि कश्मीर हमारा आंतरिक मसला है और पाकिस्तान झूठ की फैक्ट्री चला रहा है। विदेश मंत्रालय की सेक्रेटरी (ईस्ट) विजय ठाकुर सिंह ने जिनेवा में यूएनएचआरसी में जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब कर दिया।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार घाटी में सामाजिक-आर्थिक और न्याय को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हालिया फैसलों की बदौलत विकास का सीधा फायदा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नागरिकों को मिलेगा। इससे लैंगिंक भेदभाव खत्म होगा, जुवेनाइल के अधिकार बेहतर होंगे और शिक्षा और सूचना के अधिकार भी लागू होंगे। उन्होंने कहा कि दिक्कतों के बावजूद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जरूरी सामानों की सप्लाई जारी रखी है और प्रतिबंधों में भी धीरे-धीरे छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत पर झूठे आरोप लगा रहा है। दुनिया जानती है कि झूठे आरोप ऐसे देश से आते हैं, जो खुद वैश्विक आतंकवाद का गढ़ है, जहां आतंकवादियों को पनाह मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान सर्वोपरि है, जो हर भारतीय को समान अधिकार का अधिकार देता है।



### भारत ने दिया दो टूक जवाब

भारत ने साफ तौर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना पूरी तरह आंतरिक फैसला है, जिस पर संसद ने मुहर लगाई है। कोई भी देश अपने आंतरिक मामले में दखलअंदाजी नहीं चाहेगा, भारत भी नहीं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद कश्मीर में पाक के इशारे पर अशांति न फैल सके, इसलिए प्रतिबंध लगाए गए हैं और स्थिति के हिसाब से इनमें अब ढील भी दी जा रही है।

### पाक विदेश मंत्री ने जम्मू-कश्मीर को 'भारतीय राज्य' बताया



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द किये जाने को लेकर भारत पर हमला बोलने के कुछ ही देर बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने जम्मू-कश्मीर को एक 'भारतीय राज्य' बताया। पाकिस्तान अब तक जम्मू-कश्मीर को 'भारत द्वारा प्रशासित कश्मीर' कहता रहा है। यूएनएचआरसी में अपने संबोधन के बाद कुरैशी ने संवाददाताओं को बताया कि भारत दुनिया को यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि जनजीवन सामान्य हो गया है। अगर जनजीवन सामान्य हो गया है तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया, गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों को भारतीय राज्य जम्मू कश्मीर में जाने और खुद हकीकत देखने की इजाजत क्यों नहीं दी।

### पाक ने फिर अलापा कश्मीर राग, यूएनएससी से लगाई गुहार

पाकिस्तान ने फिर से कश्मीर राग अलापते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से कहा है कि उसे क्षेत्र में तैनात अपने सैन्य निगरानी समूह को मजबूत करने के विकल्पों को तलाशना चाहिए। इसके अलावा, अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में स्थिति की करीबी निगरानी भी करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा पर सुरक्षा परिषद की चर्चा में यहां (संयुक्त राष्ट्र में) पाकिस्तान की दूत मलीहा लोधी ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को भारत द्वारा रद्द किये जाने का हवाला दिया।

### पाक के पूर्व विधायक ने भारत में मांगी शरण

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार से त्रस्त एक पूर्व विधायक बलदेव कुमार ने भारत से राजनीतिक शरण की मांग की है। खास बात ये है कि बलदेव सिंह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ के नेता हैं और पाकिस्तान के खैबर पख्तून ख्वा प्रांत के बारीकोट आरक्षित सीट से विधायक रहे हैं। बलदेव कुमार इस वक्त भारत के पंजाब राज्य के खन्ना में मौजूद हैं।

## वित्तमंत्री सीतारमण ने बतायी वजह

# ओला-उबर से ऑटो सेक्टर में आई सुस्ती!

एजेंसी ⏭ चेन्नई



■ लगातार दसवें महीने अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री हुई कम

ऑटो सेक्टर में 20 साल की सबसे बड़ी मंदी से गुजर रहा है। लगातार दसवें महीने अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री कम हुई है। वाहन निर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री एक साल पहले इसी माह की तुलना में 31.57 प्रतिशत घटकर 1,96,524 वाहन रह गई। ऑटो सेक्टर में आई मंदी के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ओला और उबर को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि उन्होंने माना कि ऑटो सेक्टर बुरे दौर से गुजर रहा है और इसका जल्द हल निकलना चाहिए। वित्त मंत्री ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य पर चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा ऑटो सेक्टर बीएस6 की और लोगों की सोच की वजह से ज्यादा प्रभावित है। अब लोग ओला उबर गाड़ी खरीदने की तुलना में ज्यादा पसंद कर रहे हैं। भारतीय आटोमोबाइल विनिर्माता सोसायटी (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2019 में घरेलू बाजार में कारों की बिक्री 41.09 प्रतिशत घटकर 1,15,957 कार रह गई जबकि एक साल पहले अगस्त में 1,96,847 कारें बिकी थी।

### 21 सालों में सबसे कम बिक्री

ज्ञात हो कि वर्तमान में ऑटो सेक्टर में मंदी की वजह से देश के वाहन उद्योग को पिछले 21 सालों में सबसे कम बिक्री का सामना करना पड़ रहा है।अगस्त में वाहनों की बिक्री में 23.55 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। ऐसी गिरावट इससे पहले साल 2000 के दिसंबर में देखने को मिली, जब बिक्री में 21.81 फीसदी की गिरावट आई थी।

### मारुति के चेयरमैन ने बताई थी यह वजह

मारुति के चेयरमैन आरसी भार्गव ने इस बात से इनकार किया था कि ओला, ऊबर की वजह से कारों की बिक्री पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इसके लिए सरकार की नीतियों को भी जिम्मेदार ठहराया। भार्गव ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की ऊंची टैक्स दर और रोड टैक्स की वजह से भी लोग कार खरीदने से कतराने लगे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि जीएसटी की कटौती से इसमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

## तबरेज अंसारी लिंचिंग मामला

# पुलिस ने 13 आरोपियों से हत्या की धारा हटाई

एजेंसी ⏭ सरायकेला



पुलिस ने झारखंड के सरायकेला-खरसावां में तबरेज अंसारी नाम के एक मुस्लिम युवक की मॉब लिंचिंग (भीड़ हत्या) मामले में सभी 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप हटा दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपियों के खिलाफ लगे हत्या के आरोप (आईपीसी की धारा 302) को धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) में तब्दील कर दिया गया है। सरायकेला खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक कार्तिक एस ने कहा कि हमने संबद्ध अधिकारियों की राय लेने के बाद आईपीसी की धारा 302 को 304 में तब्दील कर दिया है। संबद्ध अधिकारी भी तबरेज अंसारी की लिंचिंग(भीड़ हत्या) के चलते मौत होने के बारे में किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाए थे।

## दशहरे पर रिसीव करेंगे राजनाथ

# भारत को 2 हफ्ते देर से मिलेगा राफेल विमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल जल्द ही भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल होने वाला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल विमान को रिसीव करने के लिए खुद फ्रांस जाएंगे। पहले ये विमान भारत को 20 सितंबर को मिलने वाले थे, लेकिन अब इस तारीख को थोड़ा आगे बढ़ा दिया गया है। अब भारत को 8 अक्टूबर को राफेल विमान मिलेंगे। राजनाथ सिंह वायुसेना की एक टीम के साथ 8 अक्टूबर को फ्रांस जाएंगे। बता दें कि इसी दिन वायुसेना दिवस भी है तो वहीं इस बार 8 अक्टूबर को विजयादशमी भी पड़ रही है। ऐसे में भारत को मिलने वाले राफेल विमान की तारीख ऐतिहासिक होने जा रही है। बता दें कि विजयादशमी के दिन कई जगह शस्त्रों की पूजा की जाती है,ऐसे में भारत को इसी दिन उसका सबसे बड़ा हथियार मिलने वाला है।

## नमन...



नई दिल्ली में मंगलवार को पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली को श्रद्धांजली देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## निकाय निर्वाचित होते ही तुरंत हट जाएगी प्रशासकों की समिति

# सुप्रीम कोर्ट की सीएओ छोड़ेगी बीसीसीआई का कंट्रोल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ 22 अक्टूबर को कराए जा रहे हैं बीसीसीआई के चुनाव

■ राज्य एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के नाम 23 सितंबर तक बीसीसीआई को भेजे जाएंगे जो निर्वाचक मंडल बनेंगे

क्रिकेट का प्रशासन चलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई प्रशासकों की समिति (सीएओ) ने बीसीसीआई का प्रबंधन छोड़ने का फैसला किया है। सीएओ ने कहा कि जैसे ही बोर्ड के प्रबंधन के लिए निकाय निर्वाचित होगा, सीएओ क्रिकेट बोर्ड के कामकाज से तुरंत हट जाएगा।

सीएओ के सूत्रों के मुताबिक समिति के अध्यक्ष पूर्व सीएजी विनोद राय ने कहा है कि बीसीसीआई के चुनाव 22 अक्टूबर को कराए जा रहे हैं। राज्य की एसोसिएशन के चुनाव 14 सितंबर तक हो जाएंगे। राज्य एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के नाम 23 सितंबर तक बीसीसीआई को भेजे जाएंगे जो निर्वाचक मंडल बनेंगे। बीसीसीआई 30 सितंबर तक वोटर लिस्ट को अंतिम रूप दे देगा और 22 अक्टूबर को चुनाव हो जाएंगे। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट को भी सूचित कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा जैसे ही चुनाव संपन्न होंगे सीएओ तुरंत अपने पद से हट जाएंगे। निर्वाचित निकाय के ऊपर सीएओ एक मिनट भी नहीं रहेगा। गौरतलब है कि एक पीआईएल पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दो साल पहले बीसीसीआई के प्रबंधन को भंग कर उसे सीएओ को सौंप दिया था। तीन सदस्यीय सीएओ में पूर्व सीएजी विनोद राय, डायना एडुल्जी और लेफ्टिनेंट जनरल रवि ठोगड़े हैं।

कोर्ट ने चुनाव के लिए योग्यताएं निर्धारित की थीं और कहा था कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोग चुनाव नहीं लड़ सकेंगे और एक कार्यकाल के बाद दोबारा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। हाल ही में दिल्ली जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के चुनाव होने के बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस विक्रमजीत सेन ने एसोसिएशन का प्रबंधन तुरंत छोड़ दिया था। राज्य एसोसिएशनों के चुनाव तभी संभव हो सके थे जब एसोसिएशनों ने सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों को मान लिया था। कोर्ट ने कहा था कि जो एसोसिएशन दिशा निर्देश नहीं मानेंगे उन्हें बीसीसीआई खर्च के लिए धन जारी नहीं करेगा।

## गुजरात में मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव

# लोगों को दी राहत, 50 फीसदी तक घटाए चालान



■ नए परिवर्तन 16 सितंबर से होंगे लागू

**अहमदाबाद।** गुजरात की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने केंद्र सरकार के नए मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव किया है। गुजरात सरकार ने मोटर व्हीकल संशोधन अधिनियम में बदलाव करते हुए लोगों को थोड़ी राहत दी है। बदलाव को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने बताया कि राज्य में बिना हेलमेट पर 1000 रुपये की जगह 500 रुपये का जुर्माना होगा। इसके अलावा अब कार में बिना सीट बेल्ट 1000 रुपये की बजाय 500 रुपये का जुर्माना होगा। गुजरात सरकार ने यह फैसला आम लोगों को आ रही दिक्कतों को मद्देनजर लिया है। सरकार नए परिवर्तनों को 16 सितंबर को लागू करेगी। इस नए परिवर्तन के बाद दो पहिया वाहनों और कृषि संबंधित वाहनों के मालिकों को राहत मिलेगी।

# युवक ने दी पुलिस हेडक्वार्टर को उड़ाने की धमकी

## बिना आईकार्ड अंदर जाने से रोकने पर हुआ था पुलिसकर्मियों से झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में बिना आईकार्ड के अंदर जाने से रोकने पर एक युवक इस कदर आग बबूला हो गया कि उसने सुरक्षाकर्मियों को पीएचक्यू को उड़ाने की धमकी तक दे डाली। सूचना लोकल पुलिस को दी गई। लंबी पूछताछ के बाद युवक को बिना किसी केस दर्ज किये हिदायद देकर छोड़ दिया गया। युवक का नाम सरिता विहार



निवासी सिद्धार्थ सिन्हा बताया गया है। उसका कहना था कि वह अपनी एक शिकायत देने मुख्यालय पहुंचा था। सिद्धार्थ ने पुलिस को बताया कि उसके पिता एक हिन्दी दैनिक अखबार में काम करते थे। वर्ष 2017 में पिता संजय सिन्हा का देहांत हो गया था। मां गुरुग्राम में रहती है। वह मां से अलग सरिता विहार में रहता है। सिद्धार्थ ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अपनी एक शिकायत देने के लिए गया था। मगर उसे मेन गेट पर पुलिस स्टाफ ने आई कार्ड नहीं होने की वजह से रोक लिया। इसके बाद उसकी पुलिसकर्मियों से बहस हो गई थी। सिद्धार्थ ने थाने में यह नहीं बताया कि वह पीएचक्यू में क्या शिकायत देने के लिए गया था। पुलिस ने सिद्धार्थ को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। उसके खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की है। सूत्रों की मानें तो जब पुलिसकर्मियों ने आरोपी को गेट पर रोका तो उसने पीएचक्यू को ही उड़ाने की भी धमकी दे डाली थी। इसके बाद लोकल पुलिस को मौके पर बुलाया गया था।

# प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा था मौत के घाट

## समय पुर बादली की घटना : पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समय पुर बादली थाना इलाके में पुलिस ने युवक की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए उसकी पत्नी व पत्नी के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सागर (26) है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल रस्सी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि बादली थाना पुलिस को सोमवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि कॉलर के भाई को किसी ने मार दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि सोनू उर्फ झंडू (24) कमरें के फर्श पर मृत पड़ा हुआ है। उसके गले पर किसी चीज का निशान है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक अपनी बीबी और डेढ़ वर्षीय बेटी के साथ देर रात कमरे में सो रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी हत्या कर दी। आगे जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक की पत्नी इलाके में रहने वाले सागर से प्रेम करती है और वह उसके साथ भागना चाहती थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी को तुरंत हिरासत में ले लिया। सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बाद में पुलिस ने उसके प्रेमी सागर को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। वह भागकर शादी करना चाहते थे। आगे आरोपियों ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 2:30 बजे सागर, मृतक सोनू की पत्नी की मदद से छत के रास्ते से अदंर घर में दाखिल हुआ। बाद में उसने रस्सी से सोनू की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## किक बॉक्सिंग खिलाड़ी पर आठ माह बाद दर्ज हुआ केस

# 17 साल की खिलाड़ी के पेट में लात मारकर कैरियर किया बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में अभ्यास मैच के दौरान उसकी उम्र से बड़े खिलाड़ी ने 17 वर्षीय खिलाड़ी के पेट में ऐसी लात मारी की उसका कैरियर बबार्द हो गया। लड़की वुशू (किक बॉक्सिंग) खिलाड़ी है। लात लगते ही वह बेहोश हो गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नौ दिन बाद युवती को अस्पताल से छुट्टी मिली। छुट्टी मिलने के बाद लड़की खुश थी कि वह पहले की तरह खेल सकेगी, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बताया कि वह कभी इस खेल को दोबारा नही खेल पाएगी। अगर उसने ऐसा करने का प्रयास किया तो उसके शरीर को नुकसान हो सकता है। डॉक्टरों ने उसे बस बैडमिंटन खेलने के लिए कहा। उसने पिछले साल राज्य स्तर की एक प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी जीता था। लड़की के परिजनों ने इस मामले में आईपी इस्टेट थाने में शिकायत की तो वह मामले को



■ पिछले साल राज्य स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुकी है लड़की

टालमटोल करने लगे। करीब नौ माह तक लड़की के परिजनों ने थाने के चक्कर काटे। मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया गया तो सात सितंबर को इस पर कार्रवाई हुई और आरोपी खिलाड़ी पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में पुलिस अधिकारी मामले पर कुछ भी बोलने को तैयार नही है।

### हनी ने भाई से हुए झगड़े में कराया था बीच बचाव

हनी ने पुलिस को बातया कि घटना से पहले आरोपी सौरभ का झगड़ा उसके भाई आशीष से त्यागराज स्टेडियम में हुआ था। उसने दोनों में बीच-बचाव कराया दिया। इसी दौरान आरोपी ने उसे व उसके भाई को देख लेने की धमकी दी थी। आरोपी ने जब उसे लात मारी तो उसने मामले को गंभीरता से नहीं लिया था। चोट लगने के बाद उसे अहसास हुआ कि उसे जानबूझकर मारा गया है।

पुलिस के मुताबिक, हनी, दरियागंज इलाके में सपरिवार रहती है। वह केंद्रीय विद्यालय में 12वीं कक्षा की छात्रा है। हनी वुशू खिलाड़ी है और अपने अभ्यास के लिए वह आईजीआई स्टेडियम आती है। इसके पिता जय प्रकाश का ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। गत दो जनवरी को वह हमेशा की तरह अभ्यास के लिए आईजीआई स्टेडियम आई थी। इस दौरान

### थाने के काटते रहें चक्कर

पिता जय प्रकाश ने बताया कि बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए उन्होंने आईपी इस्टेट थाने के करीब 40 से 50 चक्कर लगाए थे। लेकिन पुलिस उनको गुमराह करती रही। उनका कहना है कि कोर्ट में मामला पहुंचने पर जज साहब के सामने जरूर पूछेंगे की पुलिस को इस संबंध में मामला दर्ज करने में इतना समय कैसे लगा।

कोच ने उसकी फाइट उसकी उम्र से बड़े खिलाड़ी सौरभ से करा दी। सौरभ और हनी के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद चला रहा था। हनी का आरोप है कि मैच के दौरान आरोपी ने उसके पेट में जानबूझकर लात मारी। इसके बाद वह बेहोश हो गई, जबकि यह सब खेल के नियमों में नही था। उसे तुरंत जख्मी हालत में एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां 11 जनवरी को उसकी अस्पताल से छुट्टी हुई।



### मकान का छज्जा गिरने से तीन बच्चे घायल

नई दिल्ली। खजूरी खास थाना इलाके में मोहर्रम के दिन बड़ा हादसा टल गया। मंगलवार को लोग मकान के छज्जों पर खड़े होकर तजिया निकलता देख रहे थे। इसी दौरान एक मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में तीन बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुंरत घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथिमक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।



शिया मुस्लिम समुदाए के लोगों ने ताजिये निकाल कर इमाम हुसैन की याद में मनाया मोहर्रम।

# अनिल दुजाना गैंग के शार्प शूटर समेत दो गिरफ्तार

## आरोपियों पर दर्ज है हत्या के मामले, एक बदमाश को कोर्ट ने किया हुआ था भगोड़ा घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ईस्ट जिला पुलिस ने अनिल दुजाना गैंग के शॉर्प शूटर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राहुल उर्फ जाट (26) और कुलदीप (25) है। दोनों आरोपी गांव सरीफाबाद, रामपुर, गाजियाबाद के रहने वाले है। पुलिस अधिकारी की माने तो दोनों आरोपियों पर हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के



कई मामले दर्ज हैं। आरोपी राहुल को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित भी किया हुआ था। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने बताया कि सोमवार को लक्ष्मी नगर इलाके में पुलिस की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को ललिता पार्क बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध युवक घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी राहुल ने अपने साथी अंकित गुर्जर, सुनील तंवर और विक्की उर्फ पहलवान ने वसूली की रकम न देने पर एक युवक को गोली मारी थी।

आरोपी राहुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर 2017 में जीटीबी एंक्लेव इलाके में साली के प्रेमी को ट्रक से कुचलकर मार दिया था। पुलिस ने इस मामले में उसे गिरफ्तार भी किया था। बाद में वह जमानत पर जेल से छुट गया। जनामत के बाद वह दोबारा कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। वहीं आरोपी ने अनिल दुजाना के इशारे पर गाजियाबाद के मदन स्वीट्स से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी, मना करने पर आरोपियों ने उसकी दुकान के बाहर गोलियां चला दी थी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# लग्जरी कार में शराब की तस्करी करने वाला धरा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। दक्षिणी-पूर्वी जिले के सरिता विहार इलाके में मंगलवार सुबह करीब सवा छह बजे पीसीआर कर्मियों द्वारा एक लग्जरी कार से अवैध शराब जब्त की गई। जांच में कार भी चोरी की मिली। शराब तस्कर को कई किलोमीटर पीछा कर पकड़ा गया। एडिशनल डीसीपी शंकर चौधरी के अनुसार एमपीवी स्टाफ पेट्रोलिंग पर था। एएसआई राजबीर शर्मा और एएसआई (ड्राइवर) जाकिर ने आली गांव एरिया में बदरपुर बॉर्डर की तरफ से आती एक संदिग्ध होंडा सिटी कार देखी। पीसीआर स्टाफ ने कार रोकने का इशारा किया लेकिन चालक ने रूकने के बजाय स्पीड तेज कर दी। पीसीआर की गाड़ी ने होंडा सिटी कार का पीछा किया और वायरलैस पर मैसेज फ्लैश किया। इसी दौरान दूसरी पीसीआर भी कार के पीछे लग गई। कई किलोमीटर पीछा करने के बाद मथुरा रोड पर मेट्रो

■ पीसीआर ने कई किलोमीटर पीछा कर पकड़ी शराब

पिलर नंबर 292 के नजदीक कार को रूकवा लिया गया। कार चालक ने अपना नाम मोहित शर्मा बताया। वह पाली गांव, दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, यूपी का रहने वाला था। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 14 पेटी देशी विस्की संतरा और चार पेटी देशी विस्की इम्पेक्ट बरामद हुई। इनमें कुल 864 क्वार्टर बरामद हुये। जांच में पता चला कि कार की वसंत विहार नॉर्थ थाना एरिया से चोरी की शिकायत दर्ज थी। पूछताछ में पता चला कि शराब तस्कर ने ही कार चोरी की कंप्लेंट की थी। शराब तस्करी के संबंध में सरिता विहार थाने में केस दर्ज किया गया। इसके अलावा पीसीआर ने तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी अलग-अलग इलाकों से बरामद किये हैं।

# महिला और नेपाली युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी-पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी में मंगलवार दोपहर किराये पर रह रहे नेपाली मूल के युवक की खून से लथपथ लाश बरामद की गई। मृतक का नाम सुनील तमांग (28) बताया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भेज दिया है। पुलिस के अनुसार युवक की गर्दन काटकर हत्या की गई थी। उधर डाबड़ी इलाके के पालम नाले से भी एक महिला का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। आशंका है कि महिला की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए नाले में फेंका गया है। मृतका की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार अमर कॉलोनी के 1/62, ओल्ड, डबल स्टोरी लाजपत नगर फेज-4 के मालिक ए के दत्ता ने पुलिस को वारदात



की सूचना थी। दत्ता जलबोर्ड में कार्यरत बताये जाते है। सुनील तमांग उनके घर की तीसरी मंजिल पर किराये पर कमरा लेकर रहता था। लगभग एक साल से उसके साथ लड़की भी रहती थी। सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे सुनील की रूम पार्टनर ग्रेटर नोएडा में अपने दोस्त से मिलने गई थी। वह मंगलवार दोपहर करीब दो बजे कमरे पर पहुंची। उसे दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखने पर सुनील खून से लथपथ मृत पड़ा था। उसने मकान मालिक को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। सुनील की गर्दन पर पिछली तरफ गहरा कट का निशान मिला है। पुलिस युवक के फोन कॉल रिकॉर्ड से पता लगाने की कोशिश कर रही है युवक किन-किन लोगों के संपर्क में था। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल के

■ अमर कॉलोनी में युवक की गर्दन काटकर हत्या

■ डाबडी इलाके के नाले में हत्या के बाद फेंका महिला का शव बरामद

अनुसार मृतक युवक की मां कुल्लू हिमाचल प्रदेश की रहने वाली है। उधर मंगलवार सुबह करीब 11 बजे डाबडी पुलिस को नाले में शव होने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार शव की हालत देखते हुए लग रहा है कि शव करीब तीन दिन पुराना है। पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के इलाके व तमाम थानों से संपर्क कर गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। नाले के आसपास घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी इकट्ठा की जा रही है।

## दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला

**नई दिल्ली।** तिलक मार्ग इलाके में भैरो मंदिर के पास दो युवकों पर धारदार हथियार से हमले का मामला सामने आया है। वारदात रविवार रात की है। इस घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार नरेश (30) पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर छोटा मोटा कार्य करता है। वह हर रविवार तिलक मार्ग एरिया में भैरो मार्ग, शिल्प कला केंद्र के सामने भैरो मंदिर में प्रसाद लेने के जाता है। रविवार रात वह प्रसाद लेने के बाद मंदिर के बाहर फुटपाथ पर बैठा था। उसके साथ राजू नामक युवक भी था। इसी बीच वहां पर तीन चार युवक पहुंचे। उन्होंने नरेश से प्रसाद मांगा। उसने प्रसाद देने से मना कर दिया तो सभी मारपीट करने लगे। राजू ने उसे बचाने की कोशिश की तो उक्त युवकों में से एक ने राजू के माथे पर किसी धारदार हथियार से वार कर दिया।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने इस्लाम (28) नाम के शख्स को देशी कट्टे और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 15 स्मार्ट मोबाइल फोन और एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। आरोपी हत्या, दंगे, हत्या के प्रयास, सरकारी व्यक्ति पर हमला, डकैती की तैयारी, आर्म्स एक्ट और झपटमारी के मामलों में शामिल रह चुका है। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने झपटमारी व चोरी के 15 केस सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि आरोपी बाइक के अलावा स्कूटी से भी झपटमारी की वारदात को अंजाम देता था।

## डीआरडीओ में खुद को गोली मारकर सुरक्षाकर्मी ने दी जान

नई दिल्ली। सिविल लाईंस स्थित डीआरडीओ के डिफेंस सिक्योरिटी कोर परिसर में तैनात मंगलवार सुबह एक सुरक्षाकर्मी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम हरजीत सिंह (51) है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। डीसीपी (नॉर्थ) मोनिका भारद्वाज ने बताया कि हरजीत सिंह सिक्योरिटी ऑफिस में तैनात थे। शुरूआती जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरजीत मंगलवार तड़के दो बजे से सुबह चार बजे तक ड्यूटी पर थे। ड्यूटी खत्म होने पर वर अपने बैरक में चले गए। सुबह करीब 10 बजे वह राइफल वापस करने के लिए कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक पार्क में दीवार के सहारे बैठ खुद को गोली मार ली।

## पीठ में दर्द होने पर माता-पिता नहीं समझ सके दर्द का कारण, एक्स-रे से हुआ खुलासा

# एम्स के डॉक्टरों ने लड़की की पीठ से निकाली सूई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एम्स में डॉक्टरों ने 10 वर्षीय एक लड़की की पीठ से दो इंच लंबी सूई सफलतापूर्वक निकाल ली। लड़की की मां ने घर के बिस्तर पर यह सूई छोड़ दी थी, जो लड़की के शरीर में घुस गई। लड़की ने घरवालों से शिकायत की कि उसकी पीठ में कुछ चुभ गया है क्योंकि उसे तेज दर्द महसूस हो रहा है लेकिन उसके माता-पिता इसकी वजह समझ नहीं सके।

एम्स में बच्चों की सर्जन डॉ. शिल्पा शर्मा ने कहा कि लड़की को पास के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय ले जाया गया



जहां उसका एक्स-रे किया गया। एक्स-रे में बच्ची की पीठ में सूई धंसी हुई नजर आई। डॉक्टर ने कहा कि वहां सूई को निकालने के लिये सर्जरी की गई लेकिन दुर्भाग्य से ऑपरेशन के दौरान सूई नहीं ढूंढी जा सकी। दर्द और बढ़ने पर लड़की को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। शर्मा ने बताया कि एक्सरे के दौरान पीठ की मांसपेशी में सूई नजर आई।

हमने इंतजार करने का फैसला किया जिससे यह आसपास के ऊतकों के साथ जम जाए और सर्जरी के दौरान ज्यादा इधर-उधर न हो। उन्होंने कहा कि हमने दो हफ्तों तक इंतजार किया और इस दौरान बच्ची को लगातार निगरानी में रखा गया जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सूई वहीं बनी हुई है और शरीर के किसी दूसरे अहम हिस्से या नस में न चली जाए। यह रीढ़ की नली के बेहद करीब थी लेकिन संयोग से कोई नुकसान नहीं हुआ। बच्ची को रेडिएशन के खतरे से बचाने के लिये बार-बार एक्सरे के बजाए उसका अल्ट्रासाउंड किया गया। शर्मा ने कहा कि 30 अगस्त को लड़की का ऑपरेशन किया गया।

सूई उसके शरीर में एक इंच से ज्यादा गहरी धंसी हुई थी। ऑपरेशन से जुड़े न्यूरोएनेस्थेटिस्ट डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सूई को बेहद धीरे-धीरे निकाल लिया गया। बच्ची को कोई परेशानी नहीं हुई और कुछ घंटों बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्ची अब ठीक है और अपनी दैनिक गतिविधियों को आराम से पूरा कर रही है।

## गैस कटर से एटीएम काटकर उड़ाये दो लाख 44 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। ज्योति नगर थाना इलाके में बदमाशों ने गैस कटर की मदद से एक्सिस बैंक के एटीएम को काट दिया। बाद में बदमाश एटीएम में रखे दो लाख 44 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी छेड़छाड़ की। घटना 26 अगस्त की है। एटीएम का रख रखाव करने वाली निजी कंपनी के अधिकारी देवेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, ज्योति नगर इलाके में ए-490, मेन 20-फुटा रोड, मीत नगर में एक मकान के बाहर एक्सिस बैंक का एटीएम लगा हुआ है। एटीएम की देखरेख का जिम्मा हिटेची पेमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के पास है। गत 26 अगस्त को कंपनी के कर्मचारी एटीएम में कैश डालने गए तो उन्होंने देखा कि एटीएम गैस कटर की मदद से काटा हुआ है। उसमें रखे करीब दो लाख 44 हजार रुपये गायब है। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## सितंबर में अब तक डेंगू के 30 मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सितंबर के पहले सप्ताह में मलेरिया के करीब 50 मामले दर्ज किये गए। इसके साथ ही इस साल अब तक इस बीमारी से पीड़ित लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 200 से अधिक पहुंच गई है। नगर निगम की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक सात सितंबर तक डेंगू के कुल 122 मामले सामने आए, जिसमें से 30 मामले इस महीने और 52 मामले अगस्त में दर्ज किये गए। मलेरिया के 202 मामलों में 48 मामले सितंबर में दर्ज किये गए। अगस्त में 56, जुलाई में 54, जून में 35, मई में आठ और अप्रैल में सिर्फ एक मामला सामने आया। चिकनगुनिया के 40 मामले सामने आए हैं। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने पिछले साल डेंगू के 2,798 मामले और चार मौतें दर्ज की थी। दिल्ली सरकार और स्थानीय निकाय, आम लोगों को जागरुक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनके आसपास मच्छर नहीं पनप सकें।

### उपमुख्यमंत्री बोले- जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों में छात्रों की मदद करेगा बोर्ड

# जल्दी ही दिल्ली का होगा अपना शिक्षा बोर्ड: सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जल्द ही दिल्ली का अपना शिक्षा बोर्ड होगा लेकिन वह सीबीएसई का स्थान नहीं लेगा, बल्कि यह अगली पीढ़ी का बोर्ड होगा जो जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों में छात्रों की मदद करेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बोर्ड को ऐसे रूप में देखती है जो वर्तमान हालात का निदान होगा। वर्तमान में छात्र स्कूलों की मदद से बोर्ड परीक्षाओं की तैयार करते हैं, लेकिन उन्हें इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा पास करने के लिए कोचिंग सेंटरों का सहारा लेना पड़ता है। सिसोदिया ने कहा कि यह विडंबना है कि लेकिन मैं इसे वरदान के रूप में देखता हूं कि दिल्ली में कोई शिक्षा बोर्ड नहीं है। हम दिल्ली को अपना शिक्षा बोर्ड देने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने 2015 में इसके बारे में सोचना शुरू किया और उस पर काम करना भी शुरू कर दिया। लेकिन जब हमने इमारतों की हालत देखी और कक्षाओं में शिक्षण के माहौल को महसूस किया तो हमें लगा कि नया बोर्ड बनाने के बजाए पहले ढांचागत सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का अपना शिक्षा बोर्ड बनाने का वक्त आ गया है। सिसोदिया ने कहा कि सरकार इस पर काम कर रही है। यह सीबीएसई का स्थान नहीं लेगा बल्कि नई पीढ़ी का बोर्ड होगा। यह बोर्ड और इसका पाठ्यक्रम कैसा होगा इसके बारे में उन्होंने कहा कि अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग ग्रेड देने की योजना है।

## वर्ष 2010 से अब तक 4478 अधिवक्ता अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे

■ दिल्ली बार काउंसिल ने किया सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया है कि 2010 से 4,778 अधिवक्ता अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे हैं। दिल्ली बार काउंसिल ने अखिल भारतीय बार परीक्षा में असफल रहे व्यक्तियों की सूची सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के पास भेजी है। इसके अलावा, यह सूची सभी न्यायाधिकरणों और दिल्ली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पास भी भेजी गई है। दिल्ली बार काउंसिल ने इस संबंध में 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के प्राधिकारियों को पत्र लिखकर इस तथ्य से अवगत कराया है और उनसे अनुरोध किया है कि इन अधिवक्ताओं को वकालत करने की अनुमति नहीं दी जाये। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के 2010 के नियमों के अनुसार कानून की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को वकालत करने के लिये अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के 12 अप्रैल, 2013 के एक परिपत्र के अनुसार अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने वाले व्यक्ति इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने तक वकील नहीं रह सकते हैं और वे किसी भी अदालत में न तो पेश हो सकते है और न ही बार के चुनावों में हिस्सा ले सकते हैं।

## छात्रों ने कहा: रोमिला थापर का बायोडाटा मांगे जाने से आहत हैं

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इतिहास के छात्र-छात्राओं ने कहा है कि वे इतिहासकार रोमिला थापर से बायो डाटा मांगने के प्रशासन के कदम से 'आहत' हैं। उन्होंने कहा कि थापर का विवि में होना जेएनयू के लिए प्रतिष्ठा की बात है। पीएचडी छात्र नयन धवल ने कहा कि विश्वविद्यालय में रोमिला थापर का होना जेएनयू के लिए प्रतिष्ठा की बात है। उन्होंने प्राचीन इतिहास में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि थापर से बायो डाटा मांगना महात्मा गांधी से भारत के लिए उनके योगदान के बारे में पूछने जैसा है।

# डूसू चुनाव: पीजी-हॉस्टलों में किया प्रचार

## प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, मतदान कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए 12 सितंबर को मतदान होगा। इसके लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) दोनों छात्र संगठनों के प्रत्याशियों ने मंगलवार को अवकाश के चलते डीयू के छात्रों तक पंहुचने का सोशल मीडिया पर अभियान चलाया व पीजी-हॉस्टलों में भी पंहुचे। एबीवीपी ने मंगलवार को डूसू चुनाव के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर व्यापक अभियान शुरू कर दिया दिया है, डूसू अध्यक्ष पद प्रत्याशी अक्षित दहिया, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप तंवर, सचिव पद पर प्रत्याशी योगित राठी तथा सह सचिव पद पर प्रत्याशी शिवांगी खरवाल ने अपने सोशल मीडिया हैंडलों तथा एबीवीपी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से छात्रों को लाइव वीडियो, पोस्टर आदि के माध्यम से अपना एजेंडा रख रहे हैं। एबीवीपी से डूसू चुनाव में प्रत्याशियों ने अवकाश होने की वजह से डीयू के छात्रों के बीच उनके हॉस्टलों तथा पीजी में जाकर मुलाकात की तथा उन्हें एबीवीपी को वोट करने की अपील की। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि हम संगठनात्मक स्तर से लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि डीयू में कम से कम पेपर चुनाव में यूज हूं, हमने इस चुनाव में एक व्यापक सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जिससे हम हजारों छात्रों तक व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्रों तक पहुंच पाए, हमने अपना एजेंडा रखा। वहीं, शाम को एक पदयात्रा भी की गई।

### छात्रों से वोट की अपील

वहीं, एनएसयूआई के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज नीरज मिश्रा ने बताया कि अवकाश के चलते डूसू चुनाव प्रचार को लेकर प्रत्याशियों ने पीजी हॉस्टलों में जाकर छात्रों से वोट की अपील के लिए संपर्क किया।

## शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए कक्ष बनाने की नीति तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि उसने सार्वजनिक स्थलों पर शिशुओं को स्तनपान कराने और उनके डायपर बदलने के लिये कक्ष बनाने पर एक मसौदा नीति तैयार की है और लोगों के सुझाव आमंत्रित करने के लिये दस्तावेज को सार्वजनिक पटल पर रखने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। कोर्ट को सूचित किया गया कि दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने मसौदा नीति तैयार की है और जिसे भू-स्वामित्व वाले विभागों और सार्वजनिक कार्यों से जुड़े विभागों में जुलाई में बांटा गया है जिससे वो उस पर अपनी टिप्पणी दे सकें। कोर्ट एक महिला और उसके नवजात की तरफ से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें सार्वजनिक स्थलों पर स्तनपान कराने के लिये सुविधाएं बनाने जाने की मांग की गई थी जिससे लोगों की गलत नजर से बचा जा सके।

# छह माह में 3 नए अस्पताल होंगे शुरू: जैन

## स्वास्थ्य मंत्री ने सीएम केजरीवाल को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ अस्पतालों की क्षमता में होगा 120 फीसदी का इजाफा

दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रयास से सरकारी अस्पतालों की क्षमता में 120 फीसदी का इजाफा करेगी। इसमें कई नए अस्पताल बनेंगे और पुराने अस्पतालों का विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए सरकारी कार्यक्रमों की स्थिति स्पष्ट करने वाली रिपोर्ट मंगलवार को मुख्यमंत्री को सौंपी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के 38 अस्पतालों में बेड्स की मौजूदा क्षमता 11,353 है। इसके अलावा 13,899 बेड्स की क्षमता को और जोड़ा जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगले छह महीने के 2800 बेड्स की क्षमता वाले तीन अस्पताल और चालू हो जाएंगे। इनमें इंदिरा गांधी हॉस्पिटल, जिसकी क्षमता 1241 बेड्स की है। इसके अलावा 772 और 600 बेड्स की क्षमता वाले बुराड़ी और अंबेडकर नगर के अस्पताल शामिल हैं। वहीं चार नये अस्पतालों, जो कि सरिता विहार, मादीपुर, हस्तसाल और ज्वालापुरी में बनेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि खिचड़ीपुर के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में एक नया मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बनेगा, जिसमें 460 बेड्स होंगे। हालांकि स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी दिल्ली सरकार के मौजूदा अस्पतालों में नये ब्लॉक्स बनाने का है। मौजूदा 15 अस्पतालों में 5,739 बेड्स की क्षमता बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि 200 मोहल्ला क्लीनिक इस साल अक्टूबर में लांच होने के लिए तैयार हैं।

### दिल्ली में पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का ये विस्तार अभूतपूर्व है : केजरीवाल

मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद कहा कि दिल्ली में पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का ये विस्तार अभूतपूर्व है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के मामले में पूरी दुनिया में ये सबसे बड़ा कार्यक्रम है। अगर बेड्स की क्षमता के आधार पर कुल क्षमता में बढ़ोतरी देखें तो ये 122 फीसदी से भी अधिक है।

## मोदी सरकार के काम का श्रेय लेना बंद कीजिए केजरीवाल: तिवारी



**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फिर से झूठ बोलना शुरू कर दिया है, प्रदूषण के नाम पर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कुछ नहीं किया और मोदी सरकार के काम का श्रेय लेना शुरू कर दिया। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार के विकास कार्यों को श्रेय लेना बंद कीजिए। तिवारी ने केजरीवाल सरकार के एक और झूठ का खुलासा किया। प्रदूषण में कमी को लेकर तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ये बताए कि ग्रीन टैक्स के लगभग 2000 करोड़ रुपए का आज तक इस्तेमाल ही नहीं किया। अब इसमें केजरीवाल बतायें कि इसमें उनका क्या योगदान था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया है कि उन्होंने दिल्ली में प्रदूषण को कम किया है। जबकि दिल्ली में प्रदूषण काम होने का मुख्य कारण है कि मोदी सरकार ने दिल्ली में ईस्टर्न पेरिफेरल बनवाया, जिसकी वजह से हर रोज करीब 60 हजार गाड़ियों का धुआं कम हो गया। वहीं, बदरपर का पावर प्लांट कोयले से चलता था।

# रविदास मंदिर स्थल कूच की कोशिश, रोका तो सड़क पर किया अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में मंगलवार को लोगों ने रविदास मंदिर स्थल पर जाकर पूजा अर्चना करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक दिया। इस मंदिर को करीब एक महीने पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त कर दिया गया था। पुलिस के मुताबिक करीब 100 लोग गुरु रविदास मार्ग पर एकत्र हुए और मंदिर की तरफ मार्च किया लेकिन रोके जाने के बाद उन्होंने सड़क पर ही अनुष्ठान किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी क्षेत्र) देवेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी और किसी को भी उस स्थल पर जाने नहीं दिया गया। अनुष्ठान शांतिपूर्ण तरीके से पूरा किया गया। मंदिर को गिराए जाने का विरोध करने वाले संगठनों में शामिल गुरु रविदास मंदिर संयुक्त संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि जब तक मंदिर का दोबारा निर्माण नहीं किया जाता तब तक हर महीने की 10 तारीख को उस स्थान पर पूजा अर्चना की जाएगी।




## उत्तरी निगम महापौर के कथित सरकारी वाहन पर विवाद!

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर अवतार सिंह के सरकारी वाहन पर निगम नेताओं व प्रशासन के बीच विवाद बढ़ गया है। वाहन डीएल 14 सीई 4342 को लेकर महापौर सिंह का कहना है कि निगम प्रशासन ने उन्हें यह वाहन दिया है। जबकि आयुक्त वर्षा जोशी का कहना है कि यह वाहन प्रोजेक्ट का है और इसे निगम ने नहीं खरीदा है। वहीं, नेता विपक्ष सुरजीत पंवार ने निगम नेताओं व अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं और कांग्रेस दल के नेता मुकेश गोयल ने कहा है कि यदि वाहन प्रोजेक्ट के लिए है तो महापौर को अन्य कार्यों में इसे प्रयोग नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि महापौर सिंह सरकारी तौर पर जिस गाड़ी का उपयोग कर रहे हैं, वह एक निजी बिल्डर कंपनी के नाम पर पंजीकृत है। एप पर उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक यह गाड़ी इसी साल मई महीने में खरीदी गई है।

## आज अजमेर दर्शन को रवाना होगी ट्रेन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत आज सफदरजंग रेलवे स्टेशन से ट्रेन दिल्ली-अजमेर के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन पर करीब 1000 बुजुर्ग यात्री अजमेर दर्शन करने जाएंगे। इसके ठीक तीन दिन बाद बुजुर्गों को लेकर 14 सितंबर को ट्रेन रामेश्वरम रवाना होगी। वहीं जगन्नाथपुरी के लिए बुजुर्गों का जत्था 19 सितंबर रवाना होगा। नवरात्र से ठीक पहले 23 सितंबर को बुजुर्गों को लेकर ट्रेन दिल्ली-वैष्णोदेवी दर्शन कराने के लिए लेकर जाएगी। दक्षिण भारत की ओर पहली बार बुजुर्गों को दिल्ली-तिरुपति बाला जी का दर्शन कराने के लिए ट्रेन 27 को रवाना होगी। इसके साथ ही ट्रेन दिल्ली-उज्जैन के लिए 29 सितंबर को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।



## खबर संक्षेप



### वेतन काटने पर कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर 24 में मंगलवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने गेट के बाहर किया प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले दो महीने से इनके वेतन से दो-दो हजार रुपये काटे जा रहे हैं। और जो इन्हें महीने में छुट्टी मिलती थी। कंपनी ने वह भी छुट्टी काट दी है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पहले इन्हें महीने के 26 दिन के पैसे मिलते थे लेकिन अब कंपनी इन्हें 31 दिन के पैसे देती है। इसी से खफा होकर कर्मचारियों ने कंपनी मैनेजमेंट के खिलाफ मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया है।

### आरोपी पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला



**फरीदाबाद।** गांव भाखरी स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री में चोरी के प्रयास के आरोपियों को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों पर आरोपी व उसके परिजनों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घेराबंदी कर एक महिला आरोपी को धर दबोचा, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने उनके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया है।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार सुबह तेज गति से जा रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पुल से नीचे गिर गई। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि मुंबई स्थित एक पेन निर्माता कंपनी में सेल्समैन का काम करने वाले गौरव चौहान (45 वर्ष) और पल्लव गौड़ (32 वर्ष) मोटरसाइकिल से यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते जेवर क्षेत्र से नोएडा की तरफ जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि जब ये लोग जीरो प्वाइंट के पास पहुंचे तो, तेज गति से जा रही इनकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराकर, यमुना एक्सप्रेस- वे पर बने पुल से करीब 30 फीट नीचे गिर गई।

### प्रीतम सिंह बने जाट कल्याण सभा के अध्यक्ष

**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था जाट कल्याण सभा की आम सभा की बैठक सेक्टर-4 स्थित सामुदायिक केंद्र में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश जांघू व कपूर सिंह सहरावत की अध्यक्षता में हुई। संस्था के प्रधान प्रीतम सिंह ने बताया कि संस्था के सचिव मनोज श्योराण ने संस्था का वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा आम सभा में पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से सदस्यों ने पारित कर दिया। आम सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया गया कि पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह को एक बार फिर संस्था के प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

### 14 से दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** कला परिषद हरियाणा एवं गुरुग्राम आर्ट एंड थिएटर एकेडमी द्वारा 14 सितंबर से दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एकेडमी के महेंद्र कक्कड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-7 स्थित आर्य विद्या मंदिर स्कूल में किया जाएगा और प्रदेश की खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की चेयरपर्सन गार्गी कक्कड़ मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगी। विनोद प्रकाश कौशिक, डॉ. वाणी जैन व नरेंद्र तनेजा विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे।

# हत्या कर किशोरी को यमुना किनारे दफनाया, 11 दिन बाद शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद की एक कॉलोनी क्षेत्र से 30 अगस्त को लापता साढ़े 16 वर्षीय किशोरी की हत्या उसके पड़ोस में दुकान करने वाले प्रदीप नाम के युवक ने उसी दिन गला दबाकर कर दी थी। शव उसने दो साथियों संग कबूलपुर खादर कैप्टन फार्म क्षेत्र में यमुना किनारे तीन फुट गहरा गड्ढा खोदकर दफना दिया था।

मंगलवार को सेक्टर-85 क्राइम ब्रांच पुलिस ने प्रदीप व उसके साथी वसीम को गिरफ्तार किया तो उन्होंने राज उगला। वसीम की निशानदेही पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में यमुना किनारे झाड़ी के नीचे गड्ढा खोदकर शव बरामद कर लिया। खेड़ी पुल थाने में 30 अगस्त को किशोरी की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज है। अब मुकदमे में हत्या की धारा जोड़ी गई है। फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट से दुष्कर्म की बात स्पष्ट होगी, जिसके बाद दुष्कर्म की धारा जोड़ी जाएगी। शव का पोस्टमॉर्टम बुधवार को पीजीआई रोहतक में होगा।

*परिजनो ने इस संबंध में खेड़ी पुल थाना पुलिस को भी बताया, मगर पुलिस ने अनसुना कर दिया था। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपने स्तर पर पड़ताल कर गांव वजीरपुर रोड कॉलोनी निवासी वसीम को पकड़कर पुलिस को सौंपा। वहीं पुलिस ने मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर वसीम को पकड़ने की बात कही है। मुकदमे में हत्या व दुष्कर्म की धाराएं जोड़ दी हैं। मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है।*

## परिजनों को था प्रदीप पर संदेह

- ▶▶ कैप्टन फार्म क्षेत्र में तीन फुट गहरा गड्ढा खोद कर दफनाया शव
- ▶▶ पुलिस ने किया वसीम को गिरफ्तार तो खुला राज



**किशोरी से छुटकारा पाना चाहता था आरोपी**

मुख्य आरोपी गांव भतौला निवासी प्रदीप की किशोरी के घर के पास सरिया की दुकान है। पुलिस के अनुसार शुरुआती पूछताछ में प्रदीप ने बताया है कि उसने किशोरी को जाल में फंसा लिया था। प्रदीप पहले ही शादीशुदा है, ऐसे में वह किशोरी से छुटकारा पाना चाहता था। 30 अगस्त को वह किशोरी को कार में बिठाकर वजीरपुर रोड पर लेकर गया और गला कसकर हत्या कर दी। इसके बाद वसीम व अमर सिंह के साथ कार में ले जाकर शव को दफना दिया। अमर सिंह की गिरफ्तारी बकाया है। पिता के मुताबिक बेटी दसवीं कक्षा की छात्रा थी। 30 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे लापता हुई। परिजनों को शुरू से ही प्रदीप पर संदेह था।



### नागर बोले-पुलिस की लापरवाही के चलते हुई हत्या

**फरीदाबाद।** लापता नाबालिग का शव बरामद होने पर मंगलवार को तिगांव के विधायक ललित नागर ने कानून व्यवस्था पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों की लापरवाही के चलते एक बेटी की जान चली गई। इस बेटी का पिता अजब सिंह नागर एसएचओ से लेकर डीसीपी तक प्रतिदिन अपनी बेटी को ढूंढने के लिए गुहार लगाता रहा, उन्हें सबूत तक देता रहा परंतु पुलिस सोई रही और आज उस बेटी का शव फार्म हाउस से बरामद हुआ है।

केंद्रीय राज्य मंत्री बोले-बनाएंगे भव्य इमारत

# 46 करोड़ से बनेगा नेहरू कॉलेज का नया भवन

- दो चरणों में होगा निर्माण
- इमारत के निर्माण से विकास को मिलेगी गति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद के सबसे पुराने व बड़े पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, सेक्टर-16ए परिसर में बनने वाले नए भवन की केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री विपुल गोयल ने आधारशिला रखी। यह भवन लगभग 46 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से बनेगा। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में भव्य, आधुनिकत तकनीक से छह मंजिला इमारत बनाई जाएगी।

इस मौके पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि नेहरू कॉलेज हरियाणा का सबसे बड़ा कॉलेज है। इसमें 15 हजार सीटें विद्यार्थियों की तय की गई है और लगभग साढ़े 46 करोड़ रुपये की धनराशि से दो चरणों में भव्य इमारत का निर्माण किया जाएगा।

पहले चरण में 7 हजार 500 सीटों के लिए इमारत बनाई जाएगी। उसके बाद पुरानी इमारत को हटाकर 7 हजार 500 विद्यार्थियों के लिए एक और नई इमारत का निर्माण किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रीता कौशिक ने केंद्रीय राज्य मंत्री और हरियाणा के उद्योग मंत्री का यहां पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज की नई इमारत के निर्माण से फरीदाबाद के विकास को नई गति मिलेगी।

# गुरुग्राम में डीटीपीई ने चलाया अवैध निर्माण पर बुल्डोजर

**गुरुग्राम।** मंगलवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) जिला नगर योजनाकार इंफोर्समेंट (डीटीपीई) विभाग द्वारा सेक्टर-64, 65 व 65-66 डिवाइडिग रोड पर अवैध रूप से खुली हुई वर्कशॉप, दुकानें, क्लासरूम, टिनशेड व निर्माणाधीन दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया।

इंफोर्समेंट विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गांव मेधावास से सटे सेक्टर-64, 65 व 65-66 की डिवाइडिग रोड पर अवैध रूप से तीन दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा यहां पर छह वर्कशॉप और पांच क्लासरूम बने हुए थे। इसके अलावा एक बड़ी



वर्कशॉप का टीनशेड, एक डीपीसी, एक बाउंड्रीवॉल पर भी जेसीबी चला दी गई। यह इलाका जीएमडीए के अधीन आता है जिस पर नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट व विभाग के डीटीपीई वेदप्रकाश सहरावत ने पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई करते हुए सभी इमारतों पर बुलडोजर चला दिया। इस बीच मौके पर आस-पास के काफी लोग जमा भी हो गए, जिसके चलते कार्रवाई का विरोध भी हुआ लेकिन इंफोर्समेंट टीम ने विरोध के बावजूद अपनी कार्रवाई जारी रखी। और सभी दुकानों को तोड़ दिया। निदेशक के निर्देश अनुसार अवैध निर्माण पर जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा घर-घर देगी दस्तक

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सेक्टर 9 पर संपन्न हुई ।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि 11 से 15 सितंबर तक महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा में बूथ अध्यक्ष, पालक, शक्ति केन्द्र प्रमुख,वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर मनोहर सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को संपर्क करके जनता को बताएंगे। गुर्जर ने बताया कि 17 सितंबर को दुनिया के सबसे लोकप्रिय और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

# झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की पीट-पीटकर हत्या

**फरीदाबाद।** डबुआ थाना क्षेत्र में झगड़े में बीच-बचाव करने गए युवक की डबुआ सब्जी मंडी में रॉड व डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान गांव भांखरी निवासी 30 वर्षीय नरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने नरेश के भाई रविद्र की शिकायत पर सात नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है।

रविद्र के मुताबिक गांव का रहने वाला रोहित सोमवार रात करीब 10:30 बजे भाई नरेश को बुलाने घर आया था। रविद्र ने जब नरेश से पूछा कि कहां जा रहे हो तो उसने बताया कि डबुआ सब्जी मंडी में किसी का झगड़ा हो गया है। उसमें बीच-बचाव करने जा रहे हैं। थोड़ी देर बाद



पिता ने फोन किया तो नरेश ने डबुआ सब्जी मंडी में होने की जानकारी दी और कुछ देर में घर आने की बात कही। रविद्र के मुताबिक जब काफी देर तक नरेश घर नहीं आया तो झगड़े की आशंका से वह भाई की तलाश में सब्जी मंडी गया। वहां देखा कि भाई नरेश जनता कॉलोनी वाले गेट के पास कीचड़ में पड़ा हुआ था। उस पर नेत्रपाल व बनवारी लोहे की रॉड से वार कर रहे थे। आरोप है कि इनके साथी धीरज उर्फ लुट्टस, सतीश गढ़वाली, दौलत पंडित, छलिया, सन्नी सरदार व अन्य भी रॉड-डंडे से नरेश को पीट रहे थे। रविद्र का कहना है कि उसने भाई की मदद के लिए शोर मचाया तो हमलावरों ने फायरिग की और मौके से फरार हो गए। रविद्र लोगों की मदद से भाई नरेश को एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविद्र के मुताबिक हमलावर डबुआ सब्जी मंडी में अवैध वसूली करते थे, नरेश उनका विरोध करता था। इससे वे खफा थे। झगड़ा होने पर जब नरेश बीच-बचाव करने गया तो उन्होंने रंजिश के चलते उस पर हमला कर दिया।

## 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के लिए लगाए जाएं शिविर'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद तथा व मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने आदेश दिए हैं कि मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के पंजीकरण के लिए 12 व 13 सितंबर को हर खंड में शिविर लगाए जाएं।

प्रत्येक शिविर में कम से कम 100 परिवारों का पंजीकरण किया जाए। वे वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलों में परिवार समृद्धि योजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के तहत बीपीएल सूची में शामिल सभी परिवारों के साथ 1.80 लाख रुपये सालाना आदमनी व दो हेक्टेयर भूमि वाले परिवारों का पंजीकरण किया जा रहा है।

ये पंजीकरण फार्म प्रत्येक जिला में ट्रेजरी ऑफिसर के पास भेज दिए गए हैं। इस योजना के तहत पात्र परिवारों के बैंक खाते में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये भिजवाए जाएंगे। जिनसे अनेक योजनाओं के तहत उनके द्वारा अदा किए जाने वाले प्रीमियम का भुगतान अपने आप हो जाएगा।

# श्रेष्ठ समाज के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

वर्तमान शिक्षा नीति में मौलिक परिवर्तन की आवश्यकता है। आद्यात्मिकता के समावेश से ही बेहतर शिक्षा प्रणाली की स्थापना हो सकती है। श्रेष्ठ समाज के विकास में शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त विचार दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर में शिक्षाविदों के लिए आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल मानव संसाधन विकसित करना नहीं, अपितु मानव को मानव से जोड़ना होना चाहिए। समाज परिवर्तन के कार्य में महिलाओं की विशेष भूमिका है। जीवन की मूल शिक्षाएं तो एक मां ही अपने बच्चे को



बेहतर ढ़ग से दे सकती है। शिक्षा का पहला पाठ परिवार से ही शुरू होता है और जिसका मूल आधार केवल मां है। संस्था की निदेशिका बीके आशा ने कहा कि मातृशक्ति और मातृभूमि दोनों ही स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं। इसलिए दोनों का जहां सम्मान होता है, वहां पर देवता का ही वास होता है। नारी जितनी सशक्त होगी, समाज भी उतना ही शक्तिशाली बनेगा। बीके बृजमोहन ने भी कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान किया जाना बहुत जरुरी है। श्रेष्ठ विश्व के निर्माण में नारी शक्ति का विशेष योगदान है। बीके शिवानी ने कहा कि छोटी-छोटी बातों से मानव भावनात्मक रूप से कमजोर हो रहा है, लेकिन छोटी-छोटी चीजों के बदलाव से हम भावनात्मक रूप से मजबूत हो सकते हैं।

# गुरुग्राम विवि में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

चीफ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. जया प्रकाश जयावेलू ने कहा कि एक फिजियोथैरेपिस्ट के तौर पर काम करने के लिये सबसे जरूरी है कि आपका एटिट्यूड कैसा है, क्योंकि सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप अपने काम के प्रति दृष्टिकोण कैसा रखते है। आपको ना सिर्फ फिजियोथेरेपी की, बल्कि इससे जुड़ी सभी शाखाओं की जानकारी होना जरूरी है। तभी आप अपने मरीज को भरोसा दिला पाओगे कि आप उनके लिये क्यों बेहतर है। यह बात उन्होंने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्त्रम में कही। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मार्कण्डेय आहुजा मौजूद रहे।

मिरैकल फीट इंडिया करेगा निशुल्क उपचार

# सरकारी अस्पताल में होगा नवजात बच्चों के 'पैरों में टेड़ापन' का इलाज

बच्चों के पैरों में होने वाली इस विकृति को डॉक्टरी भाषा में 'क्लब फुट' कहते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

आपके बच्चे के जन्म से ही पैरों में टेड़ापन हो तो घबराएं नहीं, बल्कि समय से उपचार कराएं। गाजियाबाद के जिला सरकारी अस्पताल में अब इसके इलाज के इंतजाम हो गए है जहां बच्चों का इलाज कराया जा सकता है। बच्चों के पैरों में होने वाली इस विकृति को डॉक्टरी भाषा में 'क्लब फुट' कहा जाता है।

जिला एमएमजी अस्पताल स्थित क्लब फुट क्लीनिक में हर बुधवार को विशेषज्ञ ऐसे बच्चों की जांच के बाद उपचार किया जाता है और बच्चों के जरूरी जूते भी निशुल्क



▶▶| यह एक छोटी सी सर्जरी होती है जिसे टीनो टॉमी कहा जाता है

उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अलावा यदि बच्चे में किसी प्रकार की विकृति न हो, तो भी उसे संजय नगर संयुक्त जिला अस्पताल स्थित अर्ली इंटरवेंशन में एक बार जरूर लेकर जाएं। दरअसल बहुत सारी दिक्कतें ऐसी भी होती हैं, जो हमें समझ नहीं आतीं। अर्ली इंटरवेंशन सेंटर में बच्चों की जांच की जाती है और यदि कोई परेशानी होती है तो उसका उपचार करने के लिए रैफर कर दिया जाता है।

जिला एमएमजी अस्पताल के कमरा नंबर 26 में मिरैकल फीट इंडिया नामक संस्था क्लब फुट क्लीनिक का संचालन करती है। मिरैकल फीट इंडिया के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव सैफ खान ने बताया कि वर्तमान में क्लीनिक में 30 बच्चों का उपचार किया जा रहा है। पिछले दो माह के दौरान उपचार के लिए सात बच्चे आरबीएसके यानी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से भेजे गए हैं जबकि दो बच्चे अर्ली इंटरवेंशन सेंटर से रैफर होकर उपचार के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि हाल में ही एक आठ दिन के बच्चे का उपचार शुरू किया गया है। उस बच्चे के पैर जन्म के समय ही टेड़ापन लिए हुए थे। फिलहाल बच्चे को प्लास्टर लगाया गया है। सैफ ने बताया कि शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों के पैर उपचार से ठीक हो जाते हैं, इसके बाद सर्जरी के जरिए उपचार किया जाता है। यह एक छोटी सी सर्जरी होती है जिसे टीनो टॉमी कहा जाता है।

# नाबालिग के साथ गैंगरेप

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक स्लम बस्ती से 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने के बाद एक होटल में दो युवकों द्वारा उसके साथ सामूहिक बलात्कार करने का मामला सामने आया है।



मामले की शिकायत लेकर परिजन जब थाने में पहुंचे तो वहां उनकी सुनवाई करने की बजाय उन्हें मारपीट कर भगा देने का भी आरोप पीड़ित लोगों ने लगाया है। फरीदाबाद के सेक्टर 7 थाने में मंगलवार को सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद शिकायत लेकर गई नाबालिग बच्ची और उसके परिजनों के साथ थाने के ही कार्मचारियों ने मारपीट कर उन्हें वहां से भगा दिया। पीड़िता की माने तो शनिवार को उसी के पड़ोस में रहने वाले दो युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ट्रेन में दिल्ली ले गए और वहां उन्होंने एक होटल में उसे सारी रात रखा। लड़की का आरोप है कि वहां दोनों युवकों ने उसके साथ बलात्कार किया। बलात्कार करने के बाद दोनों युवक उसे अगले दिन उसके घर के पास छोड़ कर चले गए।

## हरियाणाः भाजपा ने विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने विस चुनावों को मद्देनजर रखते हुए विस प्रभारियों की नियुक्ति की। नवनियुक्त प्रभारियों की बैठक 12 सितम्बर को रोतहक में होगी। बैठक में राष्ट्रीय महामन्त्री (संगठन) बीएल सन्तोष व प्रदेश प्रभारी डा. अनिल जैन जी उपस्थित रहेंगे।

| जिला | विस प्रभारी का नाम |
|---|---|
| पंचकूला | वीरेन्द्र राणा |
| कालका | श्याम लाल बंसल |
| अंबाला | कैन्ट राजेश बतरा |
| अंबाला सिटी | शुभादेश मितल |
| मुलाना | डा. संजय शर्मा |
| नारायणगढ़ | सतीश मेहता |
| भिवानी | वरूण श्योराण |
| तोशाम | ताराचन्द अग्रवाल |
| बवानी खेडा | अशोक कुमार |
| लोहारू | सन्दीप श्योराण |
| गुरूग्राम | सुमेर सिंह तंवर |
| बादशाहपुर | हंसराज कसाना |
| गुरूग्राम | राजेन्द्र यादव |
| सोहना | सुभाष सिंगला |
| पलवल | सूरज पाण्डेय |
| होडल | नाहर सिंह |
| हथीन | प्रकाश गोयल |
| करनाल | जनक पोपली |
| करनाल | जंगबहादुर चौहान |
| घरौंडा | राजवीर शर्मा |
| असंध | रमेश कश्यप |
| नीलोखेड़ी | जयपाल शर्मा |
| कुरूक्षेत्र | राज कुमार सैनी |
| थानेसर | रविन्द्र सांगवान |
| लाड़वा | सुशील राणा |
| शाहबाद | गुरदयाल सुनहेडी |
| मेवात | कमल प्रकाश सैनी |
| पुन्हाना | राजकुमार गर्ग |
| फिरोजपुर | नरेन्द्र पटेल |
| जीन्द | ओमप्रकाश शर्मा |
| जुलाना | डा. ओमप्रकाश |
| सफीदों | डा. राज सैनी |
| नरवाना | सज्जन गर्ग |
| उचाना | जगदीश उझाना |
| यमुनानगर | अशोक मेहंदीरता |
| रादौर | भारत भूषण |
| जगाधरी | सुरेन्द्र बनकट |
| सढौरा | बंसी लाल सैनी |
| सोनीपत | रविन्द्र जागलान |
| बरौदा | सुनील वत्स |
| खरखौढा | सुनील चैहान |
| गन्नौर | रविन्द्र दिलावर |
| सोनीपत | आजाद नेहरा |
| राई | योगेश अरोडा |
| सिरसा | अमीर चन्द मेहता |
| कालांवाली | बलदेव मागेआन |
| रानियां | डा.वेद बैनीवाल |
| ऐलनाबाद | कंवरजीत चहल |
| सिरसा | देवकुमार शर्मा |
| कैथल | वीरेन्द्र छौत |
| पुण्डरी | संजय भारद्वाज |
| कलायत | धीरेन्द्र क्योडक |
| कैथल | सतीश शर्मा |
| रेवाडी | प्रीतम चैहान |
| कोसली | महावीर यादव |
| बावल | रामपाल यादव |
| महेन्द्रगढ़ | काशी राम यादव |
| महेन्द्रगढ़ | सतबीर यादव |
| नारनौल | सुरेश अत्री |
| नांगल चौधरी | कंवर यादव |
| चरखी दादरी | सतबीर कादमा |
| बाढ़डा | विजय अग्रवाल |
| फतेहाबाद | रमेश सिंगला |
| रतिया | गुलशन हंस |
| फतेहाबाद | सरदारी लाल |
| हिसार | राजेन्द्र लाम्बा |
| उकलाना | भूप सिंह रोहिला |
| नारनौंद | मनदीप मलिक |
| हांसी | रवि सैनी |
| बरवाला | गौतम सरदाना |
| हिसार | सुजीत कुमार |
| नलवा | अशोक कन्नौजीया |
| फरीदाबाद | पृथला मान सिंह |
| एनआईटी | वजीर सिंह डागर |
| बड़खल | मदन पुजारा |
| बल्लबगढ़ | मूलचन्द मित्तल |
| फरीदाबाद | राजकुमार वोहरा |
| तिगाँव | सुरेन्द्र जांगड़ा |
| पानीपत | ग्रामीण तरूण गांधी |
| पानीपत | शहरी राममेहर |
| इसराना | लोकेश नागरू |
| समालखा | सुरेन्द्र अहलावत |
| रोहतक | रामचेत तायल |
| महम | रमेश भाटिया |
| कलानौर | मनमोहन गोयल |
| गढ़ी-सांपला-किलोई | वीर हुड्डा |
| झज्जर | दिनेश शास्त्री |
| बादली | अनिल शर्मा |
| बेरी | महेश कुमार |
| झज्जर | राजपाल शर्मा |

### बहरोड़ थाना में फायरिंग कर बदमाश को छुड़ाकर ले जाने का मामला

# दो हवलदार बर्खास्त, थाना इंचार्ज सहित पांच सस्पेंड और 69 कर्मी लाइन हाजिर

डीएसपी को एपीओ व बहरोड़ में ड्यूटी दे चुके आरपीएस जनेश सिंह को भी किया निलंबित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। बहरोड़ का पुलिस थाना। फाइल : फोटो

नारनौल शहर से 30 किलोमीटर दूर राजस्थान के बहरोड़ थाना से फरार हुए हरियाणा के बदमाश विक्रम पपला के मामले में पुलिस महानिदेशक ने कड़ा एक्शन लिया है। बहरोड़ थाना में हुई फायरिंग प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। प्रारम्भिक जांच के उपरांत 2 हैडकांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त करने के साथ ही एक डीएसपी, संबंधित थाना इंचार्ज, एक हैडकांस्टेबल व एक कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। सोमवार देर शाम यह निर्देश जारी करते हुए राजस्थान पुलिस महानिदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हैडकांस्टेबल रामावतार व हैडकांस्टेबल विजयपाल को सेवा से बर्खास्त किया गया है। बहरोड में पूर्व में रहे डीएसपी जनेश सिंह, थाना प्रभारी सुगन सिंह, हैड कांस्टेबल सुनील व कांस्टेबल कृष्ण कुमार को निलंबित किया गया है। डीएसपी रामजीलाल को एपीओ किया गया है। महानिदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि डीएसपी अतुल साहु को बहरोड़ व नवाब खान को भिवाड़ी डीएसपी पद पर लगाया गया है। इनके अलावा बहरोड़ थाना क्षेत्र के शेष सभी 69 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर अन्य पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

## थाना मतलौडा में नियुक्त सब इंस्पेक्टर पर केस दर्ज

■ व्यक्ति की नकदी व सामान नहीं देने का आरोप

पानीपत। थाना मतलौडा पुलिस ने अपने ही थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने एसपी सुमित कुमार से शिकायत की थी। एसपी ने केस की जांच डीएसपी बिजेंद्र को सौंपी। डीएसपी के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बलवान पुत्र लख्मी निवासी गांव बल्ला जिला करनाल के खिलाफ थाना मतलौडा में केस दर्ज हुआ था और 18 अप्रैल को उसे गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय बलवान के पास 10430 रुपये, कई कागजात व मोबाइल था। उसका सारा सामान सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने जमा किया था। सब इंस्पेक्टर ने मोबाइल उसी दिन वापस कर दिया, पर नकदी व अन्य सामान नहीं दिया। उसने सामान मांगा तो सब इंस्पेक्टर सुरेश ने उसे धमकी दी कि उसके खिलाफ झूठा केस दर्ज करवा देगा। बलवान ने इसकी शिकायत पहले डीएसपी और बाद में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार से शिकायत की थी। केस की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दो युवक करते थे परेशान छात्रा ने फंदा लगा दी जान

■ छात्रा के परिजनों ने आरोपितों को समझाया तो जान से मारने की दी थी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

एक गांव की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि दोनों युवक कई दिन से उसे तंग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है व दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उक्त गांव के दो युवक राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुरा घरौंडा में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को कई दिनों से परेशान कर रहे थे। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक छात्रा के परिजनों ने कई बार दोनों युवकों को समझाया, लेकिन उनकी हरकतें बढ़ती चली गई। मंगलवार को छात्रा का पिता जब अपनी बेटी को कॉलेज लेने के लिए गया तो दोनों युवक वहां बाइक लिए खड़े थे। छात्रा ने अपने पिता को कहा कि पापा, ये दोनों उसे बार-बार तंग कर रहे है। छात्रा के पिता ने दोनों को समझाने की कोशिश की तो आरोपितों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने तक की धमकी दे दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उनकी बेटी लड़कों से बहुत ज्यादा परेशान थी। जिसके चलते सोमवार शाम उसने चुन्नी से फंदा लगा लिया। परिजन युवती को आनन-फानन में बसताड़ा स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**दोनों पर केस दर्ज**

बीए प्रथम की एक छात्रा ने घर में फंदा लगाकरआत्महत्या की है। परिजनों ने गांव के दो युवकों पर छात्रा को तंग करने का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
-इंस्पेक्टर सचिन कुमार, थाना प्रभारी घरौंडा

# इनेलो छोड़ने वाले सभी पांच विधायकों की सदस्यता रद

## दल-बदल मामले में स्पीकर का फैसला

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने दलबदल कानून के तहत इनेलो छोड़ चुके पांच विधायकों की सदस्यता रद कर दी है। यह सभी इनेलो के विधायक थे। बाद में इनमें से चार ने जेजेपी और एक ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी। इन इन पांच विधायकों में नैना चौटाला, राजदीप फौगाट और अनूप धानक, पिरथी नंबरदार और नसीम अहमद शामिल हैं। हालांकि दल-बदल के आरोपों का सामना कर रहे इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के चार विधायकों नैना चौटाला, राजदीप फौगाट, अनूप धानक और पिरथी सिंह नंबरदार ने विधानसभा की सदस्यता से कुछ दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था। स्पीकर कंवर पाल गुर्जर ने इस्तीफे स्वीकार करते हुए दलबदल मामले में सुनवाई की और दोनों पक्षों की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### नसीम अहमद पर एकतरफा कार्रवाई हुई

हरियाणा विधानसभा स्पीकर कंवरपाल सिंह ने नसीम अहमद पर सुनवाई के लिए नही पहुंचने की सूरत में एकतरफा कार्रवाई कर दी है। उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया है।

### हुड्डा बने नेता विपक्ष



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में नेता विपक्ष बनाया गया है। कांग्रेस की ओर से दिए गए प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष कंवरपाल गुर्जर ने मंजूर कर लिया।

### अरोड़ा ने छोड़ा इनेलो



इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। 15 साल तक इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे अरोड़ा के अब कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें हैं।

## कांग्रेस के छह विधायकों को पंजाब के मुख्यमंत्री का सलाहकार बनाया गया, भाजपा ने जताई आपत्ति

■ पांच कांग्रेस विधायकों का दर्जा कैबिनेट मंत्री का होगा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने छह विधायकों को मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का सलाहकार बनाया है जिनका दर्जा मंत्री के बराबर होगा। विरोधी दल भाजपा ने इसे संविधान द्वारा निर्धारित राज्य मंत्रिमंडल की ऊपरी सीमा को दरकिनार करने का प्रयास बताया। इस कदम को राज्य में पिछले मंत्रिमंडल फेरबदल में स्थान नहीं पाने वालों को संतुष्ट करने के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि पांच कांग्रेस विधायकों का दर्जा कैबिनेट मंत्री का होगा जबकि एक विधायक का दर्जा राज्य मंत्री का होगा। अधिकारियों ने कहा कि चार विधायकों- फरीदकोट के कुशलदीप सिंह ढिल्लों, गिद्देरबाहा के सिंह राजा वारिंग, उरमूर के संगत सिंह गिल्जियां और अमृतसर दक्षिण के इंदरबीर सिंह बोलारिया- को सलाहकार (राजनीति) बनाया गया है जबकि फतेहगढ़ साहिब से विधायक कुलजीत सिंह नागरा को सलाहकार (नियोजन) नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि पांचों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि छठे विधायक अटारी के तरसेम सिंह डीसी को भी सलाहकार (नियोजन) बनाया गया है और उनका दर्जा राज्य मंत्री का होगा। विपक्ष ने दावा किया कि इस कदम का उद्देश्य संविधान के 91वें संशोधन अधिनियम,2003 को दरकिनार करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तरुण चुग ने कहा, "यह कदम स्पष्ट रूप से कानून को दरकिनार करने वाला है जिसके तहत मंत्रियों की संख्या सदन के कुल सदस्यों की संख्या के 15 फीसद से ज्यादा नहीं हो सकती। राजनीतिक सलाहकारों की नियुक्ति से सरकार राज्य के खजाने पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।" पंजाब विधानसभा में 117 सदस्य हैं और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की अधिकतम संख्या 18 हो सकती है। मुख्यमंत्री समेत पंजाब सरकार में पहले ही 17 मंत्री हैं।

## अमृतसर में एसटीएफ और नशा तस्करों में मुठभेड़, एक जवान को लगी गोली, घायल

अमृतसर (पंजाब)। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की अमृतसर इकाई और नशा तस्करों के बीच सोमवार की रात मुठभेड़ हो गई। तस्करों की फायरिंग में गोली लगने से एसटीएफ का जवान गुरुसेवक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।मुठभेड़ में एसटीएफ ने करणबीर सिंह नामक एक गैंगस्टर को गिरफ्तार कर एक किलो हेरोइन व एक लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद किया गया है। एक तस्कर शमशेर सिंह उर्फ शेरा फरार हो गया है। एसटीएस के जवानों व तस्करों के बीच यह मुठभेड़ सीमावर्ती गावं कोहाली के नजदीक हुई। दोनों नशे के तस्कर इसी गांव के रहने वाले है।


**HELLA INDIA LIGHTING LIMITED**
(CIN: U74899DL1959PLC003126)
Regd. Office: K - 61B, LGF, Kalkaji, New Delhi - 110019
Phone: 0124 - 4658682, Email Id: aakritee.khanna@hella.com
Website: www.hella.co.in

NOTICE OF AGM, E-VOTING AND BOOK CLOSURE

NOTICE is hereby given that:

1. The 59th Annual General Meeting of the members of Hella India Lighting Limited (CIN: U74899DL1959PLC003126) will be held at "The Muse Sarovar Portico", New Delhi-Kapashera 88-99, Bijwasan Road, Kapashera, New Delhi - 110037, India on Monday, 30th day of September 2019 at 9:30 A.M.
2. The Notice of 59th AGM have been sent physically to all the Members of the Company at their registered addresses with the Company. The physical dispatch of notice of 59th AGM has been completed on 05th September 2019. The Notice of 59th AGM along with proxy form/ attendance slip is available and can be downloaded from the company's website: www.hella.co.in.
3. Members are hereby informed that in compliance with the provisions of section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of The Companies (Management and Administration) Rules, 2014, (i) the Company is pleased to provide members the facility to exercise their right to vote at the AGM by Electronic means and business may be transacted through voting by electronic means provided by Link Intime India Private Limited. The instructions for e-voting are given in the Notice of the AGM. (ii) The remote e-voting period begins on 27th September, 2019 (9.00 a.m.) and ends on 29th September 2019 (5.00 p.m.) (ii) The members of the Company holding shares either in physical or dematerialised form as on the cut-off date, being 23rd September, 2019 may cast their vote electronically. (iv) A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the meeting through ballot paper. A person, who acquires shares and become shareholder of the Company after dispatch of notice and holding shares as on the cut-off date, can do remote e-voting by generating their login-id and password as detailed in the notice of the 59th AGM which can also be downloaded from the website of the Company i.e. www.hella.co.in. The login-id and password can also be obtained by sending an e-mail to delhi@linkintime.com.in or helpdesk.evoting@cdslindia.com by mentioning their Folio No./DP ID and Client ID. (v) The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting after 5.00 p.m. on 29th September, 2019. Remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. (vi) The members who have not cast their votes by remote e-voting can exercise their voting rights at the AGM. The Company will make arrangements of ballot papers in this regard at the AGM venue. (vii) A member may participate in the meeting even after exercising his right to vote through remote e-voting, but shall not be allowed to vote again at the meeting. (viii) In case of any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.instavote.linkintime.co.in under help section or may contact:

| Particulars | Link Intime India Private Limited | Hella India Lighting Ltd. |
|---|---|---|
| Address | 44 Community Centre, Naraina Industrial Area, Ph-I, New Delhi- 110028 | "6A, 6th Floor, Platinum Tower, 184, Udyog Vihar, Phase - I, Gurgaon - 122016, Haryana |
| Name & Designation | Swapan Kr.Naskar Asst Vice-President (North) | Ms. Aakritee Khanna Company Secretary |
| E-mail ID | Swapann@linkintime.co.in | Aakritee.khanna@hella.com |
| Phone No. | 011-41410592-94 | (0124 - 4658682) |

NOTICE IS FURTHER given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with rules made thereunder that the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed for a period of 7 days from 05th September, 2019 to 12th September, 2019 (both days inclusive) for the purpose of 59th AGM of the Company to be held at "The Muse Sarovar Portico", New Delhi-Kapashera 88-99, Bijwasan Road, Kapashera, New Delhi - 110037, India on Monday, 30th day of September 2019 at 9:30 A.M.

By order of the Board
For Hella India Lighting Limited
Sd/-
Place : Gurgaon — Aakritee Khanna
Date : 05th September, 2019 — Company Secretary



**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **क्र.सं.1-, ई-निविदा संख्याःNER-LJN-2019-92, कार्य का नामः** गोण्डा-लखनऊ अनुभाग के गोण्डा-लखनऊ स्टेशनों के मध्य मानवित समपार सं. 266/सी, 267/सी, 273/सी एवं 283/सी पर लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य। (कुल 04 नग), **अनुमानित लागतः** ₹ 14,46,63,501.71, **अग्रिम धनः** ₹ 8,73,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 10,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.2-, ई-निविदा संख्याःNER-LJN-2019-93, कार्य का नामः** गोण्डा-लखनऊ अनुभाग के गोण्डा-लखनऊ स्टेशनों के मध्य मानवित समपार सं. 271/बी-2, 277/सी, 279/सी एवं 281/सी पर लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य। (कुल 04 नग), **अनुमानित लागतः** ₹ 14,94,47,321.62, **अग्रिम धनः** ₹ 8,97,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 10,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.3-, ई-निविदा संख्याःNER-LJN-2019-94, कार्य का नामः** बुढ़वल-सीतापुर कैण्ट स्टेशन के मध्य पुल सं. 78 पर 172 न0 कम्पोजिट स्लीपर द्वारा चैनल स्लीपर का फिटिंग सहित बदलाव का कार्य, **अनुमानित लागतः** ₹ 4,35,776.02, **अग्रिम धनः** ₹ 8,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 1,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.4-, ई-निविदा संख्याःNER-LJN-2019-95, कार्य का नामः** गोण्डा-बुढ़वल (बीजी) अनुभागः- (1) किमी. 654.50 से 658.90 = 4.4 किमी. एवं 719.30 से 719.90 तक = 0.60 किमी. कुल 5.00 किमी. तक एलडब्लूआर मेन्युल के अनुसार 60 किग्रा रेल एवं M+7 स्लीपर घनत्व के साथ मेन डाउन लाइन का सीटीआर (पी) कार्य। (2) किमी. 644.00 से 654.50 = 10.50 किमी., 658.90 से 663.20 तक = 4.3 किमी. एवं 718.40 से 719.30 तक = 0.90 किमी और 719.90 से 720.40 तक = 0.50 किमी. कुल 16.20 किमी. तक डाउन लाइन का टीआरआर (पी) कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 3,90,55,035.76, **अग्रिम धनः** ₹ 3,45,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 10,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.5-, ई-निविदा संख्याःNER-LJN-2019-96, कार्य का नामः** गोण्डा-बुढ़वल (बीजी) अनुभागः- (1) किमी. 652.00 से 654.60 = 2.60 किमी. एवं 657.00 से 659.90 तक = 2.90 किमी. कुल 5.50 किमी. तक एलडब्लूआर मेन्युल के अनुसार 60 किग्रा रेल एवं M+7 स्लीपर घनत्व के साथ मेन डाउन लाइन का सीटीआर (पी) कार्य। (2) किमी. 654.60 से 657.00 = 2.40 किमी. तक डाउन लाइन का टीआरआर (पी) कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹ 3,69,12,685.22, **अग्रिम धनः** ₹ 3,34,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 10,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह। **नोटः 1.** उपरोक्त ई- निविदा संख्या **NER-LJN-2019-92, 93** के लिए दिनांक **03.10.2019** को **15.00 बजे** तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15.00 बजे** के बाद (Two Packet) के लिए ई-निविदाओं की Technical Bid खोली जायेगी। उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2019-94, 95, 96 (Single Packet)** के लिए ई-निविदा दिनांक **03.10.2019** को **15.00 बजे** तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा को खोली जायेगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इन ई-निविदा सूचनाओं से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्जीनियरिंग/
मुजाधि/डब्लू-198 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें''


## पुरानी खेल पॉलिसी से लगे कर्मियों के हटाने पर 31 अक्टूबर तक रोक

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खेल पालिसी के ग्रेडेशन सर्टिफिकेट के आधार पर लगे कर्मचारियों को हटाने पर 31 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। मंगलवार को हाईकोर्ट ने यह आदेश एक साथ दर्जनों याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। इस मामले में जींद निवासी मनोज पूनिया व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हरियाणा सरकार के उस आदेश को रद्द करने की मांग की है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील जसबीर मोर ने बेंच को बताया कि ग्रुप डी के पदों की भर्ती का विज्ञापन 24 अगस्त 2018 को जारी हुआ था और भर्ती का परिणाम 19 जनवरी 2019 को जारी किया। इस दौरान काफी संख्या में युवक पुरानी खेल पालिसी के अनुसार ग्रेडेशन सर्टिफकेट बनाकर नौकरी लगे थे। सरकार ने इन ग्रेडेशन सर्टिफकेट के आधार पर इनको नियुक्ति दे दी। राज्य खेल विभाग ने पिछले साल 25 मई को नई खेल नीति बना दी थी। याची के वकील ने कहा कि जब भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ उस समय नई पुरानी खेल पालिसी का कोई जिक्र नही था। कुल 18218 पदों में से 1518 पद खेल कोटे के तहत आरक्षित थे। जिसमें कही भी नई पुरानी खेल नीति का जिक्र नही था लेकिन अब सरकार ने नई खेल नीति के तहत उम्मीदवारों को रखने का फैसला लिया है। जिनके पास ग्रेडेशन सर्टिफिकेट नहीं है उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सरकार को तलब कर 31 अक्टूबर पर इस रोक लगाते हुए जवाब तलब किया है।

## पंजाबः बैंस का राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप

चंडीगढ़। पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में मामले का सामना कर रहे निर्दलीय विधायक सिमरजीत सिंह बैंस ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर उनके खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। लोक इंसाफ पार्टी प्रमुख बैंस ने कहा कि उनके खिलाफ जो आपराधिक मामले दर्ज किया गया है उसके पीछे मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का हाथ है क्योंकि लुधियाना सिटी सेंटर घोटाले के सिलसिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की मामले को बंद करने संबंधी रिपोर्ट को उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। इस मामले में सिंह और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता है। पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर के उपायुक्त विपुल उज्ज्वल के खिलाफ वहां के सदर अस्पताल में सार्वजनिक तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में बैंस के खिलाफ रविवार को मामल दर्ज किया था। यह मामला बटाला विस्फोट में शिकार हुए व्यक्ति के शव की पहचान को लेकर हुआ था। इसका वीडियो वायरल भी हुआ था। वीडियो में बैंस उस समय उपायुक्त पर चिल्लाते हुए दिख रहे हैं जब अधिकारी शव की पहचान के संबंध में कुछ भ्रमों को दूर करने की कोशिश कर रहे थे। लुधियाना के आतम नगर के विधायक बैंस ने कहा, ''मेरे खिलाफ मामला डीसी या एसडीएम की शिकायत पर दर्ज नहीं किया गया है बल्कि यह अमरिंदर सिंह की शह पर कराया गया है क्योंकि लुधियाना सिटी सेंटर घोटाले के मामले में सतर्कता ब्यूरो की मामले को बंद करने की रिपोर्ट को मैने उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।'' उन्होंने कहा, ''यह राजनीतिक बदला है। वह मेरी आवाज को दबाना चाहते हैं। मुझे मुख्यमंत्री से कोई डर नहीं है।

# वार्ता नहीं करने पर सर्वकर्मचारी संघ ने जताया रोष, सभी जिलों में प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री प्रधान सचिव के साथ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ मीटिंग के लिखित निमंत्रण के बावजूद बातचीत नहीं करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेशव्यापी आंदोलन के निर्णय के तहत विभिन्न विभागों में कर्मचारियों ने सभी जिलों में आक्रोश प्रर्दशन किए और डीसी करनाल द्वारा रविवार को दिए बातचीत के पत्र की प्रतियां जलाई गई। प्रर्दशनों में सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों, सहकारी समितियों, पंचायती राज संस्थाओं व केन्द्रीय परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रर्दशनों में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में सरकार द्वारा सोमवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के शिष्टमंडल के साथ किए गए अपमानजनक रवैए की घोर निन्दा की गई। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव सतीश सेठी ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने बीस जुलाई को मुख्यमंत्री के साथ हुई मीटिंग में मानी हुई मांगों के दो दिन में पत्र जारी नहीं किए और घोषणा पत्र में किए वादों पर अमल करते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आंन्दोलन तेज करने का फैसला लिया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव सतीश सेठी,उप महासचिव सबिता व उप प्रधान सीलक राम मलिक ने बताया कि सोमवार को बातचीत न करके सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को अपमानित किया है।


**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं.: 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञा. सं. 11/2019 और अन्य सम्बन्धित शुद्धिपत्र, जो विभिन्न पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण के लिये विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित किये गये थे और एचएसएससी वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है, के संदर्भ में।

सर्व साधारण की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि उम्मीदवारों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुये, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञा. सं. 11/2019 के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिये आवेदन प्रपत्र हेतु एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। तदनुसार, जो उम्मीदवार पूर्व में आवेदन नहीं कर सके थे, अब विज्ञापन में पहले ही दिये अनुसार यूआरएल पते http://adv112019.hryssc.in/ StaticPages/HomePage.aspx के माध्यम से 24.09.2019 से 30.09.2019 तक अप. 11:59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् वेबसाइट लिंक अयोग्य बन जाएगा। शुल्क के जमा हेतु अन्तिम तिथि 04.10.2019 होगी।

विज्ञापन सं. 11/2019 के अन्य नियम व शर्तें यथावत् रहेंगे।

टिप्पणी :- उपरोक्त सार्वजनिक सूचना आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- अवर सचिव,
दिनांक : 10.09.2019 — कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/177/1920/78614 दि. 10.09.19



**नगर निगम, रोहतक**

**नीलामी सूचना**

आयुक्त नगर निगम, रोहतक की ओर से नीचे कार्य की नीलामी इसके समक्ष वर्णित तिथि को स्थल पर आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नीचे कार्य की खुली नीलामी में उपस्थित हो सकते हैं। धरोहर राशि नकद में अथवा आयुक्त नगर निगम, रोहतक के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलामी प्रक्रिया में उपस्थित रहने के इच्छुक व्यक्तियों / एजेंसियों द्वारा जमा करवाई जानी होगी।

प्रभारी अभियंता की संतुष्टि होने तक सभी प्रकार से पूर्ण मलबे को हटाने समेत विखण्डन की आवश्यकता वाले भवन का नाम।

| क्र. सं. | भवन का नाम | आरक्षित कीमत | विखण्डन की समय सीमा | नीलामी की तिथि पूर्वा.11.00 बजे | नीलामी का स्थान | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (ए) | 33 केवी सब स्टेशन मॉडल टाउन रोहतक के एसडीओ कार्यालय भवन का विखण्डन। | 280501/ | 15 दिन | 11.09.2019 | कार्यालय अधिशासी अभियंता, एम.सी. रोहतक | रु. 1,00,000/- |
| (बी) | 33 केवी सब स्टेशन मॉडल टाउन रोहतक के एक्सईएन कार्यालय भवन का विखण्डन। | 427076/- | | | | |
| | | 707577/- | | | | |

शर्तें :-

1. उच्चतम बोलीदाता की नीलामी स्वीकृति के अनुमोदन का अधिकार आयुक्त, नगर निगम, रोहतक के पास होगा जो उच्चतम बोली को स्वीकार करने के लिये स्वयं बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए प्राप्त नीलामी को निरस्त करने के लिये उनके पास अधिकार सुरक्षित हैं।
2. यदि उच्चतम बोलीदाता कार्य नहीं संभालता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. सफल बोलीदाता को इस आशय का एक शपथ-पत्र जमा करवाना होगा कि समय-समय पर हरियाणा सरकार / भारत सरकार द्वारा काली सूची में डाले गये व्यक्ति / एजेंसी के साथ उसका कोई सम्बन्ध अथवा नाता नहीं है।
4. बिक्री / कार्य कर, आयकर, श्रम उपकर अथवा लागू अनुसार अन्य कोई कर का भुगतान सरकारी निर्देशों के अनुरूप बोलीदाता द्वारा किया जाएगा।
5. उच्चतम बोलीदाता को कार्य के आवंटन पत्र की तिथि से 3 दिन के अंदर पूर्ण बोली राशि जमा करवानी अपेक्षित हैं। जिसमें विफल रहने पर उसके द्वारा जमा करवाई गई ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
6. उच्चतम बोलीदाता की धरोहर राशि को जमानत राशि में परिवर्तित कर दिया जाएगा जोकि प्रभारी अभियंता की निर्धारित अवधि में संतुष्टि के अनुसार स्थल की पूर्ण सफाई के उपरांत वापस कर दी जाएगी।
7. स्थल का कब्जा पूर्ण राशि जमा करवाने के पश्चात् ही दिया जाएगा।
8. असफल बोलीदाताओं की जमानत लौटा दी जाएगी परन्तु उच्चतम बोलीदाता की जमानत बाद में लौटाई जाएगी जब तक इस मामले में अन्तिम निर्णय नहीं हो जाता।

हस्ता/- अधिशासी अभियंता,
कृते आयुक्त,
नगर निगम, रोहतक

पीआरडीएच-1078/11/8347/1920/78617 दि. 10.09.19

## खबर संक्षेप



### आज से केंद्रीय मंत्री ईरानी दो दिन के अमेठी दौरे पर

**अमेठी।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 11 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी। उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री 11 सितंबर को सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर अमेठी पहुंचेंगी। उसके बाद वह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमेठी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने बताया कि स्मृति उसके बाद लखनऊ के मण्डलीय रेलवे प्रबन्धक तथा गृह एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ गौरीगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। फिर दोपहर में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में अमेठी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगी।

### ट्रेन में शराब पीकर हंगामा कर रहे युवक लोस अध्यक्ष बिरला ने भिजवाए जेल

**मथुरा।** दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से रविवार रात को इंदौर जा रही 12416 इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बगल के कूपे में शराब पीकर हंगामा कर रहे युवकों को सबक सिखाने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। रेलवे पुलिस ने यह जानकारी दी। रेलवे पुलिस ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने जब अपने पीए राघवेंद्र को उन्हें समझाने के लिए भेजा तो युवक उनसे ही भिड़ गए। तब उन्होंने अपने पीए को इसकी सूचना रेलवे नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया। जब ट्रेन मथुरा जंक्शन पहुंची तो रेलवे के थाना प्रभारी ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

### फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी टीम के साथ रहे मौजूद

# एसआईटी ने हॉस्टल में खंगाला छात्रा का कमरा

**टीम ने वार्डन, लॉ कॉलेज के प्राचार्य समेत कई लोगों से की पूछताछ**

एजेंसी ▶▶| शाहजहांपुर

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को पीड़िता के हॉस्टल का कमरा देखा और साक्ष्य जुटाए। एसआईटी मध्याह्न कॉलेज परिसर पहुंची। टीम ने करीब पांच घंटे तक छात्रा के कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम के साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य संजय बरनवाल ने बताया कि छात्रा हॉस्टल के कमरे में अकेली रहती थी। कॉलेज के प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान एसआईटी के साथ पीड़िता और उसका परिवार भी मौजूद था। सूत्रों के मुताबिक स्वामी चिन्मयानंद कॉलेज परिसर में बने अपने आवास दिव्य धाम में मंगलवार को मौजूद नहीं थे। पीड़िता जिस कमरे में रहती थी, पुलिस ने उसे सील किया हुआ था। एसआईटी ने उसकी सील तोड़ कर मौका मुआयना किया।



**टीम ने पीड़ित परिवार के अलावा किसी को नहीं दी अंदर आने की अनुमति**

एसआईटी ने एसएस डिग्री कॉलेज में छात्रा व उसके पिता को भी बुलाया। इसके साथ ही कॉलेज स्टाफ के साथ छात्रावास में छात्रा के कमरे को खुलवाया। वहां पर वार्डन, लॉ कॉलेज के प्राचार्य आदि से पूछताछ भी की। इस दौरान वहां पर किसी भी मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। एसआईटी ने पीड़ित परिवार की मौजूदगी में आश्रम के हॉस्टल को खंगाला। इसके साथ ही उस कमरे को खोला गया, जहां पर लड़की ने स्वामी चिन्मयानंद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में सोमवार को उस वक्त नया मोड़ आ गया जब, पीड़िता ने शाहजहांपुर के जिलाधिकारी पर ही धमकाने का आरोप लगाया।

#### छात्रा की मौजूदगी में जुटाए साक्ष्य

एसआईटी ने पीड़ित छात्रा के कमरे से उसकी मौजूदगी में साक्ष्यों का संकलन किया। पीड़िता ने दावा किया है कि कमरा नंबर-102 में स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ सभी साक्ष्य मौजूद हैं। छात्रा ने बताया था कि हॉस्टल के कमरे में स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ सभी सबूत सुरक्षित हैं। इस कमरे को शुरू में ही छात्रा की मां ने सील करने की मांग की थी। दो दिन के बाद मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने उस कमरे को सील किया था। पीड़िता ने बताया कि उसने एसआईटी को मामले की सभी जानकारियां दे दी हैं। छात्रा के पिता ने बताया कि अभी तक न तो मुकदमा दर्ज कराया गया और न ही छात्रा का मेडिकल हुआ।

#### भाजपा के डीएनए में शामिल है 'अपराधियों से प्रेम': कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भाजपा के पूर्व सांसद स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाने वाली छात्रा के मीडिया के सामने आने के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र एवं उत्तर प्रदेश की सरकारों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 'अपराधियों से प्रेम और संलिप्तता' भाजपा के डीएनए शमिल हो चुका है।

### बिहार में हादसा...

# सेप्टिक टैंक में दम घुटने से परिवार के चार लोगों की मौत




**एक व्यक्ति दुर्घटना वश टैंक के अंदर गिर गया, उसे बचाने के लिए गए लोगों ने भी जान गंवाई**

एजेंसी ▶▶| मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के एक गांव में नवनिर्मित सेप्टिक टैंक में दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

उप-संभागीय मजिस्ट्रेट (पूर्व) कुंदन कुमार ने बताया कि घटना मीनापुर ब्लॉक की बारा भारती पंचायत के अंतर्गत आने वाले मधुबन कान्ति गांव में मंगलवार सुबह हुई, जब नवनिर्मित सेप्टिक टैंक को खोलने गया एक व्यक्ति दुर्घटनावश उसके अंदर गिर गया। कुमार ने बताया कि जहरीली गैस के कारण दम घुटने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसे बचाने के लिए टैंक के अंदर गए तीन अन्य लोगों की भी दम घुटने से जान चली गई।

#### चार लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा

उप-संभागीय मजिस्ट्रेट ने बताया कि मृतकों की पहचान मधुसुदन सहनी, कौशल कुमार, धर्मेन्द्र सहनी और वीर कुमार सहनी के तौर पर हुई है। इन सबकी उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच थी। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए 'श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल' भेजा गया है। मीनापुर के क्षेत्राधिकारी ज्ञान प्रसाद श्रीवास्तव ने मृतकों के परिवार वालों को चार लाख रुपए देने की घोषणा की है।

## एके-47 के साथ वीडियो वायरल करने के आरोप में दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| पटना

बाहुबली विधायक अनंत सिंह के दुश्मन नंबर वन हैं विवेका पहलवान। उसी विवेका पहलवान के घर बाढ़ के दो अपराधी चंदन और विक्की ने एके-47 के साथ वीडियो बनाया था और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इन दोनों अपराधियों, विक्की और चंदन को पटना पुलिस ने मंगलवार की सुबह मोकामा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

दोनों अपराधी यहां से कहीं और भागने की तैयारी में थे। गुप्त सूचना के आधार पर बाढ़ की एएसपी लिपि सिंह की अगुवाई में आयी पुलिस की टीम ने मोकामा स्टेशन के गोलंबर के निकट से दोनों को धर दबोचा है। दोनों से पुलिस सख्ती से पूछताछ करने में जुटी है ।

#### विवेका पहलवान के घर बनाया था वीडियो

विवेका पहलवान के बाढ़ स्थित घर पर पटना पुलिस ने रेड किया था। लेकिन दोनों अपराधी पुलिस के आने से पहले फरार हो गए थे। दोनों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पिछले दिनों दोनों अपराधियों का एके-47 राइफल लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद पूरे बिहार में सनसनी मच गई थी। बता दें कि इससे पहले बाहुबली विधायक अनंत सिंह के दुश्मन विवेका पहलवान के भतीजे कर्मवीर यादव का भी एके-47 राइफल लिये एक वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। बाद में पता चला कि वह वायरल वीडियो विवेका पहलवान के घर का है। उस वीडियो में कर्मवीर के अलावा अन्य दो युवक भी देखे गए। मीडिया में जब बात आई तो कहा गया कि वह प्लास्टिक का है। पटना पुलिस ने इस वीडियो को गंभीरता से लिया और इसी को लेकर शुक्रवार को पटना पुलिस ने बाढ़ स्थित विवेका पहलवान के घर पर छापेमारी की।

## आईआईटी कानपुर: विदेशी छात्रा ने शिक्षक पर लगाया अनुचित व्यवहार का आरोप

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में पढ़ने वाली एक विदेशी छात्रा द्वारा एक शिक्षक पर 'अनुचित व्यवहार' करने का आरोप लगाये जाने के बाद आरोपी शिक्षक को शिक्षण कार्य से हटा दिया गया है। आईआईटी कानपुर की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक, पिछले सप्ताह एक छात्रा ने एक शिक्षक के खिलाफ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था। बयान में कहा गया कि संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कामकाजी महिलाओं के शोषण की रोकथाम के लिये (विशाखा) के दिशा निर्देशों के आधार पर जांच आरंभ की और जिस पाठ्यक्रम में छात्रा पढ़ रही थी वहां से आरोपी शिक्षक को हटा दिया। कार्यस्थल पर होने वाले यौन-उत्पीड़न के खिलाफ 1997 में उच्चतम न्यायालय ने कुछ निर्देश जारी किए थे, जिसे 'विशाखा दिशानिर्देश' के रूप में जाना जाता है।


**केन फिन होम्स लि.**

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) प्रथम तल, आनंद प्लाजा, छोटूराम चौक रोहतक-124001 (हरियाणा) फोन : 01262-257852, मो. 7625079178
पंजी. कार्यालय : सं. 29/1, श्री एम.एन. कृष्णा राव रोड, लाल बाग वेस्ट, बासावानागुडी, बंगलौर-560004
CIN : L85110KA1987PLC008699 Email : rohtak@canfinhomes.com Website : www.canfinhomes.com

**कब्जा सूचना [नियम 8 (1)] [अचल सम्पत्ति हेतु]**

केन फिन होम्स लि. का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत और प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 और उक्त अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 06.07.2018 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें कर्जदारों **श्रीमती सीमा देवी और श्री जितेन्द्र सिंह, का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि रु. 30,71,508/-** और निष्पादन की तिथि तक अनुबंधात्मक दर पर आगामी ब्याज सहित पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी 10 सितम्बर 2019 को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा-13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा** ले चुके हैं।

**कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिये, उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।**

कर्जदार को विशेषतः और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ डील न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग राशि रु. 35,44,333/- और उस पर ब्याज हेतु **सीएफएचएल** की वसूली के अधीन होगी।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

मकान गली नं. 8, डाबर कॉलोनी, खेवट/खतौनी सं. 1286/1630, खसरा नं. 84/22/2 (4-0) तथा 97/2 (8-0) 9 (8-0), तोशाम बाईपास, भिवानी, हरियाणा।
उत्तर में : राधेश्याम की सम्पत्ति, **पूर्व में** : गली, **पश्चिम में** : गली, **दक्षिण में** : राजेश देवी सरिया का मकान

दिनांक : 10.09.2019
स्थान : रोहतक
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लि.


## राशिफल 11 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : किसी प्रॉप्रर्टी को खरीदने के लिए दिन अच्छा है। सेहत के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार को कोई मामला संजीदीगी से सुलझाना होगा। घर खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : क्रीम।

**वृषः** आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। परिवार में तनाव को कम करने की कोशिश करेंगे। यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंकः** 2, **रंगः** पीच।

**मिथुनः** किसी चीज़ में निवेश करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। परिवार का कोई झगड़ा सुलझा सकते हैं। प्रॉप्रर्टी से जुड़े कामों के लिए दिन अच्छा नहीं है। **शुभ अंक** : 1, **रंगः** लाइट पिंक।

**कर्कः** बच्चों के साथ दिन बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी घर या अपॉर्टमेंट की खरीददारी कर सकते हैं। पढ़ाई को लेकर सतर्क रहें। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** मर्जेंटा।

**सिंहः** किसी बीमारी में घरेलू नुस्खे अपनाना फायदेमंद साबित होगा। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** लेमन।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र पर कोई आपके आइडिया का विरोध कर सकता है। परिवार में किसी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। किसी प्रॉप्रर्टी को बेचने की सोच सकते हैं। **शुभ अंकः** 3, **रंगः** केसरिया।

**तुलाः** धन लाभ के योग बन रहे हैं। आशावादी सोच कार्यक्षेत्र पर आपको समस्याओं से बचाएंगी। सेहत के लिए दिन अच्छा है। किसी दोस्त के साथ दिन बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंकः** 4, **रंग** : इलेक्ट्रिक ग्रे।

**वृश्चिकः** पढ़ाई में तैयारी करने के लिए दिन अच्छा है। किसी शादी या समारोह में व्यस्त रह सकते हैं। परिवार में तनाव का माहौल रहेगा। यात्रा के कारण परेशानियां हो सकती हैं। **शुभ अंकः** 22, **रंग** : टरक्वॉइश ब्लू।

**धनुः** आर्थिक स्थिति मज़बूत रहेगी। घर को लेकर आप कोई महंगा आइडिया सोच सकते हैं। किसी प्रॉप्रर्टी को बेचने के अच्छे दाम बढ़ सकते हैं। पढ़ाई के लिए समय अच्छा है। **शुभ अंक** : 5, **रंगः** गाढ़ा लाल।

**मकरः** व्यवसाय में लाभ के योग बन रहे हैं। दोस्त के साथ घूमने जा सकते हैं। प्रॉप्रर्टी, ऑफिस से जुड़े कागजात संभालकर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में उपहार स्वरुप धन मिल सकता है। **शुभ अंक** : 11, **रंगः** क्रीम।

**कुंभ** : किसी से मिलकर पुराने गिले शिकवे मिटा सकते हैं। परिवार के किसी छोटे सदस्य के कारण गर्व महसूस करेंगे। किसी प्रॉप्रर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** सफेद।

**मीनः** कार्यक्षेत्र पर अपनी क्षमता से सीनियर्स को प्रभावित कर पाएंगे। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। दोस्तों, करीबियों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पढ़ाई को लेकर सतर्क रहें। **शुभ अंक** : 8, **रंग** : पर्पल।

**:टिप्स:**

1. कार्यस्थल पर बैठने की व्यवस्था कुछ इस तरह रखें कि किसी से सीधे टकराव की स्थिति न बनें। क्योंकि लगातार किसी पर नजर बने रहने से टकराव की स्थिति बनती है।
2. खेलकूद और संगीत घर को तनावरहित रखता है। समुद्र की तरंग, बारिश की आवाज और जंगल की सरसराहट जैसी आवाज घर में कोमल माहौल बनाकर रखता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### यूपी कैबिनेट में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर...

# यूपी सरकार मॉब लिंचिंग व रेप पीड़तों को देगी मुआवजा

**राहत की राशि के अधिकतम 25 फीसदी हिस्से को अंतरिम क्षतिपूर्ति के तौर पर दिया जाएगा**

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को मॉब लिंचिंग तथा बलात्कार के अपराध के पीड़ितों को अंतरिम राहत मुहैया कराने का फैसला किया। इसके साथ ही कैबिनेट में 11 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि मंत्रिमंडल ने बलात्कार और मॉब लिंचिंग के ऐसे मामले जिनमें जांच लंबित है, उनके पीड़ितों को अंतरिम राहत उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

किसी भी मामले में हिंसक भीड़ के हमले में जान गंवाने वाले यानी मॉब लिंचिंग के शिकार के आश्रितों को अब उत्तर प्रदेश सरकार ने मुआवजा देने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी। इसमें अलग-अलग परिस्थिति में 14 बिंदुओं पर तय मुआवजे में से जिलाधिकारी के स्तर पर 25 फीसदी अंतरिम मुआवजा अब दिया जा सकेगा। भीड़ की हिंसा सहित अन्य अपराधों में पीड़ित को क्षतिपूर्ति राशि की 25 प्रतिशत रकम का अंतरिम भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही अब दुष्कर्म तथा एसिड अटैक के पीड़ितों को भी अब सरकार मुआवजा देगी। रिट याचिका संख्या से 754/2016 तहसीन एस पूनावाला बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य हाईकोर्ट के कार्य का निर्णय में दिए गए मार्गदर्शन सिद्धांतों का पालन द्वारा कार्य हिंसा/ हत्या के पीड़ित को क्षतिपूर्ति एवं अंतरिम राहत प्रदान करने का प्रस्ताव पास हो गया।

प्रदेश कैबिनेट ने धान के समर्थन मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास किया है।

इसके साथ ही धान क्रय नीति के तहत 50 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया गया है।





#### 'गोविंद बल्लभ पंत ने रखी थी प्रदेश के समग्र विकास की बुनियाद'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद बल्लभ पंत ने राज्य के समग्र विकास की बुनियाद की नीवं रखी थी। उनका सपना उत्तर प्रदेश को देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाना था, मेरी सरकार केंद्र की मदद से उनके सपनों को साकार करने का हर संभव प्रयास कर रही है। मंगलवार को यहां लोकभवन में जीबी पंत की 132 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पंत कुशल प्रशासक के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी भी थे।


**IST LIMITED**
CIN: L33301HR1976PLC008316
**Registered Office:** Dharuhera Industrial Complex, Delhi Jaipur Highway No. 8, Kapriwas, Dharuhera, Dist. Rewari - 123102, Haryana
**Tel:** (91) 1274 - 267346, 267347, 267348,267419,267420 **Fax:** 01274- 267444
**Website:** www.istindia.com; **E-mail:** istgroup.ho@gmail.com

**NOTICE OF THE 43RD ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

**NOTICE** is hereby given that the 43rd Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company is scheduled to be held on Monday, the 30th September 2019 at 11:30 AM at the Registered Office of the Company at Dharuhera Industrial Complex, Delhi - Jaipur Highway No. 8, Kapriwas, Dharuhera, Distt. Rewari - 123102, Haryana to transact the business as set out in the Notice dated 24th August, 2019 convening the said AGM.

In terms of the provisions of Section 101 and Section 136 of the Companies Act, 2013 read along with Rule 18 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, including any amendment thereto, the Notice setting out the business to be transacted at the 43rd AGM along with the Explanatory Statement pursuant to Sec. 102(1) of the Companies Act, 2013 and the Annual Report of the Company for the financial year 2018-19 have been sent through electronic mode to those shareholders whose e-mail IDs are registered with the Companies/Depository Participants on Saturday, 7th September, 2019 and to all other Members, whose e-mail IDs are not registered with the Company/Depository Participants or to members who holds shares in physical mode at their Registered Address in permitted manner on Thursday, 5th September, 2019. The dispatch of the Notice in both the mode have been completed on 7th September, 2019.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is offering the remote e-voting facility to all its Members, holdings shares as on the cut-off date i.e. 22nd September, 2019 to enable them to cast their vote electronically in respect of the business as set out in the Notice of the 43rd AGM of the Company. The Company has allied assistance for remote e-Voting from National Securities Depository Limited (NSDL) to provide remote e-voting facilities which can be accessed at the website www.evoting.nsdl.com.

The Company has appointed Ms. Neetu Saini, Company Secretary in whole-time practice, New Delhi as the Scrutinizer to scrutinize the voting process in a fair and transparent manner.

The members are informed that:
a) The Business as set out in the Notice of the AGM may be transacted through voting by electronic means;
b) The remote e-voting shall commence on Friday, the 27th day of September 2019 (9.00 A.M.);
c) The remote e-voting shall end on Sunday, the 29th day of September 2019 (5.00 P.M.);
d) The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is Sunday, 22nd September, 2019;
e) Any person who acquires shares of the Company and become Member of the Company after the dispatch of the Notice of the AGM and holds shares as on the cut-off date i.e. Sunday, 22nd September, 2019 may obtain the login Id and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or to the Company's Registrar - Mas Services Limited at info@masserv.com, sm@masserv.com;
f) The members may note that the:
   A. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL beyond 05:00 PM on Sunday, the 29th day of September 2019;
   B. The facility of voting through Ballot Papers will be made available at the AGM for members present at the Meeting;
   C. Members who have casted their votes by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again;
   D. Only the Members whose names are recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owner maintained by the Depositories as on the cut-off date i.e. 22nd September, 2019 shall be entitled to avail the facility of remote e-voting facility as well as voting using Ballot Papers at the AGM. A person who is not a member as on the cut-off date should treat this Notice for information purposes only;
g) The Notice of the AGM and the Annual Report for the financial year 2018-19 are available on the website of the Company at www.istindia.com;
h) For any grievances/ queries/clarification relating to e-voting, the Members may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com or call toll free no. 1800-222-990. Members can also contact Company's Registrar and Share Transfer Agent - M/s. Mas Services Limited, having their office at T - 34, 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase II, New Delhi - 110020, Email id: info@masserv.com / sm@masserv.com, contact no. 011-26387281, 26387282, 26387283 to resolve any grievances;

**Notice** is hereby also given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from Monday, 23rd September, 2019 to Monday, 30th September, 2019 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting.

Date: 10.09.2019
Place: New Delhi
For IST Limited
Sd/-
Bhupinder Kumar
Company Secretary


### हेलमेट और बीमा के बिना चलने पर भी नहीं किए चालान

# मोतिहारी में पुलिस ने दिखाई गांधीगिरी

एजेंसी ▶▶| मोतिहारी

बिहार के मोतिहारी शहर में बिना हेलमेट या बीमा नवीनीकरण के चलने वाले मोटरसाइकिल सवारों के साथ पुलिस का अनोखा व्यवहार सामने आया है। दरअसल बिना हेलमेट चलने वालों या जिनका बीमा खत्म हो चुका है, उनका चालान काटने की जगह पुलिस उन्हें अपनी गलती सुधारने का मौका दे रही है। इसके लिए पुलिस ने जांच चौकियों पर ही व्यवस्था की है, ताकि सवारी तुरंत हेलमेट खरीद सकें और वाहन बीमा का नवीनीकरण करा सकें। इस अभियान की शुरुआत पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में छतौनी थाने के एसएचओ मुकेश चंद्र कुंवर ने की है। उन्होंने बताया कि मैंने कुछ हेलमेट विक्रेताओं और बीमा एजेंटों से बात की है, जिन्होंने जांच चौकियों के पास स्टॉल लगाए हैं। सवारियों पर जुर्माना नहीं लगाया जा रहा है, क्योंकि इससे उन्हें महसूस होता है कि वे अपराधी हैं। इसके बजाय, वे अच्छी गुणवत्ता वाले हेलमेट खरीदने और अपने बीमा को नवीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने जिला परिवहन विभाग से एक अधिकारी को तैनात करने का भी अनुरोध किया है, जो बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे लोगों को मौके पर ही लर्नर लाइसेंस जारी कर दें।



उन्होंने कहा कि जनता के बीच इस बात की भी धारणा बढ़ रही है कि संशोधित मोटर वाहन अधिनियम ने पुलिस को जबरन पैसा निकलवाने के लिए खुली छूट दे दी है। इस तरह का अविश्वास पुलिस व्यवस्था के लिए हानिकारक है। एसएचओ ने कहा कि मोतिहारी का ऐतिहासिक महत्व उस भूमि के रूप में है जहां महात्मा गांधी ने 1917 में चंपारण सत्याग्रह का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि मैंने शहर की ऐतिहासिक विरासत से प्रेरणा ली और इस योजना को लेकर आया, जो हमें संशोधित एमवी एक्ट के उद्देश्य को प्रभावी तरीके से हासिल करने में मदद कर सकता है। कुंवर ने हालांकि कहा कि सद्भावना के आधार पर सभी अपराधों को माफ नहीं किया जा सकता है।

#### प्रतिबंधित मामले में होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति शराब के नशे में या शराब के प्रभाव में पाया जाता है, जिसकी बिक्री और खपत बिहार में प्रतिबंधित है, तो हमारे पास कानून के मुताबिक कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

# लांग प्रूफ रेंज खमरिया में होगी 'धनुष' तोप की फायरिंग जांच

**जीसीएफ के धनुष सेक्सशन में दो तोप बनाए जा रहे हैं, निर्माणी प्रशासन ने सेक्शन के प्रभारी को दो टूक कहा है कि इन तोपों को दिल्ली भेजना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

गन कैरिज फैक्टरी (जीसीएफ) में निर्मित स्वदेशी 'धनुष' तोप (155 एमएम/45 कैलिबर गन) का खमरिया की लांग प्रूफ रेंज (एलपीआर) में जल्द फायरिंग जांच होगी। इसके बाद यह तोप बालासोर और पोखरण फायरिंग रेंज तक भेजी जाएंगी। एलपीआर से सटकर बसे गांव तिलगवां के लोगों को सतर्क किया जा रहा है कि फायरिंग के दौरान आस-पास फैला स्क्रेप बटोरने की मंशा से जाने का प्रयास न करें।

जीसीएफ के धनुष सेक्शन में दो तोप बनाने का काम लगातार चल रहा है। निर्माणी प्रशासन ने सेक्शन के प्रभारी को दो टूक कहा है कि इन दोनों तोपों को दिल्ली भेजना है, जहां 26 जनवरी की परेड में शामिल होंगी। ये तोप नवंबर में तैयार होने की उम्मीद है।



### दिल्ली से जाएंगी फायरिंग रेंज

दिल्ली परेड में शामिल होने के बाद इन दोनों तोपों को बालासोर या पोखरण फायरिंग रेंज भेजा जाएगा। किसी भी एक फायरिंग रेंज में परीक्षण होने के बाद इन्हें सैन्य प्रशासन को सौंप दिया जाएगा।

### पोखरण में यादगार परीक्षण

इससे पहले जीसीएफ में बनीं धनुष तोप का पोखरण फायरिंग रेंज में परीक्षण किया गया। 31 मई से 7 जून 2018 के बीच 6 धनुष तोपों से 301 राउंड फायरिंग की गई। इस तोप का सभी इलाकों में परीक्षण किया गया। 'धनुष' स्वीडन की 155 मिमी बोफोर्स तोप का उन्नत संस्करण धनुष तोप है।

### एक बैरल और पुनरावृत्ति तंत्र

धनुष 155 एमएम/45 कैलिबर की तोप है, जिसका विकास आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) कोलकाता ने भारतीय सेना की आवश्यकताओं के आधार पर किया है। इसकी आयुध प्रणाली में गोला (बारूद) को आग लगाने एक बैरल और पुनरावृत्ति तंत्र शामिल हैं। इसमें सटीकता के साथ 38 किमी. (बोफोर्स तोप से 11 किमी. अधिक) की मारक क्षमता है।

### 81 फीसद स्वदेशी

यह तोप पूरी तरह स्वचलित (ऑटोमेटिक) है, जिससे रात में आसानी से फायरिंग की जा सकती है। इस तोप का बड़ा चैंबर होने से इसका वजन सामान्य से थोड़ा अधिक है। इसके 81 फीसद कलपुर्जे स्वदेशी हैं, जिनको 90 फीसद तक बढ़ाए जाने पर काम चल रहा है।

### धनुष की कीमत साढ़े 14 करोड़

एक धनुष तोप की कीमत लगभग साढ़े 14 करोड़ रुपए और इसके एक शेल (गोला या बम) की कीमत करीब एक लाख रुपए है।

# मंत्री लखमा बोले-बड़ा नेता बनना है कलेक्टर- एसपी की कॉलर पकड़ो



रायपुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के मंत्री कवासी लखमा अपने बयानों को लेकर फिर एक बार घिर गए हैं। मंत्री कवासी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे स्कूली बच्चों से यह कह रहे हैं कि अगर बड़ा मंत्री और नेता बनना है तो कलेक्टर-एसपी का कॉलर पकड़ो। बच्चों के एक कार्यक्रम में कलेक्टर-एसपी का कॉलर पकड़ने की मंत्री के इस नसीहत के बाद बवाल खड़ा हो गया है। यह वीडियो को 4 दिन पुराना बताया जा रहा है, लेकिन वीडियो का खुलासा सोमवार को हुआ है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में मंत्री कवासी लखमा सुकमा जिले के पावारास सरकारी स्कूल में एक बच्चे ने मंत्रीजी से सवाल पूछा कि मुझे आपकी तरह नेता बनना है, बताइए ना हम कैसे बनेंगे, हमें क्या करना चाहिए। तब मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि ऐसा कुछ कर जाओ, जिससे सब लोगों के बीच में आपका नाम चल जाए। साथ ही उन्होंने विवादित बयान भी दे डाला।

## राज्य बनने के बाद हुए चार चुनावों में सीपीआई का वोट शेयर लगातार घट रहा

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विधानसभा सीट पर तीसरी ताकतों का भी रहा है दबदबा

**छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की दंतेवाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही है, मैदान में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही सीपीआई, जकांछ और बसपा समेत अन्य दलों ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की दंतेवाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही है। मैदान में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही सीपीआई, जकांछ और बसपा समेत अन्य दलों ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा ने तो इस सीट से अपने प्रदेश अध्यक्ष पर दांव खेला है। 1980 से अब तक हुए नौ चुनावों में पांच बार कांग्रेस, तीन बार सीपीआइ और दो बार भाजपा यहां से जीत दर्ज कर चुकी है। सीपीआई चार बार दूसरे नंबर पर रही है। बसपा इस सीट से अब तक केवल तीन बार चुनाव लड़ी है।

### घट रहा सीपीआई का वोट शेयर

इस सीट पर बीते नौ विधानसभा चुनावों में तीन बार जीत दर्ज करने के साथ सीपीआइ चार बार दूसरे नंबर की पार्टी रही। लेकिन पार्टी की यह कहानी छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले की है। राज्य बनने के बाद से हुए चार चुनावों में सीपीआइ का वोट शेयर लगातार घट रहा है।

**खास बातें**

- यहां पांच बार कांग्रेस, तीन बार सीपीआई और दो बार भाजपा विजयी रही
- बसपा केवल तीन बार ही चुनाव लड़ी
- कमजोर हो रही सीपीआई

**सीपीआइ चार बार दूसरे नंबर पर रही है, बसपा इस सीट से अब तक केवल तीन बार चुनाव लड़ी है**



### इनके बीच उपचुनाव की जंग

अजय नाग-एनसीपी, ओजस्वी भीमा मंडावी-भाजपा, देवती कर्मा-कांग्रेस, भीमसेन मंडावी-सीपीआइ, सुजित कर्मा- जकांछ, हेमंत पोयाम-बसपा, बल्लू राम भवानी-आप, योगेश मरकाम-जीजीपी और सुदरू राम कुंजाम-निर्दलीय।

### चौथे नंबर पर नोटा

नोटा का प्रयोग 2013 के विधानसभा चुनाव से शुरू हुआ। आदिवासी सीट दंतेवाड़ा में उस वर्ष 9673 वोटरों ने नोटा का प्रयोग किया, जो कुल मतदान का 8.93 फीसद था। बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में कुल 9929 वोटरों ने नोटा का उपयोग किया, जो कुल मतदान का 8.74 फीसद रहा। दोनों बार नोटा चौथे नंबर पर रहा।

### उपचुनाव में बसपा- जकांछ अलग- अलग

बसपा और जकांछ ने नवंबर- दिसंबर में हुआ विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था। दंतेवाड़ा सीट बसपा के खाते में गई थी। पार्टी के प्रत्याशी ने करीब पांच फीसद से अधिक वोट हासिल किया था, जबकि इसके पहले के दोनों चुनाव में जब बसपा का वोट शेयर तीन फीसद से कम था। उप चुनाव की जंग में फिर दोनों पार्टियां अलग-अलग हैं।

## कर्मा की बेटी तूलिका ने पवन को दी जेल भिजवाने की धमकी, ऑडियो वायरल

दंतेवाड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी देवती कर्मा की बेटी और महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष तूलिका कर्मा का एक धमकी भरा ऑडियो वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में वे एक व्यक्ति को धमकी देते हुए कह रही हैं कि बहुत हिम्मत हो गई है, जब चाहूंगी तब तुम्हे जेल भेज दूंगी। एसपी कमलोचन साहब ने साफ तौर पर तुम्हारा नाम लिया था। नक्सलियों की मीटिंग में जाते हो। उनके लिए काम करते हो। हम तो अपना समझ कर छोड़ते रहे। अब तुम देख लेना। सामने वाला व्यक्ति यही कहता रहा अपना नाम कटवा देंगे बुआ। अपना नाम कटवा देंगे बुआ। यह धमकी दंतेवाड़ा जिले के ही आनार गांव के रहने वाले पवन कर्मा दी गई। ऑडियो में एक और नाम का जिक्र किया गया है उसका नाम सुखनाथ है।



### वोट बैंक की राजनीति में नक्सल संरक्षण

यह ऑडियो कितना सच है इसका पता तो जांच के बाद ही चलेगा, लेकिन यह साफ हो गई कि वोट बैंक को बनाए रखने के लिए यही नेता नक्सलवाद को जानते हुए अपने आंगन में पाल रहे हैं। यह वायरल आडियो इस बात को इंगित कर रहा है। इस मामले पर चुप हैं कांग्रेसी कांग्रेस के पदाधिकारी इस मामले पर चुप हैं।

# बाइक सवार को रौंदकर भाग रही बस में लगी आग, एक की मौत

**हादसे के बाद आनन-फानन में मुसाफिर बस से उतरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी

मंडला की ओर जा रही बस के ड्राइवर ने मंगलवार सुबह बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। वहीं बाइक बस के नीचे फंस गई, इसके बाद भी ड्राइवर ने तकरीबन 100 मीटर तक तेज रफ्तार में बस दौड़ा दी। बाइक से निकली चिंगारी और पेट्रोल निकलने से बस में आग लग गई। आग लगते ही ड्राइवर और कंडक्टर बस रोक कर मौके से फरार हो गए।

वहीं 17 यात्री बस से नीचे उतरकर दूर चले गए। डूंडासिवनी थाना प्रभारी अमित दानी ने बताया कि तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने बाइक सवार को टक्कर मारने और बस के नीचे बाइक फंसने के बाद भी बस नहीं रोकी। जिससे निकली चिंगारी के कारण बस में आग लग गई। हादसे में बाइक सवार एक की मौत हो गई है एक अन्य को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।



# वन विभाग का फुला रखा था दम दो दिन बाद पकड़ में आया तेंदुआ

**रेस्क्यू कर वन विभाग का अमला जबलपुर ले गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दो दिनों से वन विभाग को छका रहा तेंदुआ आखिरकार मंगलवार को पकड़ में आ गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने उसे गन की मदद से ट्रेंकुलाइज किया। बेहोश होते ही वन विभाग के अमले ने उसे दबोच लिया। रेस्क्यू करने के बाद तेंदुए को वन विभाग की टीम सड़क मार्ग से जबलपुर की तरफ रवाना हो गई। इससे पहले मंगलवार सुबह पुराना थाना क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की खबर से इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की नाकाबंदी कर दी गई थी।



इस दौरान खबर आई कि तेंदुए ने एक बच्चे को घायल कर दिया है। इसके बाद वन विभाग का अमला हरकत में आया और उसे एक घर में घेर लिया गया। लेकिन यहां भी तेंदुआ रेस्क्यू टीम को छकाकर बाहर भाग निकला। इसके बाद उसे ट्रेंकुलाइज करने का फैसला किया गया और कई घंटों की मशक्कत के बाद तेंदुआ पकड़ में आ गया।

# कांग्रेस छग में जीरो सदस्य मानकर सदस्यता अभियान शुरू करेगी

**बैठक में मिले दिशा-निर्देशों के आधार परअभियान चलाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस जीरो सदस्य मानकर सदस्यता अभियान को शुरू करेगी। 12 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी के आला-नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान को शुरू करने में एक माह लग सकता है, लेकिन गुरुवार को पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी सदस्यता अभियान के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगी। सोनिया की सभी राज्यों से सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा होगी। बैठक में मिले दिशा-निर्देशों के आधार पर छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

- अभियान शुरू करने में एक महीने का समय लग सकता है




### छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अभी छह लाख सदस्य

वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के लगभग सवा छह लाख सदस्य हैं, लेकिन जब सदस्यता अभियान शुरू होगा, तो पुराने सदस्यों को फिर से रसीद कटानी होगी। मतलब, उनकी सदस्यता का नवीनीकरण होगा। छह लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे। पार्टी के आला-नेता सदस्यता अभियान को लेकर अभी से उत्साहित हैं। यही वजह है कि सदस्यता का लक्ष्य सीधे दोगुना कर दिया गया है। आला-नेताओं का मानना है कि सत्तारूढ़ दल का सदस्य हर कोई बनना चाहेगा।

### पीसीसी अध्यक्ष का दिल्ली जाना तय नहीं

पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम को भी दिल्ली जाना है, लेकिन वे दंतेवाड़ा उपचुनाव में व्यस्त हैं। इस कारण अब तक उनका दिल्ली जाना मुश्किल लग रहा है। दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री बघेल यहां प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक लेंगे। उन्हें सदस्यता अभियान की न केवल जानकारी देंगे, बल्कि अभियान को सफल बनाने के लिए उत्साह भी भरने की कोशिश करेंगे।

### दिल्ली में तय होगा कार्यक्रम

सदस्यता अभियान कब से शुरू होगा, कब तक चलेगा, सदस्यों की सूची कब तक फाइनल करनी होगी, सदस्यता अभियान से कितनी राशि प्राप्त हुई, यह सब जानकारी कब तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजनी होगी, इसे लेकर गुरुवार को दिल्ली में सोनिया गांधी बैठक लेंगे।

## पुलिया पार करते हुआ हादसा

# खंडवा में रिटायर्ड रेलवे कर्मी बहा, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में झमाझम बारिश के कारण कई क्षेत्रों में पानी भर गया है। हालात ये हैं कि लोगों का जनजीवन तक प्रभावित हो रहा है। खंडवा के समीपवर्ती गांवों का शहर से संपर्क टूट गया है। दूसरी ओर यहां के तीन पुलिया क्षेत्र में तेज बारिश से पानी भर गया। यहां पानी के बहाव में एक व्यक्ति बह गया। इसकी पहचान संतोष मांगीलाल भलराय 55 वर्ष, निवासी गणेश तलाई के तौर पर हुई है। मांगीलाल भलराय रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बताया जा रहा है कि वे सुबह के समय इस क्षेत्र में निकले थे। इसी दौरान तेज बहाव में बह गए। इस घटना के बाद राहत कार्य में लगे अमले द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति की खोज की जा रही है। एहतियातन इस क्षेत्र पर आवाजाही की रोक लगा दी गई है। इसके बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर यहां से निकल रहे हैं।

# व्यापारी बोले- अंतिम फैसला होने तक नहीं होगी ड्राय फ्रूट्स की खरीदी

**मंडी टैक्स लगने से व्यापारियों को रिटर्न जमा करने में परेशानी आएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ड्राय फ्रूट्स पर प्रस्तावित मंडी टैक्स का विरोध कर रहे व्यापारियों ने बीते दिन शहर आए कृषि मंत्री सचिन यादव से रेसीडेंसी कोठी में मुलाकात की। व्यापारियों ने कहा कि नए टैक्स से सरकार के राजस्व में कोई खास बढ़ोतरी तो नहीं होगी, लेकिन व्यापारियों की परेशानी बढ़ेगी और भ्रष्टाचार भी। मंत्री ने कारोबारियों को आश्वासन दिया कि वे परीक्षण करवाकर मामले को सीएम के सामने रखेंगे और सरकार उचित निर्णय लेगी। मंडी टैक्स पर अंतिम निर्धारण नहीं होने तक व्यापारियों ने भी ड्राय फ्रूट्स की खरीदी बंद करने की घोषणा कर दी। सियागंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल व व्यापारी थे।



### दूसरे प्रदेशों में शिफ्ट हो जाएगा व्यापार

खंडेलवाल ने कहा कि ड्राय फ्रूट्स का 90 फीसदी हिस्सा विदेश से आयात हो रहा है। यह न प्रदेश की उपज है, न ही देश की। ऐसे में इस पर मंडी टैक्स लगाने का निर्णय ही विसंगतिपूर्ण है। मप्र पहला राज्य होगा जो यह टैक्स लगाने जा रहा है। इसका दुष्प्रभाव ये होगा कि प्रदेश का व्यापार आसपास के प्रदेशों की मंडी में शिफ्ट हो जाएगा। मंत्री से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने साफ किया कि सरकार के फैसले तक ड्राय फ्रूट्स की खरीदी न की जाए। आगे प्रदेश के व्यापारियों की एक और बैठक बुलाई जाएगी। सरकार का निर्णय व्यापार हित में नहीं रहा तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी।

## मृतकों में एक भाजपा नेता का बेटा

# नागदा में आकाशीय बिजली गिरने से दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागदा

शहर से 3 किमी दूर गांव खजूरिया में बिजली गिरने से दो चचरे भाईयों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अर्जुन पिता प्रताप सिंह गुर्जर उम्र 32 वर्ष और करण पिता हरिसिंह गुर्जर उम्र 23 साल सुबह 10 बजे खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन पर बिजली गिर गई। जिससे दोनों की ही मौके पर मौत हो गई। मृतक करण कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता का बेटा है। हादसे के बाद ग्रामीण दोनों को नागदा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई है। विधायक दिलीप सिंह गुर्जर भी मौके पर पहुंचे हैं।

- अस्पताल में जमा हो गए ग्रामीण



## देश की ज्यादातर नर्सरियों में पौधे काले रंग की प्लास्टिक में तैयार किए जाते हैं

# छत्तीसगढ़ वन विभाग की नर्सरी में प्लास्टिक बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ का वन विभाग शीघ्र ही अपनी नर्सरियों में प्लास्टिक को बैन करने जा रहा है। विभाग की नर्सरी में पौधे अब प्लास्टिक में नहीं तैयार किए जाएंगे।

इसके लिए बांस के बने दोने और कपड़े के थैलों का उपयोग किया जाएगा। वन विभाग की इस कोशिश न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार भी मिलेगा। विभाग के इस प्रस्ताव को सरकार की हरी झंडी मिल गई है।



**25 करोड़ की काले प्लास्टिक खरीदता है वन विभाग**

*छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के ज्यादातर नर्सरियों में पौधे काले रंग की प्लास्टिक में तैयार किया जाता है। छत्तीसगढ़ का वन विभाग इसके लिए हर वर्ष करीब 25 करोड़ की प्लास्टिक की खरीद करता है।*

### दोने बनाने की तैयारी शुरू

*सरकार से इसकी मंजूरी मिलने के बाद बांस प्रसंस्करण केंद्र में दोने बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। थैली के लिए कपड़े खरीद की प्रक्रिया भी कागजों में शुरू हो चुकी है। दोने व थैली का आकार नर्सरी में अब तक उपयोग किए जा रहे प्लास्टिक बैग के अनुसार ही तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अफसरों ने बताया हर साल पौधों को तैयार करने 25 करोड़ से ज्यादा के प्लास्टिक बैग खरीदे जाते थे।*

### थैली के लिए टेंडर जारी

प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने बताया, वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने थैली के टेंडर जारी करने के साथ ही महिला समूहों का प्रशिक्षण शुरू करने को कहा है। अभी हमारे पास 15 सेंटर हैं। बांस के दोने का उपयोग बढ़ने पर और दूसरे शहरों में भी बांस प्रसंस्करण केंद्र खोले जाएंगे। सेंटर खुलने से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### 35 फीसद घटेगा खर्च

बांस के दोने बनाने में प्लिास्टक बैग की तुलना में करीब 35 फीसदी कम खर्च होगा। विभाग के पास बांस की कमी नहीं है। दोना बनाने में उसी का उपयोग किया जाएगा। थैली के लिए कपड़े खरीदकर महिला समूह को दिया जाएगा। वे अपने स्वसहायता केंद्र में थैली तैयारी नर्सरी में सप्लाई करेंगी। अफसरों के अनुसार इसका सबसे बड़ा फायदा रोजगार के अवसर के रूप में आएगा।

### स्व-सहायता समूहों को मिलेगा रोजगार

वन विभाग की इस पहल से महिला स्वसहायता समूह के 25 हजार से ज्यादा को रोजगार भी मिलेगा। राजधानी सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में 15 प्रसंस्करण केंद्र हैं। महिला समूह भी इसी से जुड़ा है।

## चिंतन

# मानवाधिकार की बात कर रहा बर्बर पाक

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाए जाने से बौखलाया पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अमेरिका से लेकर सऊदी अरब तक कश्मीर पर गुहार लगाए जाने के बावजूद जब उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला तो अब उसने यूएन में अपना घाटी राग अलापना शुरू कर दिया है। सुरक्षा परिषद में मुंह की खाने के बाद अब वो धारा-370 हटाए जाने को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी मुद्दा बनाने की कोशिशों में जुटा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को 115 पेज के झूठ के पुलिंदे के साथ कश्मीर को लेकर भारत पर आरोप लगाए। इस सारे घटनाक्रम में सबसे खास बात यह रही कि बैठक को संबोधित करने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए पाक विदेशमंत्री ने माना कि जम्मू-कश्मीर भारत का अंग है। अब इसका क्या मतलब निकाला जाए। एक तरफ तो कुरैशी जम्मू-कश्मीर में यूएन से दखल की मांग कर रहे हैं और दूसरी तरफ कश्मीर को भारत का अंग बता रहे हैं। उनके कथन से ही साफ झलक रहा है कि कश्मीर को लेकर विश्व बिरादरी से समर्थन न मिलने के कारण पाक का राजनीतिक नेतृत्व बौखलाहट की स्थिति में है। वो समझ ही नहीं पा रहा कि क्या गलत है और क्या सही? जहां तक पाक के मानवाधिकार का सवाल है तो भारतीय महाद्वीप पर पाक से ज्यादा मानवाधिकारों का हनन कोई और कर ही नहीं सकता। जिनेवा की जिस बैठक में कुरैशी भारत पर आरोप लगा रहे थे, उसके बाहर पाक कार्यकर्ताओं द्वारा बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर करने वाले बैनर लगाए गए थे। बलूच मानवाधिकार परिषद ने इस मुद्दे पर अंतराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने के लिए बलूचिस्तान प्रांत में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याओं, यातनाओं और अपहरण के मुद्दे को उजागर करने वाले पोस्टर लगाए हुए थे। यह सच है कि पाक के लिए बलूचिस्तान तल्ख़ हकीकत बन चुका है, जहां बगावत को कुचलने के लिए मानवाधिकारों की बलि चढ़ाई जा रही है। पाकिस्तानी फौज अपनी ही अवाम पर बम बरसा रही है। दिन निकलते ही फौज वहां वहशियत पर उतर आती है। न तो बहन-बेटियों को बख्शा जा रहा है और न ही वृद्धों को। बगावत को कुचलने के लिए फौज एक लाख से ज्यादा बलूचों का कत्ल कर चुकी है। कुरैशी उसी पाकिस्तान के विदेश मंत्री है जिसके वास्तविक चरित्र का निरूपण और चित्रण यदि राजनीतिक भाषा में किया जाए तो उसे बर्बर और नृशंस देश ही करार दिया जाएगा। अलग बांग्लादेश की आवाज को दबाने के लिए 30 लाख बेगुनाह लोगों की बेरहमी से हत्या करने वाले देश को और क्या कहा जा सकता है। बांग्लादेश का निर्माण हो जाने के बाद भी पाक ने अपने गुनाहों के लिए कभी सार्वजनिक तौर पर माफी तक नहीं मांगी। ऐसा देश जो अपनी बर्बता को लेकर कुख्यात रहा हो, वो मानवाधिकार की बात करे तो उस पर भरोसा कौन करेगा। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद के 47 देश सदस्य हैं। इसमें भारत, पाकिस्तान के साथ चीन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार हनन के प्रस्ताव को खत्म करने के लिए भारत को अधिकतम देशों के समर्थन की जरूरत होगी। तय है कि चीन को छोड़कर अधिकतर देश भारत के साथ खड़े हैं। विश्व बिरादरी पाकिस्तान के चरित्र को अब भली-भांति समझ चुकी है। अभी बैठक में भारत को पाक के इस अरोप का जवाब भी देना है, इससे पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की अध्यक्ष मिशेल बेस्लेट से मुलाकात करके उन्हें अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद से जम्मू-कश्मीर की स्थिति से अवगत कराया है। तय है कि पाक का यह आरोप कहीं टिकने वाला नहीं है, उसे यहां भी मुंह की खानी पड़ेगी।

## सारा संसार



यहां वन्यजीव हाथी, बाघ और गौर जैसे पक्षी-जानवरों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए पेरियार एक प्रसिद्ध जगह है। इसी के साथ यहां की प्राकृतिक खूबसूरती दुनियाभर के लोगों को अपनी तरफ खींचती है। केरल के सबसे अच्छे वन्य जीवन को देखने के लिए थेक्कडी झील में नाव का सफर करना जरूरी है। आप कुछ और ज्यादा एडवेंचरस करना चाहते हैं, तो आप गवी से होते हुए थेक्कडी से मोझीयार जा सकते हैं।

## व्यंग्य

राकेश सोहम

# हिंदी का राग

खूबसूरत पुरानी फिल्म चुपके-चुपके का एक दृश्य है। जिसमें धर्मेंद्र विशुद्ध हिंदी भाषी नौकर का अभिनय कर रहे हैं और अपने मालिक ओमप्रकाश से प्रश्न करते हैं, जब टी ओ टू और डी ओ डू होता है तो फिर जी ओ को गो क्यों उच्चारा जाता है? अंग्रेजी के बारे में कुछ ऐसी ही भ्रांतियां मेरे मन में भी रही। मुझे याद है बचपन में मैंने हिंदी दिवस पर अपनी पाठशाला में हिंदी कविता सुनाई थी। अंग्रेजी के कक्षा शिक्षक ने खुश होकर मुझे प्राचार्य के कक्ष में बुलाया और मेरा परिचय कराते हुए कहा, यह बालक तो आउटस्टैंडिंग है सर! मेरी बाल बुद्धि आश्चर्य में पड़ गई। मैंने अपने अधूरे अंग्रेजी ज्ञान को टटोला और पलटकर कक्ष के दरवाजे की ओर देखा। मैं तो कक्ष के अंदर ही था, फिर शिक्षक ने आउटस्टैंडिंग क्यों और किस लिए कहा! मेरे साथ अंग्रेजी के बारे में एक और रोचक अनुभव है। मेरे एक मित्र अहिंदी भाषी क्षेत्र से स्थानांतरित होकर आए थे। एक दिन मुझ से बोले, मुझे हिंदी नहीं आती। मैंने कहा, अभ्यास से आएगी, आप कोशिश तो करो। उन्होंने पूछा, कैसे? मैंने उन्हें कबीर की कुछ पंक्तियां कही, करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। वे चले गए और एक साल बाद फिर मिले तो बोले, मैंने हिंदी सीख ली और आपका वह, क्या कहते हैं मुहावरे का अर्थ भी जान लिया। मैंने आश्चर्य से कहा, वाह, अच्छा अर्थ बताओ। वह बड़ी शान से बोले, बार-बार अभ्यास करने से मति जड़ हो जाती है। मुझे उनकी बुद्धि पर दया आ गई और मैं उनकी तरफ देखता रहा। केवल हिंदी पखवाड़े में हिंदी सीखने से ऐसा ही होगा। सूना है, बाद में उनकी एक दिन हिंदी के गलत प्रयोग से दुर्गति होते-होते बची। उनका चपरासी नहीं आया था। अतः उन्होंने अपने अधीनस्थ से फाइल ले जाने का निवेदन किया और कहा कि यदि दिमाग न हो तो यह फाइल ले जाओ। वास्तव में उन्होंने अंग्रेजी के वाक्य इफ यू डोंट माइंड के शाब्दिक अर्थ का प्रयोग कर दिया था और उनका झगड़ा हो गया। खैर, सितंबर अभी बीता नहीं है। हिंदी को याद करने के लिए अभी समय है। 14 तारीख के आगे और पीछे हिंदी को याद करने के लिए एक पखवारा नियत है। पिछले पखवाड़े में कैद हिंदी फिर 15 दिनों के लिए आजाद हुई है। हिंदी को देखा जा सकता है। कैदियों को हर वर्ष तीज त्योहारों पर नाते रिश्तेदारों से मिलने जुड़ने का अवसर दिया जाता है। यह हिंदी का त्यौहार है। कार्यालयों में भी हिंदी पखवाड़े के बैनर पोस्टर लग गए हैं।

# विवेकानन्द का आह्वान



जिरहनामा

कनक तिवारी

(मो. 94252-20737 )

हमारे संवैधानिक कर्तव्यों की इबारत में एक वाक्य पुकारता है कि प्रत्येक नागरिक देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे। यक्ष प्रश्न है आह्वान कौन करेगा। रक्षा तो 'देश' की करनी है लेकिन सेवा 'राष्ट्र' की करनी है। यह देश और राष्ट्र का कैसा रिश्ता है? देश की रक्षा या राष्ट्र की सेवा करने के लिए कोई कहे यह कैसा आह्वान है। यह भाषा विवेकानन्द के लिए अटपटी होती। हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व मोटे तौर पर उसी बूर्जुआ वर्ग से बनता है जिसके पूर्वजों की हताश, पराजित और समर्पणकारी हालत के कारण विवेकानन्द ने उन्हें 'सोता हुआ अजगर' कहा था।

विवेकानन्द मेरे लिए अंधश्रद्धा का विषय नहीं हैं। वे लगातार मेरी जांच, जिज्ञासा और जिरह का कारण हैं। मैं अब भी समझता हूं कि अपने 39 वर्षीय प्रखर जीवन में उन्होंने जिस तरह तेज कदमों से चलकर धरती, इतिहास और अनन्त को नापा उसका मूल्यांकन अब तक नहीं हो पा रहा है। अंग्रेज हाकिम उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल रहा था जिनके घरों से विवेकानन्द साहित्य मिलता था। अंग्रेज तो इशारा कर रहा था कि विवेकानन्द के विचारों में ऐसा कुछ तो है जो साम्राज्यवाद के खिलाफ आग लग सकने वाली बारूद है।

शिकागो के धर्म सम्मेलन में 'बहनों और भाइयों' अर्थात पहले 'बहनों' फिर 'भाइयों' के संबोधन के जरिए उन्होंने यूरोप और अमेरिका के सभी प्रतिभागियों के परंपरावादी संबोधनों के हाशिए पर डालकर एक नई अंतर्राष्ट्रीय समझ की शुरुआत की। हिन्दू धर्म के प्रतिनिधि चूक गए। लेकिन भारत के प्रतिनिधि विवेकानन्द ने ऐलान किया कि मैं उस देश का निवासी हूं जिसकी देववाणी संस्कृत में 'बहिष्कार' शब्द का कायिक अनुवाद नहीं किया जा सकता। उनके आठ मिनट के भाषण के तिहाई हिस्से में तो केवल तालियां बजती रहीं।

विवेकानन्द के आर्थिक विचारों को लेकर अब भी कोई तार्किक बहस मुबाहिसा होना दिखाई नहीं देता। इस सन्यासी ने एक ही सांस में भारतीय सामंतवादियों और पूंजीपतियों के द्वारा बनाए गए आर्थिक ढांचे का नकार किया। उनके पहले और बाद में भी कोई प्रतिनिधि भारतीय विचार इसके समानांतर खड़ा नहीं हुआ। विवेकानन्द ने देश के गरीब लोगों के हाथों सत्ता और अर्थव्यवस्था की बागडोर सौंपने का असंभव दिखता क्रांतिकारी आह्वान किया। उन्होंने वैभव कुल के लोगों को मिस्त्र के अजायबघरों में रखी ममियों की तरह बल्कि चलती फिरती लाशों की तरह चित्रित किया। गरीब आदमी के हक में विवेकानन्द के कहे एक एक वचन को लेकिन संविधान में सफेद स्याही से लिखा हुआ पढ़ा जा सकता है।

विवेकानन्द को लेकर मेरे केन्द्रीय सरोकार का कारण यह है कि उन्हें एक भगवाधारी साधु के रूप में प्रचारित कर उनकी राष्ट्रवादी मार्केटिंग हो रही है। उन्होंने वेदांत का प्रचार करने से ज्यादा युवकों को फुटबॉल खेलने की प्रतीकात्मक सलाह क्या दे दी कि वेदांत की शिक्षा लेना उपेक्षित कर दिया गया। धर्म और अध्यात्म के अतिरिक्त भारतीय सामाजिक जीवन के बाकी क्षेत्रों में धुर दक्षिणपंथी और धुर वामपंथी विचारकों ने भारतीय इतिहास को विवेकानन्द से वंचित रखने की बौद्धिक, सरकारी और पाठ्यक्रमित कोशिशें की हैं। अमेरिकी धर्मगुरुओं और राजनेताओं के आचरण पर कड़ी टिप्पणी करने के कारण विवेकानन्द के कालजयी यश को यूरोप और अमेरिका के विद्वान हिन्दू धर्म की चहारदीवारी और उसके विश्व के धर्मों से आध्यात्मिक अंतरसंबंधों के दायरे में ही देखते हैं। भारतीय बल्कि विश्व अकिंचन समाज के लिए किए गए विवेकानन्द के काम को बौद्धिक शोध में भी दरकिनार किया जाता है।



उनसे प्रभावित भारतीय विचारक भी शिक्षा, समाजशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र और संसदीय संस्थाओं के संदर्भ में विवेकानन्द के उर्वर तथा भविष्यमूलक सूत्रों की उल्था करने में अपने पारंपरिक दिमागी ढांचे के कारण परहेज करते हैं।

यदि वे किसी अन्य देश में पैदा होते वे तब भी यही कहते कि धरती पर यदि कोई देश है जो केवल अपने आदर्शों की वजह से जीवित है और उसके लिए उसने कुर्बानियां की हैं तो वह भारत है। देश की दो पहली धार्मिक आबादियां एक ही सांस्कृतिक आत्मा की दो शक्लें हैं। यह विवेकानन्द की समझ थी। कुछ लोग संदर्भ से अलग हटकर उनके कुछ वाक्यों में तोड़मरोड़ कर उनका एक ऐसा चेहरा दिखाते हैं जो उनके होने का अर्थ नहीं है। कभी कभी लगता है कि यदि विवेकानन्द ने भगवा वस्त्र नहीं पहने होते तो उनके व्यक्तित्व के साथ सांप्रदायिक छेड़छाड़ नहीं होती। भगवा वस्त्रधारियों ने ऐसा बहुत कुछ किया है और कर भी रहे हैं कि उन्हें विवेकानन्द के विचारों की अदालत में खड़ा किया जाना चाहिए।

हमारे संवैधानिक कर्तव्यों की इबारत में एक वाक्य पुकारता है कि प्रत्येक नागरिक देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे। यक्ष प्रश्न है आह्वान कौन करेगा। रक्षा तो 'देश' की करनी है लेकिन सेवा 'राष्ट्र' की करनी है। यह देश और राष्ट्र का कैसा रिश्ता है? देश की रक्षा या राष्ट्र की सेवा करने के लिए कोई कहे यह कैसा आह्वान है। यह भाषा विवेकानन्द के लिए अटपटी होती। हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व मोटे तौर पर उसी बूर्जुआ वर्ग से बनता है जिसके पूर्वजों की हताश, पराजित और समर्पणकारी हालत के कारण विवेकानन्द ने उन्हें 'सोता हुआ अजगर' कहा था। उनकी समझ का हिन्दुस्तान तो वह होगा जहां हर नागरिक खुद होकर देश की सेवा करे। उसे किसी के धार्मिक फतवे या सरकारी खाप पंचायत के हुक्म की तामील नहीं करना पड़े। मातृभूमि की रक्षा करने के लिए सुभाष बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह, अश्फाकउल्ला वगैरह को किस राजनीतिक नेता ने पांचजन्य शंख फूंककर या मस्जिद से अजान देकर बुलाया था? गांधी ने भी 3 संवैधानिक कर्तव्य सुझाए थे। एक तो यही था कि आपातकाल में हर नागरिक देश की रक्षा करे। दूसरा यह कि वह नकद या अन्य प्रकार से देश के लिए संसाधन जुटाए और तीसरा महत्वपूर्ण यह कि हर नागरिक मनुष्य का मनुष्य द्वारा किए जा रहे शोषण का खुलकर प्रतिरोध करे।

भारतीय नवजागरण के मसीहाओं में उर्वर व्याख्याओं की सबसे ज्यादा संभावनाएं विवेकानन्द के विचारदर्शन में हैं। गांधी का यश चर्चित और परिभाषित हो चुका है। गांधी की कई स्थापनाएं व्यावहारिक धरातल पर प्रयोगधर्मी सफलताओं के बावजूद मौलिक नहीं कही जा सकतीं। छुआछूत, दरिद्र नारायण, समाजवाद, आध्यात्मिक लोकतंत्र, धर्मपरिवर्तन तथा हिन्दू धर्म की संकीर्णताओं को लेकर विवेकानन्द ने गांधी से कम से कम दस साल पहले ये सभी संकेत सूत्र वक्त की छाती पर बिखराए थे। गांधी विवेकानन्द से बेलूर मठ जाकर भी उनकी अस्वस्थता के कारण मिल नहीं पाए। वरना उनके सोच पर गुणात्मक और परिवर्तनकारी असर पड़ा होता। केरल के प्रसिद्ध कम्युनिस्ट नेता अच्युत मेनन की डायरी में इस बात का साफ उल्लेख है कि भारतीय कम्युनिस्टों ने भारतीय वामपंथी विचारों की अनदेखी करके जो गैर भारतीय साम्यवाद प्रचारित करने की कोशिश की है वह एकांगी होने से जनस्वीकृत नहीं हो सका। यह कैसा बौद्धिक शगल है जो एक सदी बाद विवेकानन्द की संभावनाओं कोनए सिरे से बूझना भी नहीं चाहता। विवेकानंद ने साम्यवाद और राष्ट्रवाद को एक साथ अपने जीवन में उतारकर नया प्रयोग किया। समय रहते बल्कि आज तक इतिहास के साथ वह बौद्धिक न्याय नहीं मिला है जिसके वे हकदार हैं।

## महात्मा बुद्ध ने दी समाज को नई दिशा



संकलित

दर्शन

महात्मा बुद्ध सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे। उनका दर्शन अहिंसा और करुणा का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। उन्होंने केवल धर्म तीर्थ का ही प्रवर्तन नहीं किया बल्कि एक उन्नत और स्वस्थ समाज के लिए नए मूल्य-मानक गढ़े। उन्होंने प्रगतिशील विचारों को सही दिशा ही नहीं दी बल्कि उनमें आये ठहराव को तोड़कर नयी क्रांति का सूत्रपात किया। गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म का प्रवर्तन किया और अत्यन्त कुशलता से बौद्ध भिक्षुओं को संगठित किया और लोकतांत्रिक रूप में उनमें एकता की भावना का विकास किया। इसका अहिंसा एवं करुणा का सिद्धांत इतना लुभावना था कि सम्राट अशोक ने दो वर्ष बाद इससे प्रभावित होकर बौद्ध मत को स्वीकार किया और युद्धों पर रोक लगा दी। गौतम बुद्ध ने कहा है कि वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अतः वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्रायः भय, आतंक और दमन की नींव पर। यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता।

## गुरुनानक जी ने मिटाया भेदभाव



संकलित

प्रेरणा

गुरुनानक देवजी सिखों के पहले गुरु थे। गुरुनानक बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी गुरुनानक का प्रकाश उत्सव (जन्मदिन) कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है हालांकि उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को हुआ था। पंजाब के तलवंडी नामक स्थान में एक किसान के घर जन्मे नानक के मस्तक पर शुरू से ही तेज आभा थी। तलवंडी जो कि पाकिस्तान के लाहौर से 30 मील पश्चिम में स्थित है, गुरुनानक का नाम साथ जुड़ने के बाद आगे चलकर ननकाना कहलाया। गुरुनानक के प्रकाश उत्सव पर प्रति वर्ष भारत से सिख श्रद्धालुओं का जत्था ननकाना साहिब जाकर वहां अरदास करता है। नानक देवजी का जन्मदिन गुरु पूरब के रूप में मनाया जाता है। परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। मूर्ति-पूजा आदि निरर्थक है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्त्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है। गुरुनानक की वाणी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओत-प्रोत है। गुरुनानक देवजी ने जात-पांत को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे-बड़े, अमीर-गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है।

## ओणम की धूम



फोटो न्यूज

त्रिवेंद्रम। केरल के एक स्कूल प्रांगण में रंगोली बनाती युवतियां। केरल में इन दिनों 'ओणम' की धूम है। करीब 15 दिनों तक चलने वाला यह पर्व यहां का सबसे प्राचीन और पारंपरिक उत्सव है।

## आज की पाती

### पशुओं के लिए बढ़े संवेदनशीलता

भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में किसी के परिचय की मोहताज तो नहीं है, परंतु आज इस संस्कृति को लोग भूल गए हैं। आधुनिक जीवन शैली के पीछे मानव की दौड़ ने उसे हैवान बना दिया है। इसी दौड़ में वह कुदरत के प्रति अपने नियमों को भूल रहा है। गऊओं, भैंसों को सड़कों पर तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है या पशु व्यापारियों को बेच दिया जाता है। जानवर तो बर्बरता के विरुद्ध आवाज नहीं उठा सकते हैं, परंतु लोगों को तो समझना चाहिए। पहले लोग जानवरों को स्वयं सड़कों पर छोड़ते हैं और बाद में यह शिकायत करते हैं कि जानवरों ने उनकी फसल उजाड़ दी, जानवरों की वजह से सड़कों पर ट्रैफिक जाम है, जानवरों ने सड़क पर जाते लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। क्या यह इन पशुओं का दोष है? नहीं यह हमारा दोष है। यह उन संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों का दोष है। **-महेश कुमार साहू**

## करंट अफेयर

# जर्मन विदेश मंत्री से मिले वांग, चीन की चढ़ी त्योरी

हांगकांग के मानवाधिकार कार्यकर्ता जोशुआ वांग और जर्मनी के विदेश मंत्री हीको मास की बर्लिन में हुई मुलाकात पर त्योरी चढ़ाते हुए चीन ने कहा है कि यह उसकी संप्रभुता के प्रति 'असम्मान' है। जोशुआ ने अपनी और मास की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा कि उन लोगों के बीच '(हांगकांग में चल रहे) प्रदर्शनों की स्थिति तथा हांगकांग में लोकतंत्र एवं स्वतंत्र चुनाव के हमारे मुद्दे पर बातचीत हुई ।' जर्मनी के दैनिक समाचार पत्र 'बिल्ड' की ओर से आयोजित एक समारोह में दोनों की मुलाकात की हुई। जोशुआ ने कहा कि जर्मनी दौरे में देश के अन्य राजनीतिक नेताओ के साथ बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जर्मन मीडिया और नेताओं के लिए चीन विरोधी अलगाववादी लहर का लाभ उठाने का प्रयास करना बेहद गलत है।' उन्होंने कहा, 'यह चीन की संप्रभुता के प्रति असम्मानजनक है और चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है।' ब्रिटेन ने 1997 में जब हांगकांग को चीन को सौंपा था, उसके बाद से चीन के शासन को सबसे बड़ी चुनौती देते हुए पिछले 14 सप्ताह से लाखों लोग सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# समाजसेवी ने सेना को दान में दी 25 करोड़ की जमीन

दक्षिण मुंबई के बुजुर्ग समाजसेवी और राधा कलिनदास दरयानिनी ट्रस्ट के प्रमुख प्रेम दरयानानी ने लोनावाला के कान्हेगांव में अपनी दो एकड़ की जमीन सेना को दान दे दी है, ताकि वहां पर महाराष्ट्र में पहला और देश के दूसरे सेना लॉ कालेज का विस्तार हो सके। इस जमीन की बाजार में कीमत करीब 25 करोड़ बताई जा रही है। मार्च 2018 में उन्होंने सेना को पहली जमीन दान पर दी थी। अब फिर दो एकड़ जमीन दे रहे हैं। इस सब की कुल कीमत करीब 40 करोड़ रुपये मानी जा रही है। इस जमीन पर सेना लॉ कालेज के विस्तार से दूसरे तथा तीसरे वर्ष के सैन्य छात्रों को पढ़ाई का मौका मिलेगा। लोनावाला के लॉ कालेज के दूसरे चरण का भूमिपूजन दक्षिणी कमान के कमांडर इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एसके सैनी के हाथों संपन्न हुआ। इस मौके पर दक्षिणी कमान के कई अफसर मौजूद थे। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल सैनी ने कहा कि सेना देश के लिए हमेशा तैयार रहती है और इस तरह आम लोगों के सेना के साथ जुड़ने से सेना का मनोबल कई गुना बढ़ जाता है। जमीन देने के बादे में राधा कलिनदास दरयानानी ट्रस्ट के प्रमुख प्रेम दरयानानी ने कहा कि, इस दान का मुख्य मकसद देश के बाहरी और आंतरिक दुश्मनों से निपटने के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाली भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता दिखाना है।



## ट्रेंड

### 371 स्पेशल प्रोविजन



नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल और अनुच्छेद 371 को लेकर कुछ चिंताएं हैं। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रोविजन था और अनुच्छेद 371 स्पेशल प्रोविजन है। ये नॉर्थ ईस्ट का अधिकार है।
-अमित शाह

### कार्रवाई करें



गडकरी जी, आपके नेतृत्व में जल संसाधनों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भारत ने एक लंबा सफर तय किया है, फिर भी इस दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। कावेरी कॉलिंग है। अब कार्रवाई करें।
-सदगुरु

### जनता को जागरुक किया



प्रधानमंत्री मोदी जी आप जिस तरह से पूरे विश्व को पर्यावरण के प्रति सचेत कर रहे हैं आने वाले समय में यह मुहिम समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी पर्यावरण पर पिछली सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया आपने लोगों को जागरूक किया है।
-बबीता फोगाट

### जश्न मनाने का समय



दा स्काई इज पिंक का ट्रेलर पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है। मेरे लिए यह गर्व का समय है, क्योंकि यह अभिनेता और सह-निर्माता के रूप में मेरा पहला प्रयास है। यह समय आपको जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रेरित करता है।
-प्रियंका चोपड़ा

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## कुछ आतंकवादियों ने उत्पादकों को बाजार में सेब नहीं बेचने की दी थी धमकी

# जम्मू-कश्मीर के किसानों से सेब खरीदेगी केंद्र सरकार

**भुगतान सीधे बैंक खाते के जरिये करने की घोषणा**

एजेंसी/हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने जम्मू-कश्मीर के सेब की सीधी खरीद करने और उत्पादकों को उनका भुगतान सीधे बैंक खाते के जरिये करने की घोषणा की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेब के किसानों से खरीद का काम भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) द्वारा किया जाएगा। खरीद का काम 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। सरकार ने यह कदम इन खबरों के बाद उठाया है कि कुछ आतंकवादियों ने सेब उत्पादकों से अपने उत्पादन को बाजार में नहीं बेचने की धमकी दी है। सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर को धारा 370 के तहत मिले विशेष दर्जे को समाप्त किए जाने और राज्य को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के बाद आतंकवादियों द्वारा सेब किसानों को धमकी दी जा रही है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार ने चालू सीजन 2019 में जम्मू-कश्मीर के किसानों से सेब की खरीद करने की घोषणा की है। नाफेड द्वारा राज्य सरकार की अधिकृत एजेंसियों के जरिये खरीद का काम 15 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा।

**खरीद का काम 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा**



### विशेष दर्जे के कारण पनप रहा था कश्मीर में अलगाववादः नड्डा



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत दिए गए विशेष दर्ज के कारण वहां अलगाववाद पनप रहा था। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का विषय लंबे समय से चला आ रहा था और उसकी वजह से ही राज्य में अलगाववाद पनप रहा था।

### भारत, पाक के बीच तनाव पिछले दो सप्ताह में कम हुआः ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पिछले दो सप्ताह में कम हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि अगर दोनों देश चाहें तो वह दो दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों की मदद करने के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने फ्रांस में 26 अगस्त को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने के करीब दो सप्ताह बाद पहली बार इस मामले पर अपनी राय रखी।

### हवाई टिकट से लेकर मेडिसिन तक घर-घर मदद पहुंचा रही सेना



जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) अपने मददगार हेल्पलाइन के जरिये लोगों तक जरूरी चीजें पहुंचा रहा है। अब तक श्रीनगर स्थित हेल्पलाइन के पास 34 हजार से अधिक कॉल आईं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अधिकतर कॉल ऐसे लोगों ने की थीं जो कश्मीर में रहने वाले अपने परिवार के सदस्यों की कुशलता को लेकर चिंतित थे। अधिकारियों ने बताया कि 5 अगस्त के बाद 'मददगार' हेल्पलाइन नंबर पर 14,411 और कुछ अन्य मोबाइल नंबरों पर कुल 34,274 कॉल आईं। अधिकारी ने बताया कि हेल्पलाइन से जुड़े सीआरपीएफ कर्मी अन्य कारणों को लेकर भी स्थानीय लोगों के घरों में गए जिसमें हवाई टिकट देना, लोगों को जम्मू-कश्मीर के बाहर पढ़ने वाले छात्रों की परीक्षा या साक्षात्कार की तिथि में बदलाव के बारे में सूचित करना तथा कॉल करने वाले व्यक्ति के अनुरोध के आधार पर स्थानीय लोगों को किसी आपात स्थिति के बारे में सूचित करना शामिल है।

## मुलाकात...



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए कैरेबियाई देश सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनेडाइंस के प्रधानमंत्री राल्फ ई. गोंजाल्विस से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

## अन्ना ने जलगांव आवास घोटाले में विशेष अभियोजक की नियुक्ति पर आपत्ति जताई

एजेंसी ▶▶ अहमदनगर



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने मंगलवार को घरकुल आवासीय घोटाला मामले में अपीलों पर दलीलें रखने के लिए एक नया विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय की आलोचना की। मामले में धुले जिला अदालत ने 31 अगस्त को दो पूर्व मंत्रियों सुरेश जैन और गुलाबराव देउकर को सात वर्ष जेल की सजा सुनायी थी। निचली अदालत में अधिवक्ता प्रवीण चव्हाण ने अभियोजन संभाला था। भाजपा नीत राज्य सरकार ने अमोल सावंत को विशेष अभियोजक नियुक्त किया है और वह बम्बई उच्च न्यायालय में दोषियों द्वारा दायर की गई अपीलों के खिलाफ दलीलें पेश करेंगे। हजारे ने अहमदनगर जिले के रालेगणसिद्धि में संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि सावंत की नियुक्ति में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। हजारे ने घोटाले की जांच की मांग को लेकर पूर्व में एक आंदोलन शुरू किया था।

## खबर संक्षेप

### मुंबई की सड़कों पर 10 इलेक्ट्रिक बसों को उतारा गया

**मुम्बई।** मुंबई नगर निकाय की सार्वजनिक परिवहन इकाई बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (बेस्ट) ने मंगलवार को छह वातानुकूलित और चार गैर-एसी इलेक्ट्रिक बसों का सड़क पर परिचालन शुरू कर दिया है। बेस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये अत्याधुनिक बसें अपने रूट नंबर 302 पर चल रही हैं, जो मध्य मुंबई के प्रतीक्षा नगर से मुलुंड तक जाती हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में और बसें उतारी जायेगी।

### भारत ने शांतिरक्षक अभियानों में सुधार की मांग की

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा है कि वर्तमान में शांतिरक्षा अभियान 'नो मैन्स लैंड' में है और इसमें प्रोत्साहन, नवोन्मेष तथा लागू करने के स्तर तक सुधार की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि सैयद अकबरूद्दीन ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों पर सोमवार को सुरक्षा परिषद में अपने संबोधन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र का शांतिरक्षक कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के प्रति खतरों के जवाब में बहुपक्षवाद का बेहतरीन नवोन्मेष है। अकबरूद्दीन ने कहा कि दशकों से इस बात पर चर्चा हो रही है।

### कोलकाता पुलिस ने जेएमबी आतंकी को चेन्नई से दबोचा

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार को चेन्नई से आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के लिए काम करने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। कार्य बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पूर्बा बर्दवान के रहने वाले जेएमबी के इस सदस्य को चेन्नई के नीलांगराई इलाके में उसके ठिकाने से पुलिस पकड़ा गया। उसकी पहचान 35 वर्षीय असदुल्ला शेख ऊर्फ राजा के रूप में की गयी है।

### बीएसएफ ने संदिग्ध पाक घुसपैठिये को पकड़ा

**बाड़मेर।** सीमा सुरक्षा बल ने गडरारोड थाना क्षेत्र के अकली गांव से पकड़े गए संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये को मंगलवार को पुलिस के हवाले कर दिया। बल ने संदिग्ध घुसपैठिये को सोमवार को पकड़ा था। विभिन्न सुरक्षा एंजेसियां इस संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये से संयुक्त रूप से पूछताछ करेंगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह भाटी ने बताया कि बीएसएफ ने मंगलवार शाम को संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये को गडरारोड पुलिस को सौंप दिया।

## थरूर ने जताई उम्मीद

# कांग्रेस में ज्यादातर पदों के लिए चुनाव जरूरी



■ पार्टी में आंतरिक चुनाव से भविष्य के नेताओं को सफलतापूर्वक काम करने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि कार्यसमिति सहित पार्टी में ज्यादातर पदों के लिए चुनाव जरूरी हैं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में जल्द ही पार्टी के भीतर चुनाव की प्रक्रिया आरंभ होगी। थरूर ने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि कांग्रेस कार्यसमिति समेत नेतृत्व के ज्यादातर पदों के लिए कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव जरूरी हैं। उनकी नयी पुस्तक 'द हिंदू वेः एन इंट्रोडक्सन टू हिंदुइज्म' जल्दी ही आने वाली है। उन्होंने कहा कि पार्टी में आंतरिक चुनाव से भविष्य के नेताओं को सफलतापूर्वक काम करने में मदद मिलेगी और पार्टी के भीतर नयी ऊर्जा का संचार होगा। थरूर ने कहा कि इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि चुनाव जल्द होंगे और मुझे विश्वास है कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी इस दिशा में काम करेगी।

# सोनिया-सिंधिया बैठक टली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर चल रही खींचतान के बीच प्रमुख दावेदार ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के बीच मंगलवार को प्रस्तावित बैठक टल गई। माना जा रहा है कि सोनिया गांधी इस बात को लेकर सिंधिया से नाराज हो गईं कि वे समर्थक विधायकों को साथ लेकर मिलना चाहते थे। माना जा रहा है कि उनहोंने इसे दबाव की राजनीति मानते हुए बैठक ही टाल दी। बैठक सोनिया गांधी की ओर से रखी गई थी। वो चाहती हैं कि मुख्यमंत्री कमलनाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठतम नेताओं में शुमार दिग्विजय सिंह के साथ अलग-अलग बातचीत कर नये प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये मार्ग प्रशस्त हो। यही वजह थी कि मंगलवार को सिंधिया और बुधवार को कमलनाथ से मुलाकात दस जनपथ की ओर से तय की गई थी। दिग्विजय सिंह से चर्चा के बाद गुरुवार को नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की संभावनाओं को शीर्ष नेतृत्व द्वारा टटोला जा रहा था, लेकिन अचानक बदली हुई परिस्थिति के बाद दस जनपथ का मूड क्या होता है, अब सबकुछ उसी पर निर्भर करेगा। मुहर्रम के मौके पर एआईसीसी में छुट्टी के कारण कई नेताओं के कमरे पर भले ही ताले लटके हुए थे लेकिन ऐसा कोई छोटा-बड़ा नेता नहीं था जिसकी आवाजाही दस जनपथ के बाहर मंगलवार को न हुई हो।

### सोनिया से मिले पवार, सीटों के तालमेल पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के तालमेल के संदर्भ में चर्चा करने की खबर है। पवार ने सोनिया से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात उस वक्त हुई है जब दोनों दलों की राज्य इकाइयों के नेताओं के बीच हाल के हफ्तों में कई दौर की बातचीत हो चुकी है। माना जा रहा है कि राकांपा प्रमुख ने सोनिया से मुलाकात के दौरान सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के संदर्भ में बातचीत की है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राज्य की ज्यादातर सीटों को लेकर दोनों दलों के बीच सहमति बन चुकी है, लेकिन 'स्वाभिमानी पक्ष' जैसे कुछ छोटे दलों के साथ तालमेल को लेकर गतिरोध है। राज्य में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में प्रस्तावित है।

## स्वामी ने किया दावा

# सरकार अड़चनें हटाएं तो खोल दूंगा दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला



■ इन दोनों कंपनियों में टीडीके और पीसी लाभार्थियों के रूप में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एनएसई और इंडिया बुल्स को दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला करार दिया है। स्वामी का आरोप है कि इन दोनों कंपनियों में टीडीके और पीसी लाभार्थियों के रूप में शामिल है। अगर नमो (पीएम नरेंद्र मोदी) सेबी, वित्त और वाणिज्य मंत्रालय की अड़चनों को दूर कर दें, तो इसको मैं सामने ला सकता हूं। एनएसई की सहायक कंपनी जीएसटीएन में थी, जब तक नमो ने मेरे आग्रह पर इसका राष्ट्रीयकरण नहीं किया था। सुब्रमण्यम स्वामी ने यह दावा ऐसे समय किया है जब पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी। चिदंबरम आईएनएक्स मीडिया मामले में तिहाड़ जेल में हैं। चिदंबरम की 14 दिनों की सीबीआई हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें गुरुवार को उच्च सुरक्षा वाले तिहाड़ जेल भेजा गया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कथित रूप से अपने बेटे कार्ति चिदंबरम के कहने पर आईएनएक्स मीडिया को एफआईपीबी की मंजूरी दिलाने में कथित अनियमितता के कारण केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय के जांच के घेरे में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायिक अधिकारी को 20 लाख रुपये का दिया मुआवजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक पूर्व न्यायिक अधिकारी को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया है जिन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी, लेकिन बाद में ये आरोप गलत निकले। शीर्ष अदालत ने गौर किया कि गुजरात उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि पूर्व न्यायिक अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं बनता। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ हालांकि उच्च न्यायालय के इस मत से सहमत नहीं हुई कि चूंकि 53 वर्षीय अधिकारी आठ साल तक नौकरी से दूर रहे हैं, इसलिए इतने अधिक समय बाद उन्हें सेवा में वापस नहीं लाया जा सकता। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने एक बार जब यह व्यवस्था दे दी कि अपीलकर्ता के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं तो उनके सम्मान और गरिमा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सेवा में वापस लाया जाना चाहिए।

## परेड...



मैसूर में मंगलवार को दशहरा को लेकर परेड का अभ्यास करते हाथी। फोटो: एजेंसी

## इसरो ने दी जानकारी

# लैंडर से संपर्क साधने के लिए हर संभव कोशिश जारी



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-2 के 'लैंडर' विक्रम से शीघ्र संपर्क साध कर उसमें मौजूद 'रोवर' प्रज्ञान को उपयोग में लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। 'लैंडर' विक्रम के चंद्रमा की सतह पर शनिवार तड़के 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने के दौरान आखिरी क्षणों में उसका इसरो के जमीनी स्टेशनों से संपर्क टूट गया था। उस वक्त विक्रम पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह (चंद्रमा) से महज 2.1 किमी ऊपर था। 'लैंडर' विक्रम के अंदर 'रोवर' प्रज्ञान भी है। इसरो ने रविवार को कहा था कि विक्रम ने 'हार्ड लैंडिंग' की है। बेंगलुरू स्थित भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार को एक बार फिर से इस बात की पुष्टि की कि चंद्रयान-2 आर्बिटर में लगे कैमरों के जरिए लैंडर (विक्रम) का चंद्रमा की सतह पर पता लगा लिया गया है। आर्बिटर अपनी निर्धारित कक्षा में चंद्रमा की परिक्रमा कर रहा है। इसरो ने एक ट्वीट में कहा कि लैंडर के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है।

### त्रिपुरः सरकारी इलाज हुआ महंगा, विपक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अगरतला।** त्रिपुरा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को राज्य सरकार से मांग की कि वह स्वास्थ्य सेवाओं की कीमत में की गई बढ़ोतरी तत्काल वापस ले और ऐसा नहीं करने पर पूरे राज्य में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा-आईपीएफटी सरकार ने शुक्रवार को एक अधिसूचना में आईसीयू बिस्तर का दैनिक शुल्क अंत्योदय अन्नपूर्णा योजना (एएवाई) के लाभार्थियों के लिए 300 और गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों (एपीएल) के लिए 600 रुपये कर दिया। अभी तक ये सुविधा निशुल्क थी। राज्य में सरकारी अस्पतालों के एसी कमरे का शुल्क 700 रुपये प्रतिदिन होगा, जबकि एपीएल मरीजों को अस्पताल में खाने के लिए प्रतिदिन 50 रुपये देने होंगे। अब तक उन्हें खाना निशुल्क दिया जाता था। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक पी के मजूमदार के मुताबिक इससे पहले एसी कमरे की लागत 400 रुपये थी।

## मुम्बईः पुलिस महकमे ने इस्तीफा किया मंजूर

# शिवसेना के उम्मीदवार के रूप में उतरेंगे 113 एनकाउंटर करने वाले प्रदीप शर्मा

एजेंसी ▶▶ मुंबई







■ शिव सेना के टिकट पर मुंबई से सटे नालासोपारा की सीट से चुनाव लडेंगे
■ उनपर बॉलीवुड में कई फिल्में भी बन चुकीं

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में इस बार मुंबई पुलिस के एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अधिकारी प्रदीप शर्मा भी उतरेंगे। शर्मा अपने पुलिसिया करियर में 100 से ज्यादा गैंगस्टरों को एनकाउंटरों में मार चुके हैं। उनपर बॉलीवुड में कई फिल्में भी बन चुकीं हैं। बताया जाता है कि वे शिव सेना के टिकट पर मुंबई से सटे नालासोपारा की सीट से चुनाव लडेंगे। मंगलवार की दोपहर जब प्रदीप शर्मा अपने परिवार के साथ मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने पहुंचे तो यही माना गया कि अपनी जिंदगी की नई पारी की शुरुआत करने से पहले वे ईश्वर का आशीर्वाद लेने पहुंचे। प्रदीप शर्मा फिलहाल ठाणे पुलिस की एंटी एक्टोर्शन सेल में तैनात हैं। हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने उनकी वक्त से पहले रिटायरमेंट की अर्जी मंजूर कर ली और इसी हफ्ते शर्मा को अपने पदभार से मुक्ति मिल सकती है। चार्ज छोड़ने के बाद शर्मा खुलकर अपनी चुनावी मुहिम शुरू करेंगे। 90 के दशक में जब मुंबई में अंडरवर्लड की गतिविधियां अपने चरम पर थीं, उस दौरान प्रदीप शर्मा और उनके तरह कई और पुलिस अधिकारी चर्चा में आये। महराष्ट्र सरकार ने गैंगस्टरों को एनकाउंट में खत्म करने की नीति बनाई। इस नीति को अमली जामा पहनाया प्रदीप शर्मा जैसे अफसरों ने। 100 से ज्यादा गैंगस्टरों को ढेर करने पर प्रदीप शर्मा मशहूर तो हुए लेकिन विवादों में भी पड़ गए। चाहे दाऊद इब्राहिम का गिरोह हो या अरूण गवली या फिर लश्कर ए तैयबा के आतंकवादी, प्रदीप शर्मा की रिवॉल्वर ने किसी को नहीं बख्शा। कुल 113 कथित अपराधी प्रदीप शर्मा की गोलियों का निशाना बने। 90 के दशक में लगभग हर दूसरे दिन प्रदीप शर्मा का नाम अखबारों में छपता था।

## सिंगापुर में किए निवेश पर होगी पूछताछ

# शिवकुमार की बेटी को ईडी ने भेजा समन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार की बेटी को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से समन जारी किया गया है. डीके शिवकुमार की बेटी से जुलाई 2017 में सिंगापुर में किए निवेश पर पूछताछ की जाएगी। ईडी ने पूछताछ के लिए 12 सितंबर को दिल्ली में पेश होने के लिए कहा है। ईडी ने सचिन नारायण से भी पूछताछ की, जो कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार के करीबी सहयोगी हैं। सचिन नारायण और डीके शिवकुमार बिजनेस पार्टनर्स थे। 2014 तक वे जीउस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और डॉलर्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में डायरेक्टर्स भी रहे।



### विश्वास है कि कानूनी और राजनीतिक रूप से विजेता बनूंगाः शिवकुमार

धन शोधन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर्नाटक के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी के शिवकुमार ने मंगलवार को सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति के तहत उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में वह कानूनी एवं राजनीतिक रूप से विजेता बनेंगे।



# संजय की लाइफ में अब सुकून

**मुंबई।** एक्टर संजय दत्त की जिंदगी एक लंबे अरसे तक मुश्किलों में फंसी थी। मां का निधन, नशे की लत, असफल शादी, टाडा के चार्ज, इन सब में उलझे हुए संजय दत्त ने एक अरसा गुजार दिया। अब संजय का कहना है कि वह सुकून में हैं और जो काम करना चाहते हैं वह कर रहे हैं। संजय की पत्नी मान्यता ने भी इस बारे में बात की। एक इंटरव्यू में मान्यता ने संजय के बुरे दौर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे इस सब के दौरान संजय दत्त मानसिक तौर पर परेशान रहे। मान्यता ने कहा कि पहले वह इस बात से परेशान रहते थे क्योंकि कोर्ट ने टाडा से मुक्त किया तो यह देखने के लिए उनके पिता जिंदा नहीं थे। इस आरोप की वजह से ही उनके परिवार की छवि खराब की थी और उनके पिता को सालों तक परेशान किया था। इसी पर संजय दत्त ने कहा, 'काले बादल हट गए हैं। मैं आखिरकार सुकून में हूं।

लाइफ Style

# दिशा

## कमेंट पर ली चुटकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने जब से बॉलीवुड में डेब्यू किया है फैंस उनके नाम के प्रोनाउंसिएशन को लेकर कंफ्यूज ही रहे हैं। अब सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी का नाम एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस बार दिशा का नाम चर्चा में आने की वजह बेहद दिलचस्प है।

दरअसल, दिशा पाटनी ने चंद्रयान 2 के विक्रम लैंडर के संपर्क टूट जाने के बाद इसरो को सपोर्ट करते हुए एक ट्वीट किया था। दिशा ने लिखा था- चंद्रयान 2 मिशन से जुड़े सभी लोगों पर गर्व है। धन्यवाद इसरो। आपके इस प्रयास ने सभी को इंस्पायर किया है। जय हिंद। इस ट्वीट के बाद लोग सोशल मीडिया पर चुटकी लेने लगे। यूजर्स ने दिशा के ट्वीट का हवाला देते हुए लिखा- पता नहीं क्यों विक्रम आपके नाम की तरह बर्ताव कर रहा है। दिशा 'पता-नहीं।' बता दें कि इस ट्वीट पर तमाम तरह के कमेंट आ रहे हैं। चंद्रयान 2 की बात करें तो 7 सितंबर को भारत के चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम ने लैंडिंग के आखिरी क्षणों में कमांड रूम से संपर्क खो दिया था। विक्रम लैंडर का संपर्क जब टूटा उस वक्त विक्रम लैंडर चांद की सतह से महज 2.1 किलोमीटर दूर था। हालांकि, बाद में इसरो ने जानकारी दी कि लैंडर विक्रम सुरक्षित है। कोई टूट-फूट नहीं हुई है। संपर्क बनाने की कोशिश हो रही है। वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी आख़िरी बार भारत में नजर आई थीं। सलमान खान की फिल्म भारत में कटरीना कैफ, तब्बू, सुनील ग्रोवर लीड रोल में हैं। फिल्म 5 जून को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर मूवी ने धमाल मचाया। अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म कोरियन मूवी 'ओड टू माई फादर' का हिंदी रीमेक है।



हॉलीवुड मसाला

# हार्ट की सेहत में सुधार ...




**लॉस एंजलिस।** कॉमेडियन केविन हार्ट ने पीठ की सर्जरी कराने के बाद फिर से चलना-फिरना शुरू कर दिया है। कार दुर्घटना के बाद उनकी रीढ़ में फ्रैक्चर हो गया। हार्ट धीरे-धीरे चल रहे हैं, लेकिन अभी भी काफी दर्द में हैं। एक भयावह कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद उन्हें यह सर्जरी करानी पड़ी। 'मिरर डॉट को डॉट यूके' ने टीएमजेड के हवाले से बताया कि हार्ट को पूरी तरह से ठीक होने में अभी काफी समय लगेगा। अभिनेता की जल्द ही फिजिकल थेरेपी शुरू हो जाएगी।



# अब महिलाएं बनें जेम्स बॉन्ड : ब्रोसनन

**लॉस एंजलिस।** दुनिया भर में मशहूर जेम्स बॉन्ड अभिनेता पियर्स ब्रोसनन ने जेम्स बॉन्ड सीरीज को लेकर कहा है कि मुझे खुशी होगी कि बॉन्ड का किरदार किसी महिला एक्टर को मिले लेकिन ऐसा लगता है कि ये होने नहीं वाला है। 'हॉलीवुड रिपोर्टर डॉट कॉम' से बातचीत के दौरान ब्रोसनन ने कहा 'मेरा मानना है कि हम पुरुषों को पिछले 40 वर्षों से इस किरदार को निभाते देखते आए हैं, अब इससे हटकर महिलाओं को लाना चाहिए। यह उत्साहजनक और रोमांचक होगा।' खबरें हैं कि 'नो टाइम टू डाई' में लशाना लिंच डेनियल क्रेग की जगह अगली जेम्स बॉन्ड हो सकती हैं। जेम्स बॉन्ड की अब तक की फिल्मों में डेनियल क्रेग के अलावा रोजर मूर, शॉन कॉनरी, पियर्स ब्रोसनन, टिमोथी डॉल्टन और जॉर्ड लेजेनबे ने एजेंट 007 की भूमिका निभाई है।



# 'थप्पड़' की शूटिंग में व्यस्त तापसी ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'थप्पड़' को लेकर बिजी हैं। साउथ में कई दमदार फिल्में कर चुकीं एक्ट्रेस तापसी पन्नू बॉलीवुड में पिंक और बदला जैसी फिल्मों के जरिए अपनी जमीन पक्की कर चुकी हैं। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'थप्पड़' के जरिए तापसी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर दिखने के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली तापसी ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। हाल ही में शेयर की गई इस तस्वीर में तापसी पन्नू अपनी स्क्रिप्ट पढ़ती नजर आ रही हैं। तस्वीर के कैप्शन में तापसी ने अमृता प्रीतम का कहा कोट लिखा, जब कोई शख्स महिला की शक्ति को कमतर आंकता है तो वह अपनी ही अवचेतन मन को नजरअंदाज कर रहा होता है।



# जबरदस्त मिमिक्री आर्टिस्ट आयुष्मान

**मुंबई।** जब से आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तभी से यह फैन्स के बीच छाया हुआ है। एक एंटरटेनमेंट पोर्टल से बात करते हुए आयुष्मान ने 'ड्रीम गर्ल' में अपने कैरेक्टर के बारे में बात की और एक लड़की की आवाज में मिमिक्री करने के पीछे का सीक्रेट भी बताया। उन्होंने कहा कि लड़की की आवाज में मिमिक्री करना उनके लिए कोई नई बात नहीं है। बल्कि जब वह 14 साल के थे तब भी उन्होंने एक बार लड़की की आवाज में मिमिक्री की थी। इसके साथ ही आयुष्मान ने एक मजेदार किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि वह अक्सर अपनी पहली गर्लफ्रेंड को फोन करते थे। लेकिन हर बार उसके पापा ही फोन उठाते थे। इस वजह से वह फीमेल वॉइस में बात करने के लिए मजबूर हुए।


# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

### टावर

☞ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाईम / फुलटाइम SMS जॉब करके कमायें (लड़के-लड़कियाँ) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम पता CALL/SMS WHATSAPP करें 081020-13863, 091221-82443

### सूचना


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### टावर

☞ HI-TECH टावर (REGD.) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत, खेत पर सभी कम्पनी के 4G/5G डिजिटल टावर लगवायें एडवांस 60 लाख किराया 40,000/- + 2 नौकरी सैलरी 20,000/ #072789-11981, 081265-63329

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

# कमल की बेटी की तमन्ना

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता कमल हासन की बेटी अक्षरा हासन तमिल फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री हैं। अक्षरा को निर्देशन करना अभी भी पसंद है लेकिन वह नहीं जानतीं कि वह कब इस काम को अंजाम दे पाएंगी। अक्षरा ने कहा, मैं जब तब संभव हो सकेगा अभिनय करना जारी रखूंगी, लेकिन मैं फिल्मों का निर्देशन भी करना चाहूंगी। अक्षरा ने बताया कि वह अपने पिता कमल हासन और सुपरस्टार रजनीकांत को कास्ट करते हुए फिल्म बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मेरी ऐसी ख्वाहिशें हैं। हालांकि मुझे नहीं पता कि कभी ऐसा होगा या नहीं। वह इतनी कम फिल्मों में एक्टिंग क्यों कर रही हैं ये पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें बहुत सारे ऑफर मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर उन्हें पसंद नहीं आ रहे हैं। हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुकीं अक्षरा ने बॉलीवुड फिल्म शमिताभ से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई थी। इसके बाद वह फिल्म लाली की शादी में लड्डू दीवाना में काम करती नजर आई थीं।


### टॉवर

☞ अमेरिकन ग्रुप द्वारा निशुल्क जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख मासिक किराया 80,000/- + 1 नौकरी+ सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित धोखेबाजों से सावधान 82780-38357 82781-16265

### लोन

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

### आवश्यकता

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

### ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

### लोन

☞ जनधन मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन पाए आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रापर्टी, पर्सनल, बिजनेस, ग्रुपलोन व समस्त लोन 1% ब्याज 50% छूट 74296-79558, 9429681655 महिलाओं, विद्यार्थियों, फौजियों को विशेष छूट (एजेन्ट आमंत्रित)

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client namely Rajender Kumar S/o. Sh. Asha Ram R/o. 6478 Dev Nagar, Karol Bagh, New Delhi-110005 debar/disown their son namely Karan from their all movable, immoveable properties & swear all relation from him as he is out of there control and sayings my client have no concern with him.

**Sanjay Kumar Rajpal**
**Advocate**
Ch. No. 346, Western Wing,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

### फायनेंस

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983


### फायनेंस

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

### टॉवर

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान


# लव स्टोरी है... 'द स्काई इस पिंक'



**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर स्टारर 'द स्काई इस पिंक' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की लंबे समय से चर्चा हो रही थी और अब आखिरकार फैन्स को देखने को मिल गया कि फिल्म में क्या है। फिल्म दिल्ली में बेस्ड एक लव स्टोरी है और हर लव स्टोरी की तरह ही यह भी समस्याओं से भरी हुई है। कहानी जायरा वसीम का किरदार नरेट कर रहा है। कहानी टीनएजर आयुषी के (जायरा वसीम) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह अपने पैरेंट्स की लव स्टोरी नरेट कर रही है। प्रियंका और फरहान की लव स्टोरी काफी उतार-चढ़ाव से गुजरती है और आयुषी इसमें खुद को विलेन मानती है। पहले अनचाही प्रेग्नेंसी का सामना होता है। फिर जब बच्चे समेत परिवार हंसी खुशी चल रहा होता है तो उनकी बेटी को गंभीर बीमारी हो जाती है और दोनों उसे ठीक करने के लिए जूझते हैं। प्रियंका और फरहान की बेटी के किरदार में जायरा वसीम नजर आ रही हैं। उनके साथ रोहित सराफ भी हैं। चारों ऐक्टर्स की ऐक्टिंग दमदार लग रही है और शोनाली बोस की इस फिल्म के ट्रेलर ने फैन्स का ध्यान खींचने वाला है। फिल्म की टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग भी होनी है। भारत में यह फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होनी है।

टीवी मसाला



# अब कश्मीरा बनेंगी डायरेक्टर

**मुंबई।** छोटे परदे पर धमाल मचाने वाली कश्मीरा शाह अब डायरेक्शन में हाथ अजमाने को तैयार हैं। 'द कपिल शर्मा शो' के स्टार कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा एक कॉमेडी फिल्म मरने भी दो यारों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस कश्मीरा ने बताया कि 'इसे कॉमिडी बनाने की कोई प्लानिंग नहीं थी। चूंकि मैं फनी लिखती हूं और इस तरह मरने भी दो यारों का विचार मेरे मन में आया। वास्तव में इस फिल्म का शीर्षक हमारे छायाकार नीलाभ कौल ने सुझाया था। कश्मीरा ने सोमवार को मुंबई में फिल्म प्रचार करने के लिए मीडिया से बातचीत के दौरान अपना पहला पोस्टर लॉन्च किया।' आगे कश्मीरा ने कहा कि 'मैं हमेशा से कॉमिडी फिल्मों की प्रशंसक रही हूं। मुझे हमेशा से ऐसी फिल्में पसंद हैं हल्की-फुल्की मनोरंजन करती हो।' हालांकि, कुछ कॉमिडी फिल्में दर्शकों को सामाजिक संदेश नहीं देती हैं। हमारी फिल्म एक सूक्ष्म संदेश देती हैं। वास्तव में मैं जिस तरह की फिल्में पसंद करती हूं उसी तरह की फिल्म बनाई है।

## वाइल्ड कार्ड से मिलेगी एंट्री

**मुंबई।** नच बलिए 9 में अब तक की सबसे विवादास्पद जोड़ी मधुरिमा तुली और विशाल आदित्य सिंह की रही। शो में दोनों के बीच बहस, लड़ाई थप्पड़ तक पहुंच गई थी। अब यह जोड़ी शो से बाहर है, लेकिन इसकी खबर है कि यह जोड़ी वाइल्ड कार्ड एंट्री करने जा रही है। खबर है कि यह जोड़ी अब नए कोरियोग्राफर के साथ काम करेगी। ध्यान रहे कि इससे पहले सनम जौहर को मधुरिमा और विशाल को कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि, स्वास्थ्य मुद्दों के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा है। अब पता चला है कि दोनों को यश पंड्या के रूप में नया कोरियोग्राफर मिल गया है। यह वही कोरियोग्राफर हैं जिन्होंने पिछले सीजन में शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ के साथ काम किया था।



## खबर संक्षेप



### गुजरात बारिश : भरूच में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

**अहमदाबाद।** गुजरात के भरूच जिले में नर्मदा नदी के किनारे रह रहे 1000 से ज्यादा लोगों को मंगलवार को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। एक अधिकारी ने कहा कि राज्य में लगातार हो रही बारिश की वजह से सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने से इसका जलस्तर बढ़कर 31 फुट हो गया। भरूच के कलेक्टर एम डी मोडिया ने कहा कि अंकलेश्वर को भरूच से जोड़ने वाले गोल्डन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान 28 फीट से तीन फुट ऊपर बह रही है। मोडिया ने कहा, "नर्मदा जिले के केवड़िया में सरदार सरोवर बांध से पानी छोड़े जाने की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ा है।" उन्होंने कहा कि भरूच, अंकलेश्वर और झगाड़िया तालुका में निचले इलाके में रह रहे एक हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। कलेक्टर ने कहा, "करीब 22 गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं।" सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड (एसएसएनएनएल) के नियंत्रण कक्ष के मुताबिक इस बड़े बांध के 30 में से 23 फाटक खोले जाने के बाद नदी में 6.42 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बांध का जलस्तर 136.50 मीटर पहुंच गया जो इसकी सर्वोच्च सीमा 138 मीटर से महज डेढ़ मीटर कम है।

### शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने गणेश पंडालों के लिए मांगा अनुदान



**ठाणे।** ठाणे के पालक मंत्री एवं शिव सेना नेता एकनाथ शिंदे ने गणेश उत्सव के दौरान पंडालों के लिए राज्य सरकार से अनुदान की मांग की है। शिंदे 11 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव के अंतिम दिन 'अनंत चतुर्थी' से दो दिन पहले ठाणे के विभिन्न पंडालों में गए। उन्होंने कहा कि सरकार से धन मिलने से पंडाल चलाने में आर्थिक मदद मिल जाएगी। मंत्री ने जाने माने मराठी संगीतकार श्रीधर फड़के के 70वें जन्मदिन पर उन्हें सम्मानित भी किया। कुछ पंडाल आयोजकों ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं तथा अन्य सामान के बढ़ते मूल्य के कारण त्योहार मनाना मुश्किल होता जा रहा है।

### भाजपा का आरोप : राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया ने राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कटारिया ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री गृह विभाग के मुखिया हैं लेकिन यह प्रतीत होता है कि वह कानून व्यवस्था की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते हैं या फिर उनके पास इसके लिये समय नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने अधीन एक मंत्री को रखना चाहिए ताकि वह कानून व्यवस्था पर निगरानी रख सके।

### नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी हिरासत में

**जयपुर।** राजस्थान भीलवाड़ा जिले में सोमवार शाम को तीन व्यक्तियों के एक नाबालिग से कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता अपने दोस्त के साथ एक मंदिर जा रही थी उसी दौरान आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपी पीड़िता को सुनसान इलाके में ले गए जहां तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी लड़की ने घटना के बारे में अपने माता—पिता को बताया जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

अरुण जेटली को याद कर पीएम नरेंद्र मोदी बोले

# देश के लिए स्वास्थ्य की चिंता नहीं की

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को अरुण जेटली की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें अरुण जेटली के परिवार के सदस्यों के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी मौजूद रहे। पीएम मोदी बोले, उनका (जेटली) व्यक्तित्व विविधताओं से भरा था। मेरे जैसे व्यक्ति का क्या होता होगा, जिसने ऐसे प्रतिभावान साथी को खो दिया। वह बीमार थे, लेकिन आखिरी दिन तक सामने से पूछने की कोशिश करें तो भी अपने स्वास्थ्य के बारे में बात नहीं करते थे वे सिर्फ देश में क्या चल रहा है, आगे क्या होने की संभावना है। मतलब मन-मस्तिष्क पूरी तरह देश के लिए रम गया था। शायद यही उनकी ऊर्जा थी।



### अपने सपनों को देश के लिए खपा दिया

पीएम नरेंद्र मोदी बोले, उनकी याद्दाश्त बहुत तेज थी। अरुण जी का यह सामर्थ्य पार्टी के लिए अनमोल रत्न था। वे दुनिया के किसी भी विषय के बारे में जानकारी रखते थे। मीडियावालों के लिए वह बहुत प्रिय थे। मुझे याद है कि अटल जी थे, तब भी किसी चीज का ड्राफ्टिंग होता था। तो या तो आडवाणी जी उसे हाथ लगाते थे या जेटली जी लगाते थे। सही शब्द को सही जगह इस्तेमाल करने काम वह बखूबी जानते थे।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में ऐसे व्यक्तित्वों का होना जरूरी है। उन्होंने अपने सपनों को देश के लिए खपा दिया। वह छात्र राजनीति की नर्सरी में पैदा हुआ पौधा थे और हिंदुस्तान की राजनीतिक के विशाल फलक में एक वट वृक्ष बनकर उभर आएं यह बहुत बड़ी बात होती है।

### क्लाइंट हो जाते थे निराश

पीएम मोदी ने कहा कि पहली बार जब कोई क्लाइंट उनके पास जाता था तो निराश होता था। जब मैं अपनी समस्या समझा रहा था तो वह टीवी देख रहे होते थे। जब मैं अपनी दिक्कत के बारे में बात कर रहा था तो वे खाने का ऑर्डर कर रहे थे। वह निराश होकर जाता था लेकिन जब वह कोर्ट में उन्हें सुनता था तो स्तब्ध हो जाता था।

### मेरे मन पर हमेशा बोझ रहेगा

उन्हें याद करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीवन में सोचा नहीं था कि कभी ऐसा भी दिन आएगा कि जब मुझे मेरे दोस्त को श्रद्धांजलि देने के लिए आना होगा। इतने लंबे समय तक घनिष्ठ मित्रता और उनके अंतिम दर्शन नहीं कर पाया, इसका बोझ मेरे मन पर हमेशा रहेगा।

### जेटली बहुमुखी प्रतिभा के धनी थेः शाह

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि जेटली के असमय चले जाने से देश संसद, भाजपा, उनके परिवार और उनकी निजी क्षति हुई है। जो रिक्तता उनके जाने से सार्वजनिक जीवन में बन गई है, वह लंबे समय तक नहीं भर पाएगी । उन्होंने कहा कि अरुण जेटली बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। सार्वजनिक जीवन के कई क्षेत्रों में उनका दखल रहता था और वह समय-समय पर मार्गदर्शन भी करते थे । ढेर सारे लोगों से मित्रता बनना उनकी विशेषता थी । कोई व्यक्ति अंतिम समय तक कैसे काम कर सकता है, कैसे कोई व्यक्ति देश हित को पार्टी लाइन से उपर रख सकता है, वह उसके उदाहरण थे । "वे हमेशा एक बड़े भाई की तरह खड़े रहे, चट्टान के जैसे मेरे साथ खड़े रहे।

### भारत की राजनीति में एक खालीपन आ गयाः राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, कि भारत की राजनीति में एक खालीपन आ गया है। भारत के सभी राजनीतिक दल भी यही महसूस करते है ।" उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवियों के बीच भाजपा को लेकर सोच को बदलने में अगर किसी की भूमिका रही है तो वह अरुण जेटली की रही है ।

### कभी नहीं सोचा था जेटली को श्रद्धांजलि देनी पड़ेगीः पवार

राकांपा के नेता शरद पवार ने कहा कि कभी जिंदगी में नहीं सोचा था कि जेटली को श्रद्धांजलि देना पड़ेगा । कोई भी समस्या होती थी तब अरूण जी का आवास ऐसा स्थान था जहां हम जा सकते थे ।

### बिहार में लगेगी अरुण जेटली की प्रतिमाः नीतीश

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने ऐलान किया कि अरुण जेटली की प्रतिमा बिहार में लगेगी। हर साल उनका जन्मदिवस हर साल राजकीय समारोह के तौर पर मनाया जाएगा। नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने जो प्रेरणा दी है, उससे सदैव उनके प्रति मन में श्रद्धा बनी रहेगी। जेटली की बिहार में प्रतिमा लगाई जाएगी और उनके जन्मदिवस को हर साल राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

### जेटली सभी दलों के प्रिय थेः बादल

अकाली दल के सुखबीर बादल ने कहा कि जेटली एक ऐसे सेतु थे जो सरकार और सभी राजनीतिक दलों के बीच सम्पर्क का काम करते थे, भले ही सरकार किसी की हो । वे सभी दलों के प्रिय थे ।

### जेटली मिलनसार थेः राम गोपाल

सपा नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि अरूण जेटली वरिष्ठ पद पर रहे लेकिन हमेशा मिलनसार एवं सर्वसुलभ रहे ।

## एलगार परिषद मामलाः नोएडा में डीयू प्रोफेसर के घर की तलाशी ली गई

**पुणे/नोएडा।** पुणे पुलिस ने 2017 के एलगार परिषद मामले में मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रोफेसर हनी बाबू के उत्तर प्रदेश में नोएडा स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मामला माओवादियों से कथित संपर्क रखने का है। पुणे के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) शिवाजी पवार ने कहा कि दिल्ली से लगे नोएडा के सेक्टर 78 स्थित बाबू के घर में तलाशी के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं की गई। बाबू (45) डीयू में अंग्रेजी पढ़ाते हैं। पवार ने कहा, "हमने पुणे के विश्रामबाग पुलिस थाने में दर्ज एलगार परिषद से संबंधित मामले के सिलसिले में नोएडा स्थित बाबू के घर पर छापा मारा।" उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किये हैं। बाबू पर आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश रचने), 121 और 121 ए(सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना या इसकी कोशिश करना), 124 ए (राजद्रोह) सहित अन्य आरोप लगाये गए हैं।

एके-47 चलाकर बदमाश को भगा ले जाने का मामला

## थानेदार समेत कई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान में बहरोड थाने में एके-47 से गोलियों की बौछार कर अपराधी को लॉकअप तोड़कर भगा ले जाने के मामले में राजस्थान पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए डीएसपी समेत पूरे थाने को ही हटा दिया है। थानाधिकारी सुगन सिंह को निलंबित कर दिया है जबकि डीएसपी जनेश सिंह को एपीओ कर दिया है। साथ ही थाने के दो हेड कांस्टेबलों को नौकरी से बर्खास्त किया गया जबकि 69 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। थानाधिकारी सुगन सिंह पर अपराधियों से मिलीभगत और हमला होने पर थाना छोड़कर भाग जाने का आरोप है तो जनेश सिंह पर अपराधियों के स्कॉर्पियो कार अपने काम के लिए इस्तेमाल करने का आरोप है। थाने के बाकी हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन में भेज दिया गया है। जांच होने तक किसी को भी कोई पोस्टिंग नहीं मिलेगी।



### इस मामले में पुलिस पर लग रहा था मिलीभगत का आरोप

अपराधी पपला गुर्जर को भगाने के लिए अपराधियों ने बहरोड थाने पर एके-47 से हमला किया और हवालात का ताला तोड़कर अपराधी को ले भागे थे। इस मामले में पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लग रहा था। साथ ही अलवर जिले में बहरोड और भिवाड़ी इलाके में बड़ा बदलाव करते हुए राजस्थान पुलिस ने 27 हेड कांस्टेबल और 95 कांस्टेबलों की अतिरिक्त तैनाती की है। बहरोड में डीएसपी अतुल साहू लगाए गए हैं जबकि भिवाड़ी में नवाब खान को जयपुर से डीएसपी के पद पर भेजा गया है। इसके पहले अलवर में थानागाजी में दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद अलवर जिले में भिवाड़ी में एक और एसपी लगाए गए थे।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा

## कांग्रेस-राकांपा 123-125 सीटों पर लड़ेगी, 41 सीटें सहयोगियों के लिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और राकांपा 123-125 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और 41 निर्वाचन क्षेत्र सहयोगियों के लिए छोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों बड़े विपक्षी दलों के बीच आपसी सहमति से सीटों की अदला-बदली हो सकती है। उन्होंने कहा कि (प्रकाश आंबेडकर के) वंचित बहुजन आघाड़ी, स्वाभिमानी शेतकरी संघटना, समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत चल रही है। अगर गठबंधन हुआ तो 41 सीटें छोटे सहयोगियों के लिए छोड़ी जाएगी। हालांकि, चव्हाण ने जोर देकर कहा कि वंचित बहुजन आघाड़ी की मांग को स्वीकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ संबंध खत्म कर ले।



### देश को एक पार्टी के शासन की तरफ ले जाने का प्रयास हो रहा

चव्हाण ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दल संसदीय लोकतंत्र के केंद्र में हैं, लेकिन अब इस पर खतरा है। देश को एक पार्टी के शासन की तरफ ले जाने का प्रयास हो रहा है, जिसका अहसास देश को कुछ समय तक आपातकाल के दौरान हो चुका है । पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम और कर्नाटक के पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चव्हाण ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को पार्टी में शामिल होने के लिए आतंकित कर रही है।

## परिवार को मिले बीमे का पैसा इसलिए फाइनेंसर ने करवायी खुद की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के मंगरोप थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी से परेशान एक फाइनेंसर के खुद की हत्या करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार फाइनेंसर ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि बीमा के 50 लाख रुपए परिवार को मिल जाए. हत्या के आरोप में गिरफ्तार दो व्यक्तियों ने पुलिस को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया 38 वर्षीय बलबीर खारोल ने कई लोगों को कुल 20 लाख रुपये उधार दिये थे. उधार दी गई रकम वह वसूल नहीं कर पा रहा था और पिछले छह महीनों से ब्याज और मूल रकम नहीं मिलने से वह परेशान था। उन्होंने बताया कि खारोल ने पिछले महीने एक निजी बैंक से खुद का 50 लाख रुपए का बीमा करवाया था और पहली किस्त चुका दी थी। भीलवाड़ा के पुलिस अधीक्षक हरेंद्र महावर ने बताया कि फाइनेंसर मृतक बलबीर खारोल ने अपनी हत्या करवाने की साजिश रची ताकि उसके परिवार वालों को बीमा की राशि मिल जाये. उसने राजवीर सिंह और सुनील यादव को 80 हजार रुपए में अपनी हत्या की सुपारी दी थी।



### कैसे हुआ खुलासा?

पुलिस ने खारोल के मोबाइल की कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि बलबीर ने दोनों आरोपियों को उसकी हत्या करने को कहा था ताकि परिजनों को बीमा की राशि मिल सके। उन्होंने बताया कि शुरू में बलबीर दुर्घटना के जरिये खुदकुशी का विचार कर रहा था, लेकिन उसे डर था कि दुर्घटना में उसकी मौत होगी या नहीं, जिसके बाद उसने स्वयं की हत्या करवाने की साजिश रची थी।

स्मृति ईरानी ने एनआरसी पर कहा

## अवैध घुसपैठ से कानून के अनुसार निपटा जाएगा

**कोलकाता।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एनआरसी का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि केन्द्र में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ से कानून के अनुसार निपटा जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने एनआरसी पर कहा कि कोई भी भारतीय नहीं छूटेगा, हम देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनआरसी का विरोध करने को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह अवैध घुसपैठ पर उनके रुख के विरोधाभास को दर्शाता है।



### पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना रोक दी गई

ईरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का विरोध करना जग-जाहिर है। ईरानी ने कहा कि ममता बनर्जी का आक्रामक रवैया राज्य के लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा मुहैया कराए जाने वाले लाभों से वंचित रख रहा है, जो कि किसानों, महिलाओं और बच्चों को मिल सकते थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना रोक दी गई है।

## गंगा नदी पर साहिबगंज में मल्टी मॉडल टर्मिनल बनकर तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

वाराणसी से हल्दिया के बीच पहले जलमार्ग की परियोजना के तहत झारखंड के साहिबगंज में दूसरे मल्टीमॉडल टर्मिनल बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसका उद्घाटन 12 सितंबर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह मल्टी-मोडल टर्मिनल झारखंड एवं बिहार के उद्योगों को वैश्विक बाजार के रास्ते खोलेगा और जलमार्गों के जरिए भारत-नेपाल-बांग्लादेश और उत्तर-पूर्व कार्गो कनेक्टिविटी प्रदान हो सकेगी। केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार झारखंड के साहिबगंज में गंगा नदी पर राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजना-प्रथम के तहत बनाए गये भारत के इस दूसरे मल्टी-मॉडल टर्मिनल को गुरुवार 12 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री झारखंड के रांची में आयोजित किये जाने वाले एक कार्यक्रम के दौरान दोतरफा डिजिटल संचार प्रणाली के जरिए अत्याधुनिक टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। जबकि जहाजरानी मंत्री मनसुख मांडविया झारखंड के साहिबगंज में उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही अप्रैल 2017 में आईडब्ल्यूएआई के साहिबगंज मल्टी-मॉडल टर्मिनल की आधारशिला रखी थी, जिसका निर्माण लगभग दो वर्षों की रिकॉर्ड अवधि में 290 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है।



- जलमार्ग की इस परियोजना का कल पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे उद्घाटन

## मुहर्रम जुलूस...



हैदराबाद में मंगलवार को चारमीनार के पास पैगंबर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत पर शोक व्यक्त करने के लिए मुहर्रम के जुलूस निकालते शिया मुसलमान।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा

# जम्मू कश्मीर में अस्थायी प्रतिबंधों का मकसद उपद्रव रोकना

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में विभिन्न नागरिक सुविधाओं पर अस्थायी प्रतिबंधों का उद्देश्य उपद्रव और अशांति फैलाने की शरारती तत्वों की मंशा को नाकाम बनाना है और अब इन प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है। नायडू ने जम्मू कश्मीर में हाल ही में निर्वाचित सरपंचों से मुलाकात के दौरान कहा कि स्थानीय प्रशासन विभिन्न प्रतिबंधों में ढील दे रहा है और संचार सुविधाएं भी चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही हैं।

### नायडू ने सरपंचों के साथ बैठक की

नायडू ने सरपंचों के साथ बैठक की जानकारी ट्विटर पर साझा करते हुये कहा कि आज अपने निवास पर जम्मू कश्मीर से आये सरपंचों के शिष्टमंडल से मुलाकात की और संविधान का अनुच्छेद 370 हटने के बाद, क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को तत्परता से जनसाधारण तक पहुंचाने के लिए निष्ठापूर्वक अथक प्रयास करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने राज्य में मौजूदा हालात के बारे में कह कि जम्मू-कश्मीर में लगाये गये अस्थायी प्रतिबंधों का उद्देश्य शरारती तत्वों द्वारा अशांति और उपद्रव की संभावना को रोकना तथा उसके कारण जान-माल की संभावित हानि से नागरिकों को बचाना है।



### नायडू ने जम्मू कश्मीर में पंचायतों के चुनाव पर खुशी व्यक्त की

नायडू ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था मजबूत होने के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद, वहां भी पंचायती राज से जुड़े संविधान के 73वें और 74वें संशोधनों के प्रावधान स्वतः ही जम्मू-कश्मीर में भी लागू होंगे। नायडू ने जम्मू कश्मीर में पंचायतों के चुनाव पर खुशी व्यक्त करते हुये कहा कि मुझे हर्ष है कि जम्मू कश्मीर में दशकों बाद, राज्यपाल शासन के दौरान, सफलतापूर्वक पंचायत चुनाव आयोजित किए गए तथा पंचायतों को संविधान सम्मत अधिकार दिए गए हैं।

### पंचायतों को अधिकाधिक अधिकार दिए जा रहे

नायडू ने कहा कि पंचायतों को अधिकाधिक अधिकार दिए जा रहे हैं। पंचायतों को सार्थक और सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त कोष, कार्ययोजना और इसे लागू करने के लिये अधिकारियों और कर्मचारियों का अमला होना आवश्यक है।

### पाकिस्तान से सिर्फ पीओके पर बात होगी : नायडू

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने प्रत्येक भारतीय के लिये सुरक्षा और देश की अखंडता को सर्वोपरि करार देते हुये मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय वार्ता अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुद्दे पर ही होगी। नायडू ने जम्मू कश्मीर में हाल ही में निर्वाचित पंच और सरपंचों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कहा कि पाकिस्तान के साथ अब सिर्फ पीओके के मसले पर ही बातचीत होगी। उपराष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार नायडू ने सरपंचों को संबोधित करते हुये इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक भारतीय के लिये सुरक्षा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सर्वोपरि है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा

## कश्मीर न तो बंद है और न ही कर्फ्यू के साये में है

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर न तो बंद है और ना ही कर्फ्यू के साए में है, बल्कि वहां सिर्फ कुछ पाबंदियां लगी हुई हैं। सिंह ने देश विरोधी ताकतों को चेतावनी दी कि उन्हें जल्द उस मानसिकता को बदलना होगा कि वे कुछ भी करने के बाद बच निकलेंगे। सिंह ने पत्रकारों से कहा कि हमें ऐसे बयानों (कश्मीर कर्फ्यू के साए में है और पूरी तरह से बंद है) की निंदा करने की जरूरत है। कश्मीर बंद नहीं है। वहां कर्फ्यू नहीं है। अगर कर्फ्यू होता तो लोगों को 'कर्फ्यू पास' के साथ बाहर निकलना होता। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति से कर्फ्यू पास नहीं मांगा गया लेकिन उनसे उम्मीद की जाती है कि वे शांति भंग नहीं करें। वहां कुछ प्रतिबंध है। वह नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की प्रथम 100 दिन की उपलब्धियां गिनाने के लिए यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### कश्मीर में धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं

सिंह ने कहा कि कश्मीर में धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं। इंटरनेट सेवा बंद रखने के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि हम इसे जल्द से जल्द बहाल करना चाहते हैं। एक कोशिश की गई थी लेकिन सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो डाले जाने लगा और फैसले की दोबारा समीक्षा करनी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### पेटीएम खरीदना चाहता है यस बैंक की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान सुविधा देने वाली कंपनी पेटीएम की यस बैंक में उसके सह-संस्थापक राणा कपूर से हिस्सेदारी खरीदने की बातचीत चल रही है। इस घटनाक्रम से जुड़े नजदीकी सूत्रों ने बताया कि कपूर ने पेटीएम के साथ शुरुआती बातचीत की है। उन्होंने बताया कि सौदे की रुपरेखा भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति पर निर्भर करेगी। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा के पास पहले से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में हिस्सेदारी है। पेटीएम ने इस मसले पर टिप्पणी करने से मना कर दिया है।

### बाजारों में मुहर्रम का अवकाश

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), बंबई शेयर बाजार (बीएसई), मुद्रा विनिमय और वायदा एवं विकल्प बाजारों में 'मुहर्रम' के अवसर पर अवकाश रहा।

### अमेरिकी में गूगल के 'एकाधिकार' को लेकर सवाल

**वाशिंगटन।** टेक्सास की अगुवाई में अमेरिका के सभी 50 राज्यों ने सोशल साइट गूगल के 'संभावित एकाधिकारवादी व्यवहार' को लेकर जांच की घोषणा की है। राज्यों ने




यह घोषणा की। इस पहले कुछ राज्यों के समूह द्वारा फेसबुक की बाजार में व्याप्त मजबूत स्थिति की जांच के बारे में बताया गया था। इन दोनों जांच ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के उचित व्यापार व्यवहार मामले को लेकर जांच के दायरे को संघीय और संसद के स्तर पर होने वाली जांच से आगे बढ़ा दिया।

### दीपक फर्टिलाइजर्स को पर्यावरण मंजूरी

**नई दिल्ली।** दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कारपोरेशन को महाराष्ट्र के रायगढ़ में अपने उर्वरक कारखाने के विस्तार के लिए पर्यावरण मंजूरी मिल गई है। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक कंपनी इस विस्तार परियोजना पर 190 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। पर्यावरण मंत्रालय ने विशेषज्ञ आकलन समिति की सिफारिशों के आधार पर कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी।

### व्हाइटहैट ने एनवीपी से एक करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** भारत में स्कूली बच्चों को कोडिंग सिखाने वाली स्टार्टअप कंपनी व्हाइटहैट जूनियर ने अपने



मौजूदा निवेशकों से एक करोड़ डॉलर (71 करोड़ रुपए से ऊपर) से अधिक का निवेश हासिल किया है। कंपनी में निवेश करने वालों में नेक्सस वेंचर पार्टनर्स (एनवीपी) और ओमिदयार नेटवर्क इंडिया प्रमुख कंपनी हैं। कंपनी ने एक बयान में बताया कि सिलिकॉन वैली के वेंचर कैपिटल कोष आउल वेंचर्स ने भी 'ए' दौर के वित्त पोषण में प्रतिभाग किया। करन बजाज ने नवंबर 2018 में व्हाइटहैट की स्थापना की थी।

### अरामको दो चरण के आईपीओ के लिए तैयार

**अबू धाबी।** सऊदी अरब की ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अरामको दो चरण के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए तैयार है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि आईपीओ कब आएगा यह सरकार पर निर्भर करेगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने संकेत दिया कि अरामको के शेयरों को विदेशी बाजारों में भी सूचीबद्ध कराया जा सकता है।

---

कुछ विशेषज्ञ सुस्ती के लिए कमजोर मांग को बड़ा कारण मान रहे

# आर्थिक सुस्ती दूर करने मांग और निवेश को लेकर राय अलग अलग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञ देश में मौजूदा आर्थिक सुस्ती के लिए मांग की कमजोरी को एक बड़ा कारण मानते हैं। इसे दूर करने के लिए कुछ विशेषज्ञ घरेलू उपभोग बढ़ाने के उपायों पर जोर दे रहे हैं तो कुछ सरकारी निवेश में तेजी देखना चाहते हैं। कुछ अर्थशास्त्री ग्रामीण मांग बढ़ाने और वित्तीय प्रोत्साहन देने का सुझाव दे रहे जबकि कुछ का कहना है कि भारत में वास्तविक ब्याज दर लंबे समय तक ऊंची होने से उपभोग और निवेश की मांग प्रभावित हुई है।

- अर्थशास्त्रियों ने घरेलू उपभोग बढ़ाने पर दिया जोर

#### अर्थव्यवस्था में गतिविधि बढ़ाना होगा

आर्थिक सुस्ती गहराने के मूल में हालांकि, सभी का इशारा मांग की कमी होने की तरफ ही रहा है लेकिन मांग पैदा करने और अर्थव्यवस्था में गतिविधियां बढ़ाने के बारे में

**खास बातें**

- कुछ सरकारी निवेश में तेजी देखना चाहते हैं
- ग्रामीण मांग बढ़ाने वित्तीय प्रोत्साहन देने का सुझाव



**आर्थिक वृद्धि 6.5 फीसदी रहने का अनुमान:** कुछ वैश्विक एजेंसियों ने इसके 6.5 प्रतिशत या उससे भी कम रहने का अनुमान जताया है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक फाइनेंस एण्ड पालिसी के प्रोफेसर एनआर भानुमूर्ति कहते हैं, इस समय सरकार को सड़क, रेलवे, बिजली, ग्रामीण एवं शहरी आवास क्षेत्र की तमाम बड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना होगा ताकि आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए।

**मांग की कमी से ही आई आर्थिक सुस्ती**

सरकार के वित्तीय प्रोत्साहनों का स्वरूप 2008- 09 की तरह नहीं होना चाहिए। सीधे उपभोक्ता खपत बढ़ाने वाले उपाय यदि होंगे तो मुद्रास्फीति बढ़ सकती है इसलिए इससे बचना होगा। पूर्ववर्ती योजना आयोग में प्रधान आर्थिक सलाहकार रहे प्रणव सेन इस मामले में सीधे मांग की कमी को आर्थिक सुस्ती की वजह बताते हैं।

#### जीडीपी छह साल के निचले स्तर पर

उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर छह साल के निम्न स्तर, पांच प्रतिशत पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मौद्रिक समीक्षा में इस वित्त वर्ष की आर्थिक वृद्धि का अनुमान सात प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया।

#### सुस्ती काफी पहले शुरू हो गई थी

भानुमूर्ति ने कहा, 'आर्थिक सुस्ती तो काफी पहले शुरू हो गई थी हालांकि, सरकार इसे अब महसूस कर रही है। इसकी वजह चक्रीय और संरचनात्मक दोनों तरह की हैं।' उन्होंने कहा, आपको वित्तीय प्रोत्साहन देने होंगे, मौद्रिक उपाय का फिलहाल असर नहीं होगा।

#### पीएम किसान योजना पर तेजी से हो अमल

अर्थशास्त्री सेन का सुझाव है कि किसानों को सालाना 6,000 रुपए देने की पीएम किसान योजना पर तेजी से अमल होना चाहिए। ग्रामीण स्तरीय परियोजनाओं जैसे कि ग्रामीण सड़क योजना, लघु सिंचाई योजना, सस्ती आवास योजना पर काम तेज होना चाहिए। इनमें स्थानीय ठेकेदारों और स्थानीय कामगारों को काम दिया जाना चाहिए।

#### उद्योग धंधे मानसून की चाल पर निर्भर

वहीं सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट रिसर्च (सीजीडीआर) के निदेशक डा. कन्हैया सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः आपूर्ति प्रेरित है। देश में मानसून अच्छा रहता है तो बाजार में गर्मी आती है। इस तरह उद्योग धंधे मानसून की चाल पर निर्भर करते हैं।

---

## स्माल कैप में अब तक 15.42 फीसदी की बड़ी गिरावट

**मिड कैप कंपनियों का सूचकांक 13 फीसदी टूटा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंबई शेयर बाजार में छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों के सूचकांकों में बड़ी कंपनियों की तुलना में चालू वित्त वर्ष में अब तक 15.42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। तीनों सूचकांकों के विश्लेषण के आधार पर एसएंडपी बीएसई 'स्माल कैप' (छोटी कंपनियों के शेयर) सूचकांक चालू वित्त वर्ष में अब तक 2,317.4 अंक यानी 15.42 प्रतिशत नीचे आया है। वहीं मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक 1,985 अंक यानी 12.82 प्रतिशत टूटा है। हालांकि, अगर सेंसेक्स की तुलना छोटी कंपनियों के शेयरों से की जाए तो सेंसेक्स में उतनी तीव्र गिरावट नहीं आई। तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक में 1,527.46 अंक यानी 3.94 प्रतिशत की गिरावट आयी है। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक इस साल साल 23 अगस्त को 12,914.63 पर पहुंच गया जो 52 सप्ताह का न्यूनतम स्तर है। वहीं छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक उसी दिन एक साल के न्यूनतम स्तर 11,950.86 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार धनाढ्यों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर ऊंची दर से कर के साथ वाहन क्षेत्र में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और मंदी की आशंका से धारणा कमजोर बनी हुई है।

- 30 शेयरों के सूचकांक में चार फीसदी की गिरावट




#### छोटे कंपनियों के शेयर घरेलू निवेशक खरीदते हैं

विश्लेषकों के अनुसार लघु कंपनियों के शेयरों को आम तौर पर घरेलू निवेशक खरीदते हैं जबकि विदेशी निवेशकों की नजर मुख्य रूप से प्रमुख कंपनियों पर होती है।

---

## चीन को खरबों डॉलर का नुकसान 30 लाख नौकरियां गईं : ट्रम्प

- चीन व्यापार समझौता करने को लेकर काफी उत्सुक
- अमेरिका-चीन के खिलाफ बहुत अच्छा कर रहा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उनके प्रशासन द्वारा चीन से आयात होने वाले सामान पर लगाए गए शुल्क के कारण चीन को खरबों डॉलर और तीस लाख नौकरियों का नुकसान हुआ है। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि चीन के खिलाफ अमेरिका बहुत अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन व्यापार समझौता करने को लेकर काफी आतुर है वह किसी भी तरह समझौता करना चाहता है। दुनिया की इन दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच पिछले साल से व्यापक स्तर पर व्यापार युद्ध चल रहा है, इस युद्ध के चलते दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर अरबों डॉलर के सामान पर जवाबी शुल्क लगाया गया।

पिछले 10 महीनों से दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन इसमें अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, हमने खरबों डॉलर कमाए हैं और चीन ने कई खरबों डॉलर खो दिए। इसके साथ ही चीन ने तीस लाख नौकरियां भी गवां दी, इसमें ऐसी कंपनियों का भी योगदान है जिन्होंने चीन छोड़ दिया और अपना निवेश दूसरी जगह ले गए। ट्रंप ने कहा, 'हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रौद्योगिकी की चोरी को रोकना होगा।

जोर जबर्दस्ती कर प्रौद्योगिकी को हासिल करने को हमें रोकना होगा। यदि आप चीन में प्रौद्योगिकी चोरी के मामले को देखेंगे - तो हमारा देश काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।'

#### मंदी की आशंकाओं को खारिज किया

राष्ट्रपति ने मंदी की आशंकाओं को लेकर आ रही रिपोर्टों को 'फर्जी खबर' बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शेयर बाजार एक नई ऊंचाई को छूएगा। ट्रम्प ने कहा, 'आप जानते हैं कि एक अवसर आने वाला है। मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहता, लेकिन बहुत कम समय में, हम एक नये रिकॉर्ड पर पहुंचेंगे।'

---

# जैक मा ने छोड़ा अलीबाबा के चेयरमैन का पद

## 30 नौकरियों से रिजेक्ट होकर खड़ी की थी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी

- 480 .8 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ अलीबाबा दुनिया की 7वीं सबसे बड़ी कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलीबाबा समूह के संस्थापक जैक मा ने मंगलवार को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी का चेयरमैन पद छोड़ दिया। एक साल पहले रिटायरमेंट करने के बाद उन्होंने अपनी 55वीं वर्षगांठ पर यह पद छोड़ा। सीईओ वर्ल्ड मैगजीन के मुताबिक, 480.8 अरब डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ अलीबाबा दुनिया की 7वीं सबसे बड़ी कंपनी है। जैक मा ने इस कंपनी को कैसे शुरू किया और कैसे दुनिया की बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक बनाया, यह भी किसी किस्से से कम नहीं है। एक गरीब इंसान से चीन के सबसे अमीर आदमी बनने तक का उनका सफर आसान नहीं रहा। वे स्कूल में कई बार फेल हुए, 30 नौकरियों से रिजेक्ट हुए, उनका मजाक उड़ाया, उन्हें ठग समझा, इसके बाद भी उनका जुनून और काम के प्रति उनकी लगन ही थी जिससे वे इस बड़ी रिटेलर और ई-कॉमर्स कंपनी के मालिक बने।

बिल गेट्स या स्टीव जॉब्स की तरह जैक मा के पास कम्प्यूटर साइंस की भी कोई पृष्ठभूमि नहीं रही। बचपन में कभी उन्होंने कम्प्यूटर इस्तेमाल नहीं किया। गणित के पेपर में एक बार उन्हें 120 में से केवल एक अंक मिला, ऐसे में उनकी कामयाबी की कहानी और भी हैरान करती है। 1980 में वह अपने शहर के स्कूल में अंग्रेजी टीचर की नौकरी करने लगे। तीन साल बाद उन्होंने इस नौकरी को छोड़ अनुवाद करने वाली एक कंपनी खोली। जैक मा की नेट वर्थ 40.1 अरब डॉलर (2.77 लाख करोड़) है। कुछ समय पहले प्रकाशित हुई उनकी जीवनी पर आधारित किताब 'अलीबाबाः द हाउस दैट जैक मा बिल्ट' में बताया गया है कि जब जैक ने 1999 में हांगझू के अपने अपार्टमेंट में अलीबाबा कंपनी का कामकाज शुरू किया तो लोग उन्हें शक की नजरों से देखते थे।

#### 30 नौकरियों से हुए रिजेक्ट

जैक मा पढ़ाई में बिल्कुल अच्छे नहीं थे, वो पांचवीं कक्षा में दो बार और आठवीं कक्षा में 3 बार फेल हुए थे। जैक मा पुलिस में भर्ती होना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अप्लाई भी किया, लेकिन वहां भी उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था। प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने उन्हें 10 बार रिजेक्ट किया। जब जैक मा के शहर में केएफसी ने अपनी ब्रांच खोली तो जैक ने उस जॉब के लिए भी अप्लाई किया पर वहां से भी रिजेक्ट हो गए। करीब 30 नौकरी से रिजेक्ट होने के बाद भी जैक मा ने हार नहीं मानी और लगातार प्रयासों के बाद खुद अपनी कंपनी खड़ी कर दी।

#### चाइना पेज के बाद खोली अलीबाबा

1994 में जब वह अपने बिजनेस के सिलसिले में अमेरिका गए हुए थे, तो वहां इंटरनेट देखकर हैरान रह गए। उन्हें यह बात करामाती लगी कि कैसे घर बैठे लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से इंटरनेट के जरिए जुड़ सकते हैं। वहां से लौटने के बाद उन्होंने 'चाइना पेज' लॉन्च किया। यह देश की पहली ऑनलाइन डायरेक्टरी थी। इसकी कामयाबी से मा चीन में 'मिस्टर इंटरनेट' के नाम से मशहूर हो गए। लेकिन आगे रास्ता आसान नहीं था। चीन में इंटरनेट लाने के लिए यह जरूरी था कि वह सरकार का ध्यान इस ओर खींचें। यह इंटरनेट का शुरुआती चरण था और बहुत ही कम घरों में कम्प्यूटर देखने को मिलता था।

### अलीबाबा की बागडोर अब डेनियल झैंग के हाथ

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा के चेयरमैन के रूप में जैक मा के पद छोड़ने के बाद कंपनी के सीईओ डेनियल झैंग बोर्ड के चेयरमैन की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगे।46 वर्षीय डेनियल झैंग 2015 से कंपनी के सीईओ हैं। उन्हें बेहतरीन रणनीतिकार माना जाता है। प्रबंधन शैली के मामले में झैंग को जैक मा से अधिक व्यावहारिक माना जाता है।

#### अलीबाबा के उन्मुक्त योद्धा हैं झैंग

कंपनी के अंदर झैंग को झैंग के नाम से नहीं पुकारा जाता। उन्हें शियाओयाओजी के नाम से पहचाना जाता है। शियाओयाओजी चीन के एक मार्शलआर्ट उपन्यास के एक किरदार का नाम है, जिसका अर्थ होता है पूरी तरह से मुक्त। यानी, उन्मुक्त योद्धा। यह किरदार युद्ध में फंसा हुआ नहीं होता है, बल्कि युद्ध से बाहर रहकर दूसरों को प्रशिक्षित करता रहता है।

#### अलीबाबा में झैंग का सफर

झैंग 2007 में अलीबाबा से जुड़े। उन्हें ताओबाओ का मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया गया था। ताओबाओ ऑनलाइन मार्केटप्लेस है। इसके बाद उन्हें टीमॉल का प्रेसिडेंट बना दिया गया। टीमॉल को ताओबाओ से ही अलग कर एक नया ऑनलाइन रिटेल प्लेटफॉर्म बनाया गया था। जल्द ही टीमॉल चीन का सबसे बड़ा बी2सी मार्केटप्लेस बन गया। इसके बाद झैंग को अलीबाबा में मुख्य संचालन अधिकारी बनाया गया। 2015 में उन्हें सीईओ नियुक्त कर दिया गया।

#### सिंगल्स डे के जनक हैं झैंग

झैंग की सबसे बड़ी उपलब्धि है सिंगल्स डे का सृजन। सिंगल्स डे हर साल 11 नवंबर को आयोजित होता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग कार्यक्रम बन गया है। यह आयोजन 2009 में शुरू हुआ था। अमेजन का प्राइम डे उसके काफी दिनों बाद आया। ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे में कुल मिलाकर जितनी बिक्री होती है, उसकी चार गुनी बिक्री अकेले सिंगल्स डे में होती है। 2018 के सिंगल्स डे पर अलीबाबा ने 30.8 अरब डॉलर की बिक्री की थी। अलीबाबा के सह-संस्थापक और एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन जोसेफ त्साई ने एक रिपोर्ट में डेनियन झैंग के बारे में कहा कि मैं 2007 से उनके साथ काम कर रहा हूं।

---

## कर्ज को रेपो दर से जोड़ने पर बैंकों की चुनौतियां बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्यिक बैंकों के नए परिवर्तनीय दर वाले ऋणों को अनिवार्य रूप से बाहरी मानकों पर आधारित करने के भारतीय रिजर्व बैंक के आदेश से बैंकों की वित्तीय चुनौतियां बढ़ेंगी। मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने यह राय जताई है। बैंकों को एक अक्टूबर से अपने फ्लोटिंग दर वाले कर्ज को बाहरी बेंचमार्क से अनिवार्य रूप से जोड़ना है। पिछले सप्ताह रिजर्व बैंक ने कहा था कि बैंक नीतिगत दरों में कटौती का लाभ संतोषजनक तरीके से उपभोक्ताओं को स्थानांतरित नहीं कर रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने बैंकों से अनिवार्य रूप से अपने सभी व्यक्तिगत और खुदरा ऋणों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले फ्लोटिंग दर वाले कर्जों को बाहरी बेंचमार्क से जोड़ने को कहा था।

- केंद्रीय बैंक ने कर्ज को रेपो दर से जोड़ना सभी बैंकों के लिए अनिवार्य किया




#### लचीलापन प्रभावित होगा

वहीं बैंकों ने इसका थोडा लाभ ही उपभोक्ताओं तक स्थानांतरित किया है। मूडीज ने कहा कि यह देश के बैंकों की साख की दृष्टि से उचित नहीं है। इससे उनकी ब्याज दर से जुड़े जोखिम के प्रबंधन की क्षमता और लचीलापन प्रभावित होगा।

### पीएफ का पूरा पैसा मार्केट में लगाने का मिलेगा विकल्प

**नई दिल्ली।** कर्मचारी को आने वाले समय में प्रॉविडेंट फंड की पूरी रकम नैशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के जरिए मार्केट में लगाने का विकल्प मिल सकता है। इसके साथ ही अब नई नौकरी जॉइन करने पर ईपीएफ या एनपीएस में से किसी एक को चुनने की छूट भी दी जा सकती है। सरकार ने इससे संबंधित प्रस्ताव का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। इससे सब्सक्राइबर्स अपनी मर्जी से ईपीएफ या एनपीएस को चुन सकेंगे।

## टाटा स्काई ने एनसीएफ में की बड़ी कटौती

**नई दिल्ली।** जियो फाइबर के लॉन्च से इंटरनेट कंपनियां ही नहीं बल्कि डीटीएच सर्विस प्रोवाइडर्स की चिंता भी बढ़ गई है। मार्केट में बने रहने के लिए टाटा स्काई जैसी बड़ी डीटीएच प्रोवाइडर ने अपने यूजर्स को बड़ी राहत देने का ऐलान कर दिया है। टाटा स्काई ने अपने मंथली पैक्स में नेटवर्ट फीस कम कर दी है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि टाटा स्काई ने अपने नेटवर्क फीस में 300 रुपए तक की कटौती की है। इतना ही नहीं टाटा स्काई की ओर से की गई कटौती ट्राई की तरफ से लागू की गई नई शर्तों पर भी काम करेगी। इस कटौती की वजह से यूजर्स को सीधे तौर पर नेटवर्क कैपेसिटी फीस में फायदा होगा।

- यूजर्स को होगा हर महीने 300 रुपए का फायदा




#### 150 से 200 रुपए का सीधे फायदा

हालांकि इस कटौती का फायदा लेने के लिए यूजर्स के लिए कुछ शर्तें भी लागू हैं। टाटा स्काई के सब्सक्राइबर्स को कुछ टेलीविजन चैनल का सब्सक्रिप्शन जरूर लेना होगा। अगर किसी यूजर ने 40एचडी और 100एसडी चैनल का सब्सक्रिप्शन लिया है तो उसे 245 रुपए नेटवर्क कैपेसिटी फीस चुकानी पड़ती थी। अब कंपनी ने इसमें कटौती करते हुए नेटवर्क कैपेसिटी फीस को 99 रुपए तक की लिमिटिड कर दिया है।

---

वैश्विक संस्था मैनपावर ग्रुप एम्पलायमेंट आउटलुक ने जारी की रिपोर्ट

# 19 फीसदी नियोक्ताओं ही नए लोगों को नौकरी देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश- दुनिया में आर्थिक सुस्ती के बीच भारत में आने वाली तीसरी तिमाही के दौरान 19 प्रतिशत नियोक्ता ही नए लोगों को नौकरी देने की योजना बना रहे हैं जबकि 52 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपने कार्यबल में किसी तरह के बदलाव की उम्मीद नहीं है। एक वैश्विक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। वैश्विक संस्था मैनपावर ग्रुप एम्प्लायमेंट आउटलुक का यह अध्ययन जारी किया गया। इस अध्ययन में देशभर में 5,131 नियोक्ताओं से अक्टूबर- दिसंबर की तीसरी तिमाही के दौरान आर्थिक परिवेश और नयी नौकरियों की संभावना को लेकर बातचीत की गई।

- नौकरियों के सृजन को लेकर भारत दुनिया में चौथे स्थान पर



**52 फीसदी को कोई बदलाव की उम्मीद नहीं :** बातचीत के दौरान केवल 19 प्रतिशत नियोक्ताओं ने ही कहा कि उन्हें अपने कार्यबल में वृद्धि की उम्मीद है जबकि 52 प्रतिशत ने कहा कि उनके कर्मचारियों की संख्या में किसी तरह का बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

#### हल्के आंकड़ों के बावजूद नौकरियां बढ़ेगी

इसके अलावा 28 प्रतिशत ऐसे नियोक्ता भी थे जिन्होंने कहा कि मौजूदा कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि के बारे में वह कुछ नहीं कह सकते हैं। नई नौकरियों की योजना के बारे में अपेक्षाकृत हल्के आंकड़ों के बावजूद अगले तीन महीनों के दौरान नई नौकरियों के सृजन को लेकर भारत दुनिया में चौथे नंबर पर रहा है।

#### नई नौकरियों की योजना के बारे में जापान शीर्ष पर

अगली तिमाही में नई नौकरियों की योजना के मामले में जापान पहले, ताइवान दूसरे और अमेरिका तीसरे नंबर पर रहा जबकि भारत का स्थान चौथा रहा है। जापान में 26 प्रतिशत नियोक्ताओं ने अक्टूबर- दिसंबर तिमाही में नए लोगों को नौकरी देने की अपनी योजना के बारे में बताया।

#### नौकरी देने में ताइवान दूसरे नंबर पर

इसके बाद ताइवान में 21 प्रतिशत, अमेरिका में 20 प्रतिशत ने कहा कि उनकी अगली तिमाही के दौरान नए लोगों को नौकरी पर रखने की योजना है। मैनपॉवर समूह के चेयरमैन एवं सीईओ जोनास प्राइसिंग ने कहा, दुनियाभर के देशों में नई नौकरियों को लेकर योजना में अलग अलग रुझान दिखाई दिए हैं।

#### कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

अध्ययन में यह बात सामने आई है कि आने वाले तीन महीनों के दौरान 43- 44 देशों में नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इससे पिछली तिमाही की यदि बात की जाए तो तब 44 देशों और प्रदेशों में से 15 देशों के नियोक्ताओं ने नई नौकरियों के बारे में मजबूत योजना का खुलासा किया था।

---

## गोल्ड ईटीएफ में अगस्त में 145 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेट फंड) में अगस्त में 145 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ है। यह नौ माह में पहली बार है जब गोल्ड ईटीएफ में निवेश देखा गया है। रुपए के कमजोर पड़ने और सोने की कीमतों में तेजी के बीच गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा है। निवेशक इसे निवेश का सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं। दिसंबर, 2012 के बाद यह गोल्ड ईटीएफ में यह सबसे ऊंचा निवेश है। उस साल ईटीएफ में 474 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गोल्ड ईटीएफ में मासिक के साथ-साथ सालाना आधार पर भी वृद्धि देखी गयी है। जुलाई में गोल्ड ईटीएफ से 17.66 करोड़ रुपए की निकासी हुई थी। जबकि अगस्त, 2018 में 45 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी।

एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने गोल्ड ईटीएफ में 145.29 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। पिछले साल नवंबर के बाद गोल्ड ईटीएफ में निवेश हुआ है।

- सोने की कीमतों में तेजी के बीच गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा



## खबर संक्षेप



### एशिया पैसीफिक गोल्फ हाल आफ फेम में मुंजाल

**नई दिल्ली।** भारत और दुनिया भर में गोल्फ को समर्थन देने के लिए हीरो मोटोकार्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पवन मुंजाल को इस साल 2019 एशिया पैसीफिक गोल्फ हाल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। मुंजाल को छह नवंबर को गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में 2019 एशियाई गोल्फ पुरस्कार समारोह के दौरान हाल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार मुंजाल को एशियाई पैसीफिक गोल्फ हाल आफ फेम में शामिल करने की पट्टिका स्थायी रूप से चीन के शेनझेन में डा. डेविड च्यू गोल्फ संग्रहालय में होगी जो हाल आफ फेम का नया घर है।

### शुमाकर को उपचार के लिए पेरिस लाया गया



**पेरिस।** फ्रांस के दैनिक ली पेरिसियन के अनुसार सात बार के फार्मूला वन विश्व चैंपियन माइकल शुमाकर को सेल थेरेपी सर्जरी के लिए पेरिस के जार्जेस पोंपिदेउ अस्पताल लाया गया है। पेरिस के अस्पताल विभाग ने हालांकि चिकित्सा निजता नियमों का हवाला देकर एएफपी को इसकी पुष्टि करने या इसे खारिज करने से इनकार कर दिया। ली पेरिसियन समाचार पत्र के अनुसार 50 साल के जर्मनी के शुमाकर को सर्जन फिलिप मेनाशे के मार्गदर्शन में अस्पताल के हृदय रोग संबंधित विभाग में रखा गया है। मेनाशे को हृदय के विफल होने के खिलाफ सेल सर्जरी करने का शीर्ष चिकित्सक माना जाता है।

### मैच फिक्सिंग के लिए मातोस पर आजीवन प्रतिबंध

**लंदन।** ब्राजील के डिएगो मातोस पर मैच फिक्सिंग का दोषी पाए जाने पर सोमवार को पेशेवर टेनिस से आजीवन प्रतिबंध लगाया गया। इसके अलावा इस टेनिस खिलाड़ी पर 1,25,000 डालर का जुर्माना भी लगाया गया है।



भ्रष्टाचार रोधी सुनवाई के दौरान पाया गया कि मातोस ने ब्राजील, श्रीलंका, एक्वाडोर, पुर्तगाल और स्पेन में आईटीएफ स्तर के टूर्नामेंटों में 2018 में 10 मैचों का नतीजा प्रभावित किया। इसके अलावा इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को टेनिस इंटीग्रिटी यूनिट की जांच में भी सहयोग नहीं करने का दोषी पाया गया क्योंकि उन्होंने फोरेंसिक जांच के लिए अपना मोबइल फोन नहीं दिया और ना ही अपने वित्तीय रिकार्ड सौंपे।

### अंडर 17 वर्ग में चैंपियन बने गगन और आयुषी

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ के गगन और दिल्ली की आयुषी डोधवाल ने मंगलवार को यहां पांचवी पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप के अंडर 17 वर्ग में क्रमशः लड़के और लड़कियों के वर्ग का खिताब जीता। अंडर-15 वर्ग के लड़कों और लड़कियों के मुकाबले में बेंगलुरु का दबदबा रहा जहां आयुष शेट्टी और एस कर्णिका श्री ने खिताब अपने नाम किये।

### रोनाल्डो ने जूनियर एशियाई रिकार्ड बनाया

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी रोनाल्डो लेतोनजाम ने यहां ट्रैक एशिया कप साइकिलिंग के दूसरे दिन भी शानदार खेल जारी रखते हुए पुरुषों की जूनियर 200 मीटर टाइम ट्रायल प्रतियोगिता में एशियाई रिकार्ड कायम किया। टूर्नामेंट के पहले दिन दो स्वर्ण पदक जीतने वाले रोनाल्डो ने क्वालीफाइंग दौर में 10.065 सेकंड के समय के साथ रिकार्ड बनाया। पिछला रिकार्ड चीन के लियू की के नाम था जिन्होंने 2018 में 10.149 सेकंड में रेस पूरा किया था। जूनियर विश्व चैंपियन रोनाल्डो ने रिकार्ड कामय करने के बाद कहा, '' मेरे ध्यान फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर था लेकिन जब मैंने स्कोर बोर्ड देखा, तो मुझे हैरानी और खुशी हुई।''

## कोहली-रोहित मतभेद पर कोच शास्त्री का खुलासा

# विराट विवाद होता तो पांच शतक नहीं जड़ पाते 'हिटमैन'

एजेंसी ⏭ दुबई

भारतीय कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा के बीच मतभेद की अटकलों को खारिज करने की कोशिश करते हुए मुख्य को रवि शास्त्री ने कहा कि नजरिए में अंतर को मतभेद के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

■ नजरिए में अंतर को मतभेद के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए

पहले भी दोनों सीनियर खिलाड़ियों के बीच कथित मतभेद की खबरों को बकवास करार दे चुके शास्त्री से एक बार फिर इस बारे में पूछा गया था। शास्त्री ने 'गल्फ न्यूज' से कहा, 'टीम में जब 15 खिलाड़ी होते हैं तो हमेशा ऐसा समय आता है जब नजरियों में भिन्नता होती है। इसी की जरूरत है। मैं नहीं चाहता कि सभी एक ही बात बोलें।'

शास्त्री ने कहा, 'चर्चाएं होनी चाहिए और तभी कोई किसी नई रणनीति के बारे में सोच सकता है जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसलिए आपको खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देना होगा और फिर फैसला करना होगा कि क्या सर्वश्रेष्ठ है। कभी कभी यह टीम का सबसे जूनियर खिलाड़ी हो सकता है जो ऐसी रणनीति सामने रख सकता है जिसके बारे में हमने सोचा भी नहीं हो और हमें इस पर विचार करने की जरूरत है। इसलिए इसे मतभेद के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।' भारतीय टीम के कैरेबियाई दौरे पर रवाना होने से पहले भी कोहली ने मतभेद की खबरों को खारिज किया था।



**रोहित पांच शतक कैसे बनाता?**: शास्त्री ने कहा कि अगर कोहली के साथ गंभीर मतभेद होते तो रोहित विश्व कप में पांच शतक नहीं जड़ पाता। शास्त्री ने कहा, 'मैं पिछले पांच साल से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं। मैंने देखा है कि लड़के कैसे खेल रहे हैं और वे कैसे टीम को मजबूत बना रहे हैं और उन्हें अपने काम की नैतिकता का पता है। मुझे लगता है कि यह बिलकुल बकवास है। अगर ऐसा होता तो रोहित विश्व कप में पांच शतक कैसे बनाता? विराट वह कैसे करता जो वह कर रहा है? वे एक साथ साझेदारी कैसे बनाते?'

## टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित के नाम पर विचार होगा

चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने संकेत दिए हैं कि रोहित शर्मा को भारत की टेस्ट एकादश में सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका मिल सकता है जबकि लोकेश राहुल की फार्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारत की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान रोहित पिछले कुछ समय से शानदार फार्म में चल रहे हैं लेकिन इसके बावजूद टीम में शामिल होने पर भी उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला में खेलने का मौका नहीं मिला। रोहित टेस्ट टीम में आम तौर पर मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और हनुमा विहारी की सफलता के बाद संभावना है कि उन्हें टीम में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है जिस भूमिका में वह छोटे प्रारूप में सफल रहे हैं।



## क्रिकेट : आस्ट्रेलियाई दिग्गज भारतीय कप्तान से 34 अंक आगे

# टेस्ट रैंकिंग में 937 अंक के साथ स्मिथ शीर्ष पर, कोहली दूसरे स्थान पर कायम


एजेंसी ⏭ दुबई

स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस ने मैनचेस्टर में चौथे एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 185 रन की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। मैनचेस्टर में 211 और 82 रन की पारियां खेलकर मैन आफ द मैच बने स्मिथ के 937 अंक हो गए हैं जो दिसंबर 2017 में उनके सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक से सिर्फ 10 कम हैं।

■ कमिंस ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 914 रेटिंग अंक की बराबरी की है

स्मिथ ने भारतीय कप्तान विराट कोहली पर 34 अंक की बढ़त बना ली है और पांच मैचों की एशेज श्रृंखला के खत्म होने पर उनका रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार रहना लगभग तय है। मैच में 103 रन देकर सात विकेट चटकाने वाले कमिंस ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 914 रेटिंग अंक की बराबरी की है जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के पांचवें सर्वाधिक अंक हैं।

यह आस्ट्रेलिया की ओर से संयुक्त रूप से सर्वाधिक रेटिंग अंक हैं। ग्लेन मैकग्रा ने भी 2001 में इतने ही अंक हासिल किए थे। कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा पर 63 अंक की बढ़त बना रखी है जबकि भारत के जसप्रीत बुमराह तीसरे स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड इस साल पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए 12वें से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### शीर्ष पांच बल्लेबाज

| रैंकिंग | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 937 |
| 2 | विराट कोहली | भारत | 903 |
| 3 | विलियमसन | न्यूजीलैंड | 878 |
| 4 | चेतेश्वर पुजारा | भारत | 825 |
| 5 | हेनरी निकोल्स | न्यूजीलैंड | 749 |

### शीर्ष पांच गेंदबाज

| रैंकिंग | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 914 |
| 2 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 851 |
| 3 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 835 |
| 4 | जेसन होल्डर | वेस्टइंडीज | 814 |
| 5 | वर्नोन फिलेंडर | द.अफ्रीका | 813 |



### बटलर सर्वश्रेष्ठ 61वें स्थान पर

बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जोस बटलर (चार स्थान के फायदे से 37वें) और रोरी बर्न्स (छह स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 61वें स्थान पर) जबकि आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन (छह स्थान के फायदे से 60वें स्थान पर) को फायदा हुआ है। चटगांव में बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की 224 रन की जीत से मेहमान टीम के खिलाड़ियों को काफी फायदा मिला है। पूर्व कप्तान असगर अफगान 92 और 50 रन की पारियां खेलने के बाद 110वें से 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं।






## यू-मुंबा ने तेलुगु टाइटंस को 41-27 से हराया

**कोलकाता।** प्रो कबड्डी लीग 2019 के 87वें मुकाबले में यू-मुंबा ने तेलुगु टाइटंस को 41-27 से हरा दिया। तेलुगु टाइटंस के लिए सिद्धार्थ देसाई बिल्कुल भी नहीं चले और यही उनकी टीम की हार का कारण बना। इस जीत के साथ ही यू-मुंबा 7 से सीधे 5वें स्थान पर आ गई है। वहीं तेलुगु टाइटंस की टीम 9वें स्थान पर बनी हुई है। पहला हाफ 15-15 से बराबर रहा। हालांकि तेलुगु टाइटंस के सिर्फ 2 ही खिलाड़ी मैट पर बचे थे और वो ऑल आउट के करीब थे। यू-मुंबा की तरफ से पहले हाफ में अर्जुन देशवाल और रोहित बालियान ने 5-5 प्वॉइंट लिए, जबकि टाइटंस की तरफ से सिद्धार्थ देसाई ने 3 प्वॉइंट लिए। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही यू-मुंबा ने तेलुगु टाइटंस को ऑल आउट कर दिया और 3 प्वॉइंट की बढ़त बना ली। 33वें मिनट में एक बार फिर यू-मुंबा ने टाइटंस को ऑल आउट किया और 8 प्वॉइंट की बढ़त बना ली।

## ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब पहुंचे पेन

**लंदन।** टिम पेन की टीम गुरुवार से शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट में हार से बच जाती है तो यह विकेटकीपर बल्लेबाज इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला जीतने वाले आस्ट्रेलियाई कप्तानों की सूची में शामिल हो जाएगा। पेन अगर यह उपलब्धि हासिल करते हैं तो आस्ट्रेलिया के कई दिग्गज कप्तानों को पीछे छोड़ देंगे जिसमें ग्रेग चैपल भी शामिल हैं। इसके अलावा रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क जैसे दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान तो दो प्रयासों में भी इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला नहीं जीत पाए। इंग्लैंड में पिछली बार एशेज श्रृंखला जीतने का सम्मान स्टीव वा को मिला था जिनकी अगुआई में आस्ट्रेलिया ने 18 साल पहले 4-1 से जीत दर्ज की थी। वा की तरह चैपल, पोंटिंग और क्लार्क भी आस्ट्रेलिया के महानतम क्रिकेटरों में शामिल रहे लेकिन उनकी अगुआई में टीम इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला नहीं जीत पाई।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप : बृजेश यादव जीते, भारत की अच्छी शुरुआत



एजेंसी ⏭ एकातेरिनबर्ग

बृजेश यादव (81 किग्रा) ने मंगलवार को यहां पोलैंड के मेलुज गोइनस्की को पहले दौर के मुकाबले में हराकर भारत को विश्व पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप मे अच्छी शुरुआत दिलाई।

भारत के लिए यादव रिंग में उतरने वाले एकमात्र मुक्केबाज रहे और उन्होंने गोइनस्की के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान पोलैंड के मुक्केबाज में सिर पर चोट भी लगी। यादव ने मूवमेंट में तेजी नहीं होने की भरपाई अपने ताकतवर मुक्कों के साथ की और विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। दूसरी तरफ गोइनस्की ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके और जब मुकाबला खत्म हुआ तो वह बामुश्किल खड़े हो पा रहे थे। इस जीत के साथ यादव ने राउंड आफ 32 में जगह बना ली है जहां उनका सामना तुर्की के बायरम मलकान से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली। यह मुकाबला रविवार को होगा।

## बीसीसीआई आकाशवाणी में करार, प्रसारित होगा अंतरराष्ट्रीय-घरेलू मैच

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के भारत में खेले जाने वाले मुकाबलों और घरेलू मैचों के रेडियो पर सीधे प्रसारण के लिए आकाशवाणी (एआईआर) से दो साल का करार किया है। मंगलवार को हुई इस घोषणा के तहत देश के लाखों श्रोताओं को आकाशवाणी पर रेडियो कमेंट्री के जारिए मैच का सीधा प्रसारण सुनने को मिलेगा। आडियो कमेंट्री की शुरुआत 15 सितंबर को धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मुकाबले से होगी। अंतरराष्ट्रीय मैचों के अलावा आकाशवाणी पुरुषों और महिलाओं के घरेलू टूर्नामेंटों के लिए भी यह सेवा प्रदान करेगा। दो साल का यह समझौता 10 सितंबर, 2019 से 31 अगस्त 2021 तक चलेगा। इस साझेदारी के तहत रणजी ट्राफी, ईरानी कप, देवधर ट्राफी, सैयद मुश्ताक अली ट्राफी और महिला चैलेंजर जैसी श्रृंखलाओं की कवरेज शामिल है।

## बेल्जियम और नीदरलैंड जीते...



**पेरिस।** बेल्जियम और नीदरलैंड दोनों ने 2020 यूरो क्वालीफाइंग फुटबाल टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ अगले साल होने वाले यूरो फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाए। जर्मनी ने भी उत्तरी आयरलैंड को महत्वपूर्ण मुकाबले में हराया। जर्मनी ने 2-0 से जीत दर्ज की। बेल्जियम ने स्काटलैंड को 4-0 से हराया जबकि नीदरलैंड ने भी एस्टोनिया को 4-0 से ही शिकस्त दी। दुनिया की नंबर एक बेल्जियम की टीम हालांकि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी लेकिन इसके बावजूद स्काटलैंड को हराने में सफल रही। ग्रुप आई में बेल्जियम की छह मैचों में यह छठी जीत है। अन्य मैचों में ग्रुप ई में क्रोएशिया को बाकू में अजरबेजान ने 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि स्लोवाकिया ने बुडापेस्ट में हंगरी को 2-1 से हराया।

## खराब मौसम में खेल को स्थगित करने का सुझाव

# क्रिकेट में 'गर्मी से जुड़े नियम' लागू करने का सुझाव

एजेंसी ⏭ लंदन

जलवायु परिवर्तन को देखते हुए क्रिकेट में 'गर्मी से जुड़े नियम' लागू करने के सुझाव के साथ एक शोध जारी किया गया है जिसमें खराब मौसम में खेल को स्थगित करने का सुझाव दिया गया है।

■ खेल शोधाकर्ताओं और पर्यावरण शिक्षाविदों ने इस शोध को जारी किया

खेल शोधाकर्ताओं और पर्यावरण शिक्षाविदों के इस शोध को मंगलवार को जारी किया गया। ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल स्पोर्ट और दो विश्वविद्यालयों द्वारा मिलकर किए शोध के आधार पर यह सुझाव दिया गया है। इसमें युवा खिलाड़ियों पर अधिक ध्यान देने को कहा गया है और साथ ही खेल सामग्री बनाने वाली कंपनियों को ऐसी सामग्री बनाने को कहा गया है जिसमें हवा बेहतर तरीके से गुजर सके क्योंकि बेहद गर्म मौसम अब अधिक स्थानों पर देखा जा रहा है।

'हिट फोर सिक्स' नाम की इस रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि किस तरह भारत और आस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट खेलने वाले देशों में खराब मौसम का असर पड़ रहा है जिसमें सूखा, लू और तूफान जैसे मुश्किल मौसम का जिक्र है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण इस तरह के मौसम सामान्य होते जा रहे हैं।



### मैचों पर जलवायु का ऐसा असर

इसमें बताया गया कि है कि गर्मी के कारण आस्ट्रेलिया में आयु वर्ग के मैचों पर असर पड़ा, पानी की कमी के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरा प्रभावित हुआ और बाढ़ के कारण इंग्लैंड में क्रिकेट सत्र में विलंब हुआ। इस शोध के लेखकों के मुताबिक जलवायु परिवर्तन बल्लेबाजों और विकेटकीपर के खेल को प्रभावित कर रहा है और उनका प्रदर्शन खराब हो रहा है। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय में शरीर विज्ञान के प्रोफेसर और इस शोध के लेखकों में शामिल माइक टिपटोन ने कहा, '35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान होने पर शरीर खुद को ठंडा करना बंद कर देता है। बल्लेबाजों और विकेटकीपर के लिए यह मुश्किल स्थिति होती है। बचाव उपकरण के कारण पसीना निकलने का भी असर सीमित हो जाता है।'

## बायकाट और स्ट्रास को मिला नाइटहुड सम्मान

एजेंसी ⏭ लंदन

इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटरों ज्योफ्री बायकाट और एंड्रयू स्ट्रास को टेरेजा मे ने इस्तीफे के साथ अपनी सम्मान सूची में नाइटहुड के लिए शामिल किया है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ शानदार करियर के बाद खेल के प्रति सेवाओं के लिए बायकाट और स्ट्रास को यह सम्मान मिला है।



इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी टाम हैरिसन ने बयान में कहा, 'हमें इससे अधिक खुशी नहीं हो सकती कि सर एंड्रयू स्ट्रास खेल के अन्य दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होंगे जिन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए नाइटहुड दी गई। सर ज्योफ्री बायकाट को भी तहेदिल से बधाई, क्रिकेट में लंबे करियर और खेल के प्रति जुनूनी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।' बायकाट ने इंग्लैंड की ओर से 1964 से 1982 के बीच टेस्ट क्रिकेट में 47 .72 की औसत से 8114 रन बनाए। इंग्लैंड और मिडलसेक्स के पूर्व बल्लेबाज स्ट्रास ने 2004 से 2012 के बीच 100 टेस्ट में 7037 रन बनाए। स्ट्रास की अगुआई में इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2009 और 2010-11 में एशेज श्रृंखला जीती।

खबर संक्षेप

### ट्रंप ने भारतीय मूल के अमेरिकी को बनाया जज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक भारतीय अमेरिकी को फ्लोरिडा में संघीय न्यायाधीश नामित किया है। अनुराग सिंघल उन 17 न्यायाधीशों में शामिल हैं जिनके नाम व्हाइट हाउस ने सीनेट को भेजे हैं। अगर उनके नाम को सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो वह जेम्स आई. कोहन का स्थान लेंगे। सिंघल फ्लोरिडा में इस पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय अमेरिकी हैं। उनके नाम पर सहमति के लिए सीनेट की ज्यूडीशियरी कमेटी में बुधवार को सुनवाई होनी है। फिलहाल वह फ्लोरिडा में 17वें सर्किट कोर्ट में पदस्थापित हैं। वह इस पद पर 2011 से हैं।

### ब्रिटेन की संसद ने जॉनसन के चुनाव कराने के प्रस्ताव को किया खारिज

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को एक और करार झटका देते हुए मध्यावधि चुनाव कराने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है। इससे पहले भी सदन ब्रेक्जिट पर उनकी तीन योजनाओं को खारिज कर चुका है। संसद में इस मामले में मतदान हुआ जहां सांसदों ने जॉनसन के प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। इसके बाद संसद पांच सप्ताह के लिए स्थगित हो गई। ब्रिटेन की संसद अब 14 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी। वहीं यूरोपियन संघ की बैठक 17 और 18 अक्टूबर को होनी है, जिसमें जॉनसन को ब्रेक्जिट पर कोई नया तोड़ निकलने की उम्मीद है।

### इराक के शिया धार्मिक स्थल पर भगदड़, 16 लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक में शिया मुस्लिमों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल कर्बला में अशूरा के मौके पर मंगलवार को हुई भगदड़ में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता सैल अल बदर ने कहा कि राजधानी बगदाद से 100 किलोमीटर दक्षिण स्थित कर्बला में हुए हादसे में 75 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हताहतों की यह संख्या अंतिम नहीं है। हाल के वर्षों में अशूरा के मौके पर भगदड़ की यह बड़ी घटना है। अशूरा पैगंबर मुहम्मद के नवासे हुसैन की कर्बला में शहादत की याद में मनाया जाता है और पुरी दुनिया से शिया मतावलंबी कर्बला आते हैं।

एक आधिकारिक दस्तावेज से मिली है जानकारी

# भारत ने सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए 130 अरब डॉलर की योजना तैयार की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने सैन्य बलों के आधुनिकीकरण और क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वियों के प्रति उनकी लड़ाकू क्षमता बढाने के लिए अगले पांच से सात साल में 130 अरब डॉलर खर्च करने का खाका तैयार किया है। इस बारे में एक आधिकारिक दस्तावेज से जानकारी मिली है और सैन्य सूत्रों ने बताया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न हथियारों, मिसाइलों, वायु रक्षा प्रणाली, लड़ाकू विमानों, पनडुब्बी और युद्धपोत, ड्रोन, निगरानी उपकरण की खरीदारी और कृत्रिम बुद्धिमता के व्यापक इस्तेमाल के लिए संरचना विकसित किये जाने हैं। पिछले 10-15 साल में जीडीपी की तुलना में भारत का खर्च अपेक्षाकृत स्थिर रहा है, लेकिन इसी अवधि में चीन ने रक्षा बजट में जबरदस्त बढोतरी की है। आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया कि सरकार सभी सशस्त्र बलों के लिए अगले पांच-सात वर्षों में बेड़े के आधुनिकीकरण पर 130 अरब डॉलर खर्च करेगी। विभिन्न सैन्य सूत्रों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य क्षमता बढ़ाने में निवेश करना है ताकि सैन्य बल चीन या पाकिस्तान से किसी भी मुमकिन खतरे से असरदार तरीके से निपट सकें। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) पद बनाने के लंबित प्रस्ताव को मंजूरी देने की घोषणा की थी। सूत्रों ने बताया कि तीनों बलों में आधुनिकीकरण अभियान को लागू करने में सीडीएस महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि बाह्य अंतरिक्ष में भारत को सैन्य ताकत के रूप में स्थापित करना योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार की प्राथमिकता भारतीय सेना के लिए 2600 इनफैन्ट्री कॉम्बैट वाहनों, 1700 फ्यूचर रेडी कॉम्बैट वाहनों और वायु सेना के लिए 110 बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमानों की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने सहित लंबित प्रस्तावों को लेकर है। एक सूत्र ने बताया कि इनफैन्ट्री का आधुनिकीकरण महत्वपूर्ण विषय है। सूत्रों ने बताया कि सरकार इससे वाकिफ है कि चीन अपनी वायु और नौसैन्य क्षमता में इजाफा कर रहा है। भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की क्षमता प्रतिद्वंद्वियों की तरह मजबूत करने का लक्ष्य है।


इस योजना के तहत विभिन्न हथियारों, मिसाइलों, वायु रक्षा प्रणाली, लड़ाकू विमानों, पनडुब्बी और युद्धपोत, ड्रोन, निगरानी उपकरण की खरीदारी और कृत्रिम बुद्धिमता के व्यापक इस्तेमाल के लिए संरचना विकसित किये जाने है।

- पिछले 10-15 साल में जीडीपी की तुलना में भारत का खर्च अपेक्षाकृत स्थिर रहा है, लेकिन इसी अवधि में चीन ने रक्षा बजट में जबरदस्त बढोतरी की
- सरकार का लक्ष्य क्षमता बढ़ाने में निवेश करना है ताकि सैन्य बल चीन या पाकिस्तान से किसी भी मुमकिन खतरे से असरदार तरीके से निपट सकें

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा

## तालिबान के साथ अफगान शांति वार्ता का अंत हो गया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि तालिबान के साथ लंबे समय से चल रही अफगानिस्तान शांति वार्ता का अंत हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पिछले चार दिनों में तालिबान पर जितने कठोर प्रहार किए हैं उतने पिछले 10 वर्षों में नहीं किए गए। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि उसका (तालिबान के साथ वार्ता) अंत हो चुका है। जहां तक मेरा सवाल है, वह समाप्त हो चुकी है। ट्रम्प ने शनिवार को यह कह कर दुनिया को सकते में डाल दिया था कि उन्होंने तालिबान और अफगानिस्तान के नेताओं के साथ 'कैम्प डेविड' में होने वाली गोपनीय बैठक रद्द कर दी है। अमेरिका ने यह कदम काबुल में पिछले सप्ताह हुए हमले की जिम्मेदारी तालिबान द्वारा लेने के बाद उठाया है। इस हमले में अमेरिका का एक सैनिक भी मारा गया था। वार्ता रद्द करने के फैसले के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि उन्होंने (तालिबान) सोचा कि बातचीत में खुद को बेहतर स्थिति पर रखने के लिए उन्हें लोगों को मारना होगा।

- बोले- अमेरिका ने पिछले चार दिनों में तालिबान पर जितने कठोर प्रहार किए हैं उतने पिछले 10 वर्षों में नहीं किए गए

### चीन ने शांति वार्ता जारी रखने का किया आह्वान

**बीजिंग।** अफगान शांति वार्ता को जारी रखने का आह्वान करते हुए चीन ने मंगलवार को अमेरिका तथा तालिबान दोनों से आग्रह किया कि वे अफगानिस्तान में शांति का मार्ग प्रशस्त करें। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत बंद हो चुकी है। ट्रंप ने शनिवार को तालिबान एवं अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के बीच वाशिंगटन के निकट कैंप डेविड में होने वाली गुप्त बैठक के रद्द होने की घोषणा की थी। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पिछले हफ्ते हुए विस्फोट की जिम्मेदारी तालिबान ने ली थी। इसके बाद बैठक रद्द होने का यह ऐलान किया गया।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

## इमरान की पार्टी के पूर्व विधायक बलदेव ने भारत में ली शरण



- कुछ महीने पहले उन्होंने अपने परिवार को पहले ही भारत भेज दिया था

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की बदतर हालत का एक और सबूत सामने आया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के पूर्व विधायक बलदेव कुमार को अपने परिवार समेत जान बचाकर भारत में आना पड़ा। उन्होंने भारत में राजनीतिक शरण की मांग की है। बलदेव खैबर पख्तून ख्वा (केपीके) विधानसभा में बारीकोट (आरक्षित) सीट से विधायक रहे हैं। बता दें कि बलदेव (43) पिछले महीने खन्ना पहुंचे। इसके कुछ महीने पहले उन्होंने अपने परिवार को पहले ही यहां भेज दिया था। बलदेव अब वापस नहीं लौटना चाहते। वह भारत में शरण के लिए जल्द ही आवेदन करेंगे। बलदेव का कहना है कि अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान में अत्याचार हो रहे हैं। हिंदू और सिख नेताओं की हत्याएं की जा रही हैं। बलदेव कुमार सिंह ने कहा कि इमरान खान अपने वादों पर खरे नहीं उतरे हैं, मैं वहां सुरक्षित नहीं था. सिर्फ मुझपर नहीं बल्कि सभी हिंदू और सिखों पर भी वहां खतरा बना हुआ है।

## जयशंकर ने की सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात



**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री हेंग स्वे केट से मंगलवार को मुलाकात की और दोनों नेताओं ने 'नये भारत' द्वारा मुहैया कराए जा रहे अवसरों के जरिए संबंधों के नए आयामों पर चर्चा की। जयशंकर सिंगापुर की यात्रा पर यहां आए हैं। केट के साथ मुलाकात के दौरान उनके साथ नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री हरदीप एस पुरी भी थे। केट सिंगापुर के वित्त मंत्री भी हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया कि मंत्री हरदीप एस पुरी के साथ मिलकर उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री हेंग स्वे केट के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की। 'नये भारत' द्वारा मुहैया कराए जा रहे अवसरों को तलाशने के लिए भारत-सिंगापुर के एजेंडे को पुनः ताजा करने पर चर्चा की। जयशंकर ने सिंगापुर के रक्षा मंत्री एन एंग हेन से भी मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया कि रक्षा मंत्री एन एंग हेन के साथ बैठक की।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी। एक सप्ताह तक चलने वाला यह कार्यक्रम 14 सितम्बर से शुरू होकर 20 सितम्बर तक चलेगा। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से तय किया गया है कि इस मौके पर अस्पतालों में जाकर लोगों के लिए अच्छे लेखों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा देश के सभी जिलों में 10-10 दिव्यांग लोगों से मुलाकात भेंट की जाएगी। प्रधानमंत्री के आह्वान की सफलता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर लोगों के बीच जारूकता पैदा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी लगातार पर्यावरण,जल व प्लास्टिक के सिंगल इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं।

### घर लौटे...



अमेरिका से कैंसर का इलाज करा कर पत्नी नीतू के साथ मुंबई लौटे ऋषि कपूर।

### एअर इंडिया ने सिडनी में कम ईंधन के मुद्दे पर परिचालन निदेशक की उड़ान ड्यूटी पर लगाई रोक



**मुंबई।** एअर इंडिया ने अपने परिचालन निदेशक अमिताभ सिंह को अस्थायी तौर पर उड़ान ड्यूटी से हटा दिया है। इसकी वजह पिछले हफ्ते सिडनी में उड़ान के दौरान कम ईंधन की स्थिति के बारे में अनिवार्य जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को देने में उनका विफल रहना है। भारतीय नियमों के अनुसार किसी भी संबंधित पायलट को कुछ घटनाओं के बारे में डीजीसीए को जानकारी देना अनिवार्य है। इसमें किसी उड़ान के दौरान कम ईंधन की स्थिति का होना भी शामिल है।

### तूफान की वजह से तोक्यो हवाई अड्डे पर फंसे 17,000 यात्री

**तोक्यो।** जापान की राजधानी तोक्यो व उसके आसपास आये शक्तिशाली तूफान ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचायी। तूफान के कारण यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ और तोक्यो के नरीता हवाई अड्डे पर लगभग 17,000 यात्री रात भर फंसे रहे। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि तूफान की वजह से 100 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा क्योंकि हवाई अड्डे से सड़क और रेल संपर्क भी बुरी तरह से प्रभावित हुए। हवाई अड्डे के प्रवक्ता केई मियाहारा ने बताया कि आधी रात को हवाई अड्डे पर कुल 16,900 लोग फंसे हुए थे। मियाहारा ने बताया, "यात्री अब घर या अपने-अपने गंतव्यों पर जाने लगे हैं क्योंकि बसों और ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो गयी है।" तोक्यो के पूर्व में स्थित चिबा का नरीता हवाई अड्डा टायफून फैक्शई की चपेट में आ गया जिससे विमानों का संचालन काफी प्रभावित हुआ। हवा की रफ्तार 207 किलोमीटर प्रति घंटे तक थी।

### उद्घाटन...



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के उनके समकक्ष के पी शर्मा ओली ने मंगलवार को वीडियो लिंक के जरिये मोतिहारी से अमलेखगंज तक की पेट्रोलियम पाइपलाइन का उद्घाटन किया।

## अमेजन के जंगलों में वायु प्रदूषण काफी बढ़ाः यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी



**रियो डी जिनेरियो।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने उपग्रह द्वारा ली गई तस्वीरें सोमवार को जारी की जिनमें दिख रहा है कि ब्राजील के अमेजन में पिछले महीने आग लगने से उस क्षेत्र में वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया है। पिछले महीने की तुलना में अगस्त में कई मानचित्रों में अधिक कार्बन मोनोऑक्साइड और अन्य प्रदूषक दिख रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि आग के कारण काफी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड निकला जो अमेजन के जंगलों के वातावरण में फैल गया है। इससे वैश्विक जलवायु और स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। ब्राजील के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस रिसर्च के आंकड़ों से पता चला है कि इस साल अब तक ब्राजील में आग लगने की संख्या 1,00,000 से अधिक हो गई है जो 2018 की इसी अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है।




सीडीएस को लेकर रक्षा मंत्रालय में तेज हुई कवायद

## कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में गठित की गई उच्चस्तरीय समिति, 6 सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से की गई चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के पद के गठन की घोषणा को रक्षा मंत्रालय ने तेजी से धरातल पर साकार करने की कवायदें शुरु कर दी हैं। जिसके तहत कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन कर उसे छह सप्ताह में उक्त विषय से जुड़ी हुई तमाम जरुरी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि आने वाले वक्त में यही समिति सीडीएस से जुड़े हुए तमाम विषयों, बाधाओं और चुनौतियों का गहन अध्ययन और विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगी। जिसके बाद भावी कार्रवाई से जुड़े हुए ब्लू प्रिंट की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

#### समिति का ढांचा

सूत्रों ने यह भी कहा कि इस समिति में कैबिनेट सचिव के अलावा रक्षा सचिव डा अजय कुमार, चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस.राजेश्वर और सशस्त्र सेनाओं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को बतौर प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया है। सीडीएस गठन को लेकर उक्त समिति के विचार-विमर्श से जुड़े हुए कोर विषयों में त्रिस्तरीय इंटेलीजेंस, लॉजिसटिक्स, एवीएशन, कम्युनिकेशन और युद्ध रणनीति मुख्य हैं।

#### दो दशक पुरानी मांग

देश में सीडीएस के गठन की मांग करीब दो दशक पुरानी है। वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के बाद इसके लिए एक समिति का गठन किया गया था। जिसने तीनों सेनाओं के बीच किसी भी परिस्थिति में सैन्य स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए सीडीएस की आवश्यकता पर जोर दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि यह रक्षा मंत्रालय के लिए सिंगल प्वाइंट मिलिट्री एडवाइजर होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109